राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 125
लखनऊ, सोमवार 05 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सात से लखनऊ दर्शन के लिए चलेगी डबल डेकर सिटी बस : जयवीर सिंह 03

प्रशासन की व्यवस्था पर जूना अखाड़ा ने उठाए कई सवाल 10

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,36,350/ |
| 22 कैरेट | = 1,25,000/ |
| 18 कैरेट | = 1,02,300/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 2,42,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में पंचकोशी परिक्रमा आज से

**प्रयागराज।** प्रयागराज पंचकोशी परिक्रमा पांच जनवरी से शुरू होगी। यह परिक्रमा प्रयागराज मेला प्राधिकरण एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में निकाली जाएगी। पंचकोशी परिक्रमा के आयोजन से पूर्व जूना अखाड़ा के महामंत्री महंत हरी गिरि जी महाराज रविवार को अन्य कई संत-महात्माओं के साथ मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीश वर्मा, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजयपाल शर्मा, मेला अधिकारी ऋषिराज, मेला पुलिस अधिकारी, नीरज पांडेय समेत अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से भेंट कर उन्हें इस पावन आयोजन में आमंत्रित किया।

### मोदी 17 को पहुंचेंगे गुवाहाटी बागुरुम्बा नृत्य से होंगे रूबरू

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में 17 जनवरी को पारंपरिक बागुरुम्बा नृत्य का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस आयोजन की तैयारियां चिरांग जिले में जोर-शोर से चल रही हैं। काजलगांव और बिजनी क्षेत्रों से करीब 600 नर्तक कलाकार इस विशेष प्रस्तुति के लिए लगातार अभ्यास में जुटे हुए हैं। कलाकार समन्वित और आकर्षक प्रस्तुति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### डीएमके सबसे भ्रष्ट पार्टी, सत्ता से हटाकर ही रहेंगे : शाह

**पुदुक्कोट्टई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि तमिलनाडु राज्य में अच्छा जन-शासन देना आवश्यक है। इसलिए इस बार आगामी विधानसभा चुनाव में द्रविड् मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पार्टी को सत्ता से हटाना होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पुदुकोट्टई पुदुकोट्टई जिले के पॉलन नगर पल्लीटिवल्ल में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन की यात्रा के समापन पर आयोजित किया गया था। समापन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि तमिल भाषा में बात न कर पाने के लिए क्षमा चाहता हूँ। मोदी की अगुवाई में हम टीम बनाएंगे।

### थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र यूएई व श्रीलंका के दौरे पर

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और श्रीलंका के दौरे पर गए हैं। उनका यह दौरा भारत के मित्र देशों के साथ रक्षा सहयोग और सेना के बीच संबंधों को मजबूत करने के लगातार प्रयासों का हिस्सा है। इस दौरे का मकसद दोनों देशों की सेनाओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग, व्यावसायिक सैन्य आदान-प्रदान और रणनीतिक समझ को और बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री ने वाराणसी में 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का वर्चुअल उद्घाटन करते हुए कहा

# वर्तमान में खेल क्षेत्र में हुए बड़े सुधार

**देश का हर सेक्टर रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार : पीएम मोदी**

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद भारत का खेल मॉडल एथलीट-केंद्रित हुआ है। टैलेंट की वैज्ञानिक पहचान, आधुनिक प्रशिक्षण, पोषण और पारदर्शी चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिला है। आज देश का हर सेक्टर रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है और स्पोर्ट्स सेक्टर में भी बड़े रिफॉर्म्स हो रहे हैं। नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस एक्ट और खेलो भारत नीति 2025 जैसे प्रावधानों से सही टैलेंट को अवसर मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आयोजित 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का वर्चुअली उद्घाटन करने के बादसंबोधित कर रह थे। स्थानीय डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित समारोह में रविवार को एक हजार से अधिक खिलाड़ियों, उनके कोच को वर्चुअली संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2014 से विभिन्न खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है और उन्हें जेन-जेड खिलाड़ियों को मैदान पर तिरंगा फहराते देखकर गर्व महसूस होता है। खिलाड़ियों और कोच का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब केवल विकास का नहीं, बल्कि खेलों का भी वैश्विक केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल साधारण खेल नहीं है। यह संतुलन और सहयोग का खेल है। इसमें संकल्प शक्ति भी दिखती है। वॉलीबॉल हमें टीम स्पिरिट से जोड़ती है। हर खिलाड़ी का मंत्र होता है टीम फर्स्ट। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक कहावत है-बनारस के जानल चाहत हउआ, त बनारस आवे के पड़ी अब आप सभी बनारस आ गए हैं, तो यहां की संस्कृति को भी करीब से समझेंगे। उन्होंने कहा कि बनारस ने हमेशा खेल जगत को बेहतरीन खिलाड़ी दिए हैं। उन्होंने कहा कि काशी ने हजारों वर्षों से उन सभी का सत्कार किया है जो ज्ञान और कला की साधना के लिए यहां आते हैं। यह खेल प्रेमियों का शहर है, जहां कुश्ती, मुक्केबाजी, नौका दौड़, कबड्डी जैसे कई खेल प्रसिद्ध हैं। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा



**बड़े आयोजनों ने वाराणसी को दी नई पहचान**

2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत गंभीरता से प्रयास कर रहा है, ताकि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल अवसंरचना में हुए बदलाव का लाभ काशी को भी मिला है। आधुनिक स्टेडियम और बड़े आयोजनों ने वाराणसी को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दी है। पहले जी-20 बैठक, प्रवासी भारतीय सम्मेलन और अब नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप होने से काशी लगातार बड़े आयोजनों का केंद्र बन रही है।

**समन्वय, विश्वास व टीम भावना से ही मिलती है सफलता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वॉलीबॉल हमें सिखाती है कि जीत अकेले संभव नहीं होती, बल्कि समन्वय, विश्वास और टीम भावना से ही सफलता मिलती है। वॉलीबॉल में बॉल को हर हाल में ऊपर रखना ही इसका मंत्र है। यह खेल सिखाता है कि हर खिलाड़ी की भूमिका अहम होती है और सफलता तभी मिलती है, जब सभी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने कहा कि भारत की विकास यात्रा भी इसी भावना से आगे बढ़ रही है-स्वच्छता अभियान से लेकर डिजिटल भुगतान तक, 'मेक इन इंडिया' से लेकर विकसित भारत के लक्ष्य तक। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा देश भी इसी भाव से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान नहीं होता। वर्षों की मेहनत, अनुशासन और संकल्प के बाद खिलाड़ी इस मंच तक पहुंचते हैं। अब काशी के मैदान पर उनकी तपस्या की परीक्षा होगी। उन्होंने चैंपियनशिप में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के 28 से अधिक राज्यों की टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जो 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की सजीव तस्वीर प्रस्तुत करती हैं।

**यह आयोजन काशी व उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण : योगी**

**कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी शासन की योजनाओं का लाभ लेकर बन रहा आत्मनिर्भर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल संबोधन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन काशी और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े ग्यारह वर्षों में देश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी प्राचीन विरासत के साथ आधुनिक विकास का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिस पर आज हर भारतवासी गर्व कर रहा है। खेल केवल समय बिताने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। भारतीय मनीषा प्राचीन काल से ही यह सिखाती आई है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और सफल जीवन का वास होता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए 'खेलो इंडिया', 'फिट इंडिया मूवमेंट', सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक खेल अवसंरचना ने खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री ने चैंपियनशिप का विधिवत् उद्घाटन करने के बाद खिलाड़ियों एवं भारी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के विभिन्न खेल प्रभागों का अवलोकन किया व शूटिंग रेंज में मौजूद खिलाड़ियों से वार्ता भी की।

# लखनऊ में अगले तीन दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रविवार सुबह कोहरे का असर कम रहा लेकिन गलन बढ़ी हुई है। उत्तर प्रदेश में भीषण ठंड का प्रकोप जारी है और लखनऊ में अगले 3 दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, शनिवार को लखनऊ का औसतन एक्यूआई 110 दर्ज किया गया। यह इस सीजन का 1 नवंबर के बाद सबसे कम दर्ज हुआ। लखनऊ में तड़के दृश्यता 500 मीटर रही। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 17 से 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शनिवार को अधिकतम तापमान 16.9 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 3.2 डिग्री कम था। वहीं, न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3.6 डिग्री ज्यादा रहा।

**कड़ाके की ठंड : 14 जनवरी तक प्राइमरी स्कूलों में छुट्टी**

उत्तर प्रदेश में भीषण शीतलहर और जानलेवा कोहरे के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी स्कूलों को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश के सभी बोर्डों के कक्षा 12वीं तक के स्कूल अब 5 जनवरी तक बंद रहेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने छोटे बच्चों के लिए विंटर वेकेशन को और अधिक विस्तार दिया है। विभाग के जारी आधिकारिक कैलेंडर के मुताबिक कक्षा 1 से 8 तक के सभी स्कूल 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। सरकार के फैसले से लाखों छात्रों और उनके अभिभावकों को बड़ी राहत मिली है, जो कड़ाके की ठंड में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित थे। ज्ञातव्य है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में 5 जनवरी तक अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी की है।

### न्यायमूर्ति ए. मोहम्मद मुश्ताक बने सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**गंगटोक।** न्यायमूर्ति ए. मुहम्मद मुश्ताक ने सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली है। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने लोक भवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में सिक्किम उच्च न्यायालय के नव नियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. मुहम्मद मुश्ताक को पद की शपथ दिलाई। केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए. मुश्ताक ने सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद संभाल लिया है। वे न्यायमूर्ति विश्वनाथ सोमद्दर की जगह लेंगे।

## यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की प्री बोर्ड परीक्षाएं आठ जनवरी से

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने दसवीं व बारहवीं की प्रीबोर्ड परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी है। लखनऊ में यह परीक्षाएं 8 जनवरी से 22 तक होंगी जिसके लिए प्रश्नपत्र राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज से मिलेगा।

राजकीय, अशासकीय सहायत प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्री बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव की ओर से इन परीक्षाओं के आयोजन के लिए जनवरी के दूसरे सप्ताह का समय निर्धारित किया गया है। जिसे लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विद्यालयों को पत्र जारी करते हुए परीक्षाओं की समय सारणी और दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। प्रीबोर्ड की परीक्षा में गत वर्ष के बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार किए गए रिजर्व प्रश्नपत्रों के सेट का उपयोग किया जाएगा। लखनऊ में सभी विद्यालय इन प्रश्नपत्रों को 5 से 7 जनवरी के बीच राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज से प्राप्त करेंगे। इन परीक्षाओं का आयोजन एक पाली में किया जाएगा जो 11 बजे से 2.15 बजे तक सम्पन्न होगा।

### दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है, जिसमें राजधानी से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। सत्र 5 जनवरी से शुरू होकर 8 जनवरी तक चलेगा। चार दिनों तक चलने वाले इस सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिल सकती है। पुराना सचिवालय स्थित विधानसभा भवन एक बार फिर राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जनप्रतिनिधि दिल्ली की जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाएंगे। शीतकालीन सत्र होने के कारण सुरक्षा व प्रशासनिक तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

## टी-20 वर्ल्डकप खेलने भारत नहीं आएगा बांग्लादेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी। यह जानकारी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने दी। बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट कार्उसिल से अपनी टीम के मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की है। बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के आदेश पर आईपीएल से बाहर करने के बाद बीसीबी ने यह फैसला लिया है।

अब आईसीसी तय करेगा कि बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में होंगे या नहीं। यूनुस सरकार में खेल सलाहकार (खेल मंत्री) आसिफ नजरुल ने सोशल मीडिया पर भी इसकी जानकारी देते हुए बीसीबी के फैसले का स्वागत किया। टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। मैचों का शेड्यूल बदलना आसान नहीं है। सभी टीमों के टिकट पहले से बुक हैं। बांग्लादेश के ग्रुप स्टेज में सभी चार मुकाबले भारत में ही शेड्यूल हैं। तीन मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर और एक मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कहा, भारत में बांग्लादेशी प्लेयर्स की सुरक्षा को देखते हुए बोर्ड ने सरकार से सलाह लेने के बाद फैसला लिया है कि हमारी टीम वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी।



**बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के आदेश पर आईपीएल से बाहर करने के बाद बीसीबी ने लिया फैसला, बांग्लादेश ने आईसीसी से की अपनी टीम के मैच श्रीलंका में कराने की मांग**

# वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को तुरंत रिहा करे अमेरिका : चीन

**राष्ट्रपति को अगवा करना गलत, उत्तर कोरिया भी वेनेजुएला के समर्थन में**

एजेंसी

**काराकस।** चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है। दोनों इस समय अमेरिका की हिरासत में हैं। अमेरिकी सेना उन्हें कल वेनेजुएला की राजधानी काराकास से पकड़कर अमेरिका ले गई थी।

चीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। इससे पहले भी चीन ने अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है। अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था। इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा।



**वेनेजुएला में भारतीयों के लिए एडवाइजरी व हेल्पलाइन नंबर जारी**

**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में हालिया उथल-पुथल के मद्देनजर भारतीय विदेश मंत्रालय ने सभी भारतीय नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण यात्रा सलाह जारी की है। मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से अनुशंसा की है कि वेनेजुएला की कोई भी गैर-आवश्यक यात्रा टाल दी जाए, क्योंकि वहां की स्थिति अनिश्चित और जोखिम भरी बनी हुई है। वेनेजुएला में रह रहे या किसी कारणवश वहां मौजूद सभी भारतीयों को अत्यधिक सतर्क रहने, अपनी बाहर की गतिविधियों को न्यूनतम रखने और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने की सलाह दी गई है। साथ ही, उन्हें तुरंत राजधानी काराकस स्थित भारतीय दूतावास से नियमित संपर्क बनाए रखने को कहा गया है। यह सलाह अमेरिका द्वारा वेनेजुएला की राजधानी काराकस में किए गए बड़े पैमाने के सैन्य अभियान के बाद आई है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, दोनों पर नार्को-टेररिज्म और ड्रग तस्करी से जुड़े गंभीर आरोप हैं, जिनका सामना वे न्यूयॉर्क की अदालत में करेंगे। यह घटनाक्रम वेनेजुएला में राजनीतिक अस्थिरता को और बढ़ा सकता है, इसलिए भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह एडवाइजरी जारी की गई है। स्थिति पर नजर रखें और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत दूतावास से संपर्क करें।

### पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन ट्रायल छह व आठ को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर 8871419609 पर फोन कर या वेबसाइट के माध्यम चयन ट्रायल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## वायु सेना प्रमुख ने समय पर स्वदेशी हथियारों की आपूर्ति पर फिर दिया जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी की दो दिवसीय नेशनल सेमिनार 'एयरोनॉटिक्स 2047' रविवार को बेंगलुरु के सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स में शुरू हुई। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक बार फिर स्वदेशी हथियारों की समय पर आपूर्ति करने पर जोर दिया है।

उन्होंने एडीए को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस की उड़ान के 25 साल पूरे होने पर बधाई दी और आज के लगातार बदलते समय में वायु सेना को ऑपरेशनली तैयार रखने के लिए कहा। डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ. समीर वी कामत ने आयात पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशी तकनीक विकसित करने पर जोर दिया, जिससे विकसित भारत @2047 का विजन पूरा हो सके। आधुनिक एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी के अलग-अलग पहलुओं का अन्वेषण करना है, जिसमें अगली पीढ़ी के एयरक्राफ्ट के लिए विनिर्माण और संयोजन, डिजिटल विनिर्माण, एरोडायनामिक्स, प्रोपल्शन टेक्नोलॉजी आदि पर ध्यान केंद्रित किया जाना है।



# अब टोल प्लाजा पर यूपीआई से होगा भुगतान बिना फास्टैग वाहन चालकों को मिलेगी राहत

**एनएच-27 व एनएच-330ए पर यात्रियों की सुविधा बढ़ी, एनएचएआई ने शुरु की नई जन-उपयोगी पहल**

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** अयोध्या के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों के लिए नई सुविधाओं की शुरुआत ने सफर को और अधिक सुगम, सुरक्षित तथा डिजिटल बना दिया है।

डबल इंजन की सरकार में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने एनएच-27 रामसनेही घाट से गोरखपुर तक का हिस्सा और एनएच-330ए जगदीशपुर से अयोध्या पर कई जन-उपयोगी पहल शुरू की है। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को बेहतर जानकारी, सुरक्षित ड्राइविंग और डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराना है। यह पहल डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करती है और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देती है। यात्रियों को अब किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए रुकना या पूछताछ करने की जरूरत नहीं रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर के दौरान यात्रियों को अक्सर परियोजना की स्थिति, आपातकालीन संपर्क या अन्य सुविधाओं की जानकारी नहीं मिल पाती। इस समस्या को दूर करने के लिए एनएचएआई ने हाईवे के किनारे वर्टिकल क्यूआर कोड साइनबोर्ड लगाने का निर्णय लिया। ये बोर्ड प्रमुख स्थानों जैसे टोल प्लाजा, विश्राम स्थल, ट्रक पार्किंग, वेजसाइड एमेनिटी, हाईवे के शुरू/समाप्ति बिंदु आदि पर लगाए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग का नंबर और चेनेज,परियोजना की लंबाई, निर्माण एवं रखरखाव की अवधि हाईवे पेट्रोल, टोल मैनेजर, रेजिडेंट इंजीनियर तथा प्रोजेक्ट मैनेजर के संपर्क नंबर, आपातकालीन हेल्पलाइन 1033 आदि की जानकारी मिलेगी।




**दूरदर्शी कदम**

**राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य के 1112 पदों पर होगी तैनाती**

# योगी सरकार चिकित्सा शिक्षा में देगी 12 सौ नौकरियों की सौगात

**कॉलेजों में आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता फॉर्मेसी के 11 पदों पर होगी भर्ती**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार ठोस और दूरदर्शी कदम उठा रही है। इसी कड़ी में वर्ष 2026 में राजकीय मेडिकल कॉलेजों में शिक्षण और तकनीकी पदों पर बड़े पैमाने पर भर्ती की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजकीय मेडिकल कॉलेज में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर करीब 1,200 से अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी की सौगात मिलेगी। योगी सरकार के इस कदम से न केवल युवाओं को रोजगार मिलेगा बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य शिक्षा व्यवस्था भी और मजबूत होगी। वहीं, योगी सरकार जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला/पुरुष) के नियुक्ति पत्रों का वितरण करेगी।



**मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन को केवल डिग्री देने तक ही सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे गुणवत्ता, शोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। पिछले पौने नौ वर्षों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। जहां पहले कुछ गिने-चुने जिलों तक मेडिकल शिक्षा सीमित थी, वहीं, आज लगभग हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो चुका है।**

**लोक सेवा आयोग के पास भेजा गया प्रस्ताव**

इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेजों में सहायक आचार्य, आचार्य एवं प्रवक्ता (फार्मेसी) के पदों का अधियाचन लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के माध्यम से चयन कराने के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेजों के करीब 12 सौ पदों क्रमशः सहायक आचार्य के 1,112 पदों, आचार्य के 44 पदों और प्रवक्ता (फार्मेसी) के 11 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नर्सिंग कैडर को सशक्त करने की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही लोक सेवा आयोग, प्रयागराज से चयनित 1,230 नर्सिंग अधिकारियों (महिला एवं पुरुष) को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इससे प्रदेश के सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### पूज्य स्वामी विष्णुदेवाचार्य जी महाराज ने रामलीला मैदान हुजूरपुर में विराट हिन्दू जन सम्मेलन में कहा

# भेदभाव छोड़कर राष्ट्रहित में संगठित होकर करें कार्य

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** रामलीला मैदान, हुजूरपुर में रविवार को विराट हिन्दू जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य स्वामी विष्णुदेवाचार्य जी महाराज ने की। सम्मेलन में जिला कार्यवाह भूपेन्द्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भारत के इतिहास में आए गुलामी के विभिन्न काल–शक, हूण, कुशाण, मुगल एवं अंग्रेज शासन–का उल्लेख करते हुए कहा कि बार-बार विघटनकारी प्रवृत्तियों के कारण देश को दासता झेलनी पड़ी।

उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिपादित पांच सामाजिक परिवर्तनों सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी/स्व आधारित जीवन और नागरिक कर्तव्यबोध/नागरिक कर्तव्य–पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा इन्हें वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। जिला कार्यवाह ने समाज से आपसी भेदभाव छोड़कर एकजुट रहने और राष्ट्रहित में संगठित होकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सशक्त, संगठित और जागरूक हिन्दू समाज ही राष्ट्र को परम वैभव तक ले जा सकता है।हिन्दू जन सम्मेलन में पूज्य स्वामी विष्णु देवाचार्य जी महाराज ने कहा कि जब-जब हिन्दू घटा है, तब-तब हिन्दू कटा है।उन्होंने चेताया कि इतिहास इसका साक्षी है कि जब हिन्दू समाज बिखरा, तब भारत के टुकड़े हुए। देश की एकता पर सबसे बड़ा प्रहार हिन्दू समाज को कमजोर करके किया गया। पूज्य महाराज ने कहा कि भारत की आत्मा हिन्दू है, और आज एक सुनियोजित षड्यंत्र के अंतर्गत हिन्दू को समाप्त कर भारत की आत्मा को मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। यह केवल किसी पंथ या परंपरा पर नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की चेतना पर हमला है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा– अब हिन्दू को ताकतवर रहना पड़ेगा,अब हिन्दू को सचेत रहना पड़ेगा,अब हिन्दू को जागरूक रहना पड़ेगा। पूज्य महाराज ने समाज को संकल्प दिलाते हुए कहा अब हम कटेंगे नहीं, अब हम बँटेंगे नहीं,जाति और पंथ के नाम पर विभाजन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जाति-पंथ में बँटा हिन्दू ही शत्रुओं का सबसे बड़ा हथियार रहा है। आज आवश्यकता है कि हम अपने मतभेदों से ऊपर उठकर एक हिन्दू - एक समाज - एक राष्ट्र के भाव से आगे बढ़ें।उद्बोधन के दौरान पूज्य महाराज ने श्रीराम और श्रीकृष्ण का स्मरण कर समाज को धर्म, मर्यादा और कर्म के पथ पर चलने का आवाहन किया।

उन्होंने कहा कि श्रीराम हमें मर्यादा, त्याग और राष्ट्रधर्म सिखाते हैं श्रीकृष्ण हमें कर्म, साहस और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देते हैं। हिन्दू समाज को शिक्षित, संगठित और आत्मनिर्भर बनाना ही इसका स्थायी समाधान है। उन्होंने कहा हमें टकराव नहीं चाहिए, हमें चेतना चाहिए। हमें हिंसा नहीं चाहिए, हमें संगठन चाहिए।जब समाज जागरूक होगा, तब कोई भी षड्यंत्र सफल नहीं होगा। पूज्य विष्णु देवाचार्य जी महाराज का यह उद्बोधन केवल भाषण नहीं, बल्कि हिन्दू समाज के लिए चेतावनी, संकल्प और दिशा था।

#### धर्मांतरण हिंदू समाज की जड़ों को कमजोर करने का प्रयास

पूज्य महाराज ने कहा कि बहराइच की धरती प्राचीन काल से हिन्दू संस्कृति, साधना और आस्था की पुण्यभूमि रही है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में यहाँ हिन्दू धार्मिक स्थलों के साथ अन्याय हुआ, उनके स्वरूप बदले गए और समाज को अपने ही इतिहास से दूर रखने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि जहाँ पहले हिन्दू आस्था से जुड़े स्थल रहे हों, वहाँ सत्य और इतिहास को सामने लाना समाज का दायित्व है। इतिहास को छिपाकर या तोड़–मरोड़कर किसी भी समाज को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। पूज्य विष्णु देवाचार्य जी महाराज ने बहराइच में धर्मांतरण की गतिविधियों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्धनता, अज्ञानता और सामाजिक कमजोरी का लाभ उठाकर किए जाने वाले धर्मांतरण हिन्दू समाज की जड़ों को कमजोर करने का प्रयास हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा यह कोई धार्मिक स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक षड्यंत्र का विषय है। प्रलोभन, दबाव और छल के माध्यम से किया गया धर्म परिवर्तन समाज की आत्मा पर प्रहार है।पूज्य महाराज ने कहा कि इस चुनौती का सामना उग्रता से नहीं, बल्कि जागरूकता, संगठन और आत्मबल से करना होगा।

## मोतीपुर में चला प्लास्टिक साफ-सफाई अभियान, आमजन को किया जागरूक



समृद्धि न्यूज

**मोतीपुर, बहराइच।** रविवार को सुबह 8 बजे अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन के आदेशानुसार थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत व्यापक प्लास्टिक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह एवं थानाध्यक्ष मोतीपुर आनंद कुमार चौरसिया द्वारा किया गया।

इस अवसर पर थाना स्तर पर कुल पांच टीमों का गठन कर सार्वजनिक स्थलों पर अभियान संचालित किया गया। अभियान के तहत मोतीपुर चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मोतीपुर, गूढ़ चौराहा, खंड विकास कार्यालय मिहींपुरवा तथा रेलवे क्रॉसिंग मिहींपुरवा सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर फैले प्लास्टिक कचरे की साफ-सफाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर उसका सुरक्षित निस्तारण कराया गया। साथ ही आमजनमानस को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण में सहयोग की अपील की गई। पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए गए इस अभियान से क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश गया और लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग कम करने के लिए प्रेरित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### आबकारी विभाग ने मारा छापा, शराब बनाने का उपकरण बरामद



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी एवं उपआबकारी आयुक्त, देवीपाटन प्रभार तथा जिला आबकारी अधिकारी गोडा के निर्देशन में जनपद के आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3 व 2,4 और प्रवर्तन 1 व 2 द्वारा संयुक्त रूप से जैतापुर, दुर्गागंज व दुल्लापुर माझा थाना नबाबगंज मुखबिर की सूचना पर आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 11भट्ठी व लगभग 200 ली0 अवैध कच्ची शराब व 5000 ध्रद्द लहन, शराब बनाने का उपकरण बरामद की गई, व लहन को मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओ के अंतर्गत 08 अभियोग जिनके नाम पप्पू पुत्र सुरेश, छेदी पुत्र श्रीराम, फागू पुत्र केशव राम, छोटे गब्बर पुत्र गोपी, बड़े गब्बर पुत्र स्वामीनाथन, राजकुमार पुत्र ननकू, लोटन पुत्र वकील व सतोष पुत्र रामकुमार पंजीकृत किया गया।

### पानी विपक्षियों ने किया जानलेवा हमला, घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम दामोदर पुरवा माधवपुर निवासी संत कुमार मिश्रा अपने भतीजे के साथ खेत में पानी भर रहा था।की विपक्षी श्रीभगवान मिश्रा,मिश्रीलाल,नन्हें लाल,वृज नन्दन एकराय होकर चाचा भतीजे पर जानलेवा हमला कर दिया।जिससे दोनों घायल हो गए,जानकारी के मुताबिक विपक्षी श्री भगवान मिश्रा ने भाला से वार किया।बचाव में पीड़ित के हाथ में भाला लगा।और भतीजे को लाठियों से मारापीटा और जान बचाकर भागने पर ईंट पत्थर से फेंक कर मारा,पीड़ित ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। पीड़ित का मेडिकल कराया जा रहा है और संबंधित के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

### पालतू मवेशी ने बुजुर्ग पर किया हमला, हालत गंभीर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** हुजूरपुर इलाके में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग पर पालतू भैंस ने हमला कर दिया। इस हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना हुजूरपुर थाना क्षेत्र के रेवलिया हाता ग्राम में हुई। राम हरण (60) अपनी पालतू भैंस को चारा खिलाने के लिए बांधने जा रहे थे, तभी भैंस ने उन पर सींग से हमला कर दिया। राम हरण की चीख सुनकर उनके बेटे जग्गू और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत जानवर को हटाया, जिससे बुजुर्ग की जान बच सकी। हमले में राम हरण के सिर में गंभीर घाव हो गया। परिजनों ने घायल राम हरण को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने बताया कि वृद्ध का इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत अब स्थिर बनी हुई है।

## बाबू जी के आदर्शों, सिद्धांतों व राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलने का लोगों ने लिया संकल्प

▸ कल्याण सिंह के जयंती पर आयोजित हुआ विशाल एवं भव्य सम्मेलन

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के तत्वाधान में राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण से सम्मानित श्रद्धेय बाबूजी स्व. कल्याण सिंह के जयंती के अवसर पर विधानसभा नानपारा के रामपुर धोबियाहार में एक विशाल एवं भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सौरभ सिंह,प्रदेश अध्यक्ष साहब सिंह राजपूत, बहराइच सांसद डॉ. आनंद कुमार गोंड, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं विधायक डिबाई चंद्रपाल सिंह रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष तथा भिलाई छत्तीसगढ़ की पूर्व महापौर नीता लोधी, प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व विधायक बबीना कृष्णपाल राजपूत, प्रदेश महामंत्री विधायक स्याना देवेंद्र सिंह लोधी, प्रदेश मंत्री नन्हे लाल लोधी, देवीपाटन मंडल अध्यक्ष अनिल लोधी, जिलाध्यक्ष सालिक राम लोधी, श्रावस्ती जिलाध्यक्ष विक्रम लोधी सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने श्रद्धेय बाबूजी जी के संघर्षमय जीवन, उनके राष्ट्रवादी विचारों, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा उत्तर प्रदेश के विकास में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रेखांकित करते हुए बाबू जी के आदर्शों, सिद्धांतो, एवं राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## स्वच्छता अभियान के तहत 84 टीमों ने शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में की सफाई

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के नेतृत्व में एक व्यापक सफाई एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। बहराइच पुलिस ने नगर पालिका, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों के सहयोग से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में इस अभियान का संचालन किया। अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों, सड़कों, पार्कों और अन्य चिह्नित स्थानों पर श्रमदान किया गया।

इस दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट की साफ-सफाई की गई और आम जनता को स्वच्छता अपनाने, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में थाना स्तर, पुलिस लाइन और कार्यालयों से गठित कुल 84 टीमों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक सिंह और नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी के साथ शहीद पार्क तथा



थाना कोतवाली नगर के पीछे आवासीय परिसर में स्वयं उपस्थित रहकर श्रमदान किया और स्वच्छता कार्यक्रम की अगुवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मरी माता मंदिर के पास के स्थलों पर श्रमदान कर परिसर को प्लास्टिक कचरा मुक्त किया। इसके अतिरिक्त, समस्त क्षेत्राधिकारियों और थाना प्रभारियों ने भी अपनी-अपनी टीमें बनाकर अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए। इस अभियान के माध्यम से बहराइच पुलिस ने आमजन को यह संदेश दिया कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए पुलिस, स्थानीय निकाय और आम नागरिकों की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है।

### कुत्तों ने दो मासूमों समेत तीन पर किया हमला

**बहराइच।** जिले के मोतीपुर इलाके में आवारा कुत्तों ने दो बच्चों सहित तीन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के लाठी-डंडे लेकर दौड़ने पर सभी की जान बच सकी। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से इन कुत्तों को पकड़ने की मांग की है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के जुगुनिया गांव में यह घटना हुई। घर के बाहर खेल रही तीन साल की बच्ची महक पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। उसकी चीख सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे, जिसके बाद महक की जान बच सकी। इसी दौरान, कुत्तों ने गांव में ही चार साल के कुलदीप और 50 वर्षीय रामराज पर भी हमला कर दिया। इस हमले में बच्ची महक गंभीर रूप से घायल हो गई। महक के परिजन उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, कुलदीप और रामराज का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में जारी है।

## ग्रेजुएट मेडिकल प्रेक्टिशनर एसोसिएशन के वार्षिक पद ग्रहण का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**बलरामपुर।** ग्रेजुएट मेडिकल प्रेक्टिशनर एसोसिएशन के वार्षिक पद ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें वर्ष 2026 के अध्यक्ष डॉक्टर ए के भट्ट सचिव डॉ विकास अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ ऋषि राज सिंह को संगठन के अध्यक्ष डॉ प्रांजल त्रिपाठी ने नए सत्र का कार्य भार ग्रहण कराया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉक्टर प्रांजल ने 2025 के वित्तीय वर्ष में किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी सदस्यों को दिया। कहा कि संगठन का गठन 1986 में किया गया था। डॉक्टर देवेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप कुमार वी डॉक्टर क पांडे ने संस्था की स्थापना किया था। समारोह में बच्चों



के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अनुषा गुप्ता, अतिक्षा सिंह, मारवी गुप्ता, अहमद आतिफ, शिक्षा श्रीवास्तव अर्पित त्रिपाठी आदि ने नृत्य गायन प्रस्तुत करने पर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 मे विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिताओ मे उपलब्धि प्राप्त करने वालो मे डॉ नेहा श्रीवास्तव, डा0 सौमित्र प्रकाश, डॉ शगुन सिंह, इंजीनियर अना खान, डॉ आरिश खान,अर्पिता त्रिपाठी, फरान कय्यूम, अनमया पांडेय, डा0 अनस खान, डॉ साकिब रहमान को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## गोपाल शरण सिंह चौथी बार बने सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** तेजवापुर ब्लाक सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की जिला शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन का नामांकन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय रहें।? प्रांतीय अध्यक्ष बसंतलाल गौतम व महामंत्री रामेंद्र कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में हुए इस नामांकन में सभी पांचों पदों पर छह पर्चे बिक्री हुए। जिसमें पांच पदों पर नामांकन पत्र दाखिल हुआ। संप्रेक्षक पद पर दो पर्चे बिके थे। जिसमें एक पर्चा समय पर दाखिल किया गया।

सुभाष चंद्र वर्मा द्वारा समय से पर्चा न दाखिल करने पर सभी पांचों पदों पर निर्वाचन अधिकारी राघवेंद्र तिवारी द्वारा नवनिर्वाचित निर्विरोध घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष गोपाल शरण सिंह, महामंत्री तरुण कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष अलीम अहमद,संगठन मंत्री तिलक राम वर्मा,

▸ महामंत्री तरुण, कोषाध्यक्ष अलीम, संगठन मंत्री तिलकराम, संप्रेक्षक संजय निर्विरोध घोषित

संप्रेक्षक सजय कुमार को निर्विरोध घोषित किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि निर्विरोध चुनाव संगठन की एकजुटता का प्रतीक है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती, एकता और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर चित्तौरा एडीओ पंचायत रामकुमार, देवी पाटन मंडल महामंत्री आनंद सिंह, पवन मिश्रा, रवि कुमार मिश्रा, अजय शुक्ला, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, रामू मिश्रा, उपेंद्र कुमार, प्रवेश कुमार, मूलचंद्र सिंह, रमेश कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

## केसीसी ऋण घोटाले का खुलासा, 25 किसानों पर मुकदमें के आदेश

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** भारतीय स्टेट बैंक की कर्नलगंज शाखा से जुड़े किसान क्रेडिट कार्ड ऋण प्रकरण में बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। न्यायालय ने बैंक अधिकारियों को कथित रूप से गुमराह कर दोबारा केसीसी ऋण लेने के आरोप में 25 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

हालांकि, इस पूरे मामले में बैंक शाखा के जिम्मेदार अधिकारियों, फील्ड ऑफिसरों और बिचौलियों की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बैंक प्रबंधक के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन चतुर्थ) महिमा चौधरी ने कोतवाली कर्नलगंज के प्रभारी निरीक्षक को 15 दिन के भीतर मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। शाखा प्रबंधक ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम छपरतल्ला निवासी शिव प्रसाद, भदैंया के पप्पू, नरायनपुर कला के अवध पाल सिंह और उनके भाई




#### फर्जी नोड्यूज प्रमाण पत्र से ऋण स्वीकृति का आरोप

सूत्रों के अनुसार, कई मामलों में बिना समुचित जांच के फर्जी नोड्यूज प्रमाण पत्र के आधार पर ऋण स्वीकृत कर दिए गए। इससे यह संदेह और गहरा गया है कि ऋण वितरण प्रक्रिया में बैंक के अंदरूनी तंत्र की भी अहम भूमिका रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता न होती, तो इस तरह बड़े पैमाने पर फर्जी शपथ पत्रों के आधार पर ऋण स्वीकृत होना संभव नहीं था।

उमाशंकर सिंह, धर्मपुर के राजेंद्र सिंह व उनकी पत्नी रामराजी, प्रतापपुर के राम प्रताप सिंह, उनकी पत्नी प्रभा देवी और छोटकू सहित कुल 25 किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

**गलत शपथ पत्र देकर दोबारा लिया ऋण, नहीं की अदायगी**

बैंक का आरोप है कि इन किसानों ने कथित रूप से गलत शपथ पत्र देकर दोबारा केसीसी ऋण प्राप्त किया और बाद में उसकी अदायगी नहीं की। मामला सामने आने के बाद बैंक प्रबंधन ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद पुलिस को जांच के आदेश दिए गए।

**मामला केवल किसानों तक सीमित नहीं?**

हालांकि, सूत्रों का कहना है कि यह प्रकरण केवल किसानों तक सीमित नहीं है। आरोप है कि बैंक शाखा के कुछ फील्ड ऑफिसर, शाखा प्रबंधन और दलालों की मिलीभगत से कमीशन लेकर फर्जी ऋण स्वीकृत किए गए। जानकारों का दावा है कि जो किसान कमीशन देने में सक्षम नहीं थे, उनके ऋण आवेदन महीनों तक लंबित रखे गए और अंततः उन्हें निरस्त दिखाकर परेशान किया गया।

#### निष्पक्ष जांच की मांग तेज

स्थानीय लोगों और बैंकिंग जानकारों का आरोप है कि बैंक के जिम्मेदार अधिकारी खुद को बचाने के लिए केवल किसानों को आरोपी बनाकर मुकदमा दर्ज करा रहे हैं, जबकि असली साजिशकर्ता—दलाल, फील्ड ऑफिसर और शाखा के जिम्मेदार अधिकारी—अब भी जांच के दायरे से बाहर हैं। ऐसे में निष्पक्ष और व्यापक जांच की मांग तेज हो गई है, ताकि किसानों के साथ–साथ पूरे केसीसी ऋण घोटाले से जुड़े सभी जिम्मेदारों तक कानून का शिकंजा पहुंच सके। अब देखना यह होगा कि पुलिस विवेचना में कार्रवाई केवल किसानों तक सीमित रहती है या फिर इस पूरे केसीसी ऋण घोटाले की परतें खोलते हुए बैंक तंत्र में बैठे जिम्मेदारों तक भी जांच पहुंचती है।

## नियमों की अनदेखी, स्कूल के पास चल रहा शराब का ठेका

समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** अबबकारी नियमों को ठेंगा दिखाकर स्कूल के ठीक सामने शराब के ठेके संचालित किए जा रहे हैं। कहीं स्कूल के तो कहीं बस अड्डे के ठीक सामने शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं। उधर से गुजरने वाली छात्राएं व महिलाएं छींटाकशी का शिकार भी होती हैं जिले में शिक्षण संस्थानों और शहर की सड़कों पर शराब का ठेका सारे नियमों को दरकिनार करके संचालित किया जा रहा है।

बताया जाता है कि नियमानुसार अस्पताल, बैंक, मंदिर, मस्जिद व अन्य धार्मिक स्थल, स्कूल और घनी आबादी के 100 मीटर दायरे तक शराब की दुकान नहीं खोली जा सकती है। इसके बावजूद रसूखदार दुकान संचालक आबकारी विभाग के सभी नियमों की धज्जियां उड़ाकर दुकान संचालित कर रहे हैं। यही नहीं गली-मोहल्लों से लेकर विद्यालयों और धार्मिक स्थलों के आसपास तक शराब की दुकानें खोल दी गईं हैं। दुकान




खोलने से पहले आसपास के लोगों से पूछा तक नहीं जाता है जबकि बिना नोटिस और लोगों की सहमति के बगैर शराब की दुकान नहीं खोली जा सकती है। बताया तो यह भी जाता है कि विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में शराब की दुकान नहीं खुल सकती हैं। मगर विभाग से सेटिंग-गेटिंग कर आम्बेडकर चौराहे पर सेंट थॉमस स्कूल से सटी चारदीवारी पर हाईवे मार्ग पर शराब की दुकान धड़ल्ले से चल रही है। यही हाल, जीआईसी विद्यालय का भी है। शहर के सबसे प्रतिष्ठित यूपी बोर्ड के जीआईसी स्कूल के मुख्यद्वार के ठीक सामने अंग्रेजी शराब की दुकान खोल दी गई है। सुबह दस बजे से ही इस दुकान पर नशेड़ियों का जमावड़ा हो जाता है। कई नशेड़ी तो ऐसे भी हैं, जो सुबह दुकान खुलते ही पहुंच जाते हैं और टल्ली होकर उधर से गुजरने वाली महिला व छात्राओं पर छींटाकशी करते देखे जाते हैं। यही हाल रोडवेज बस अड्डे के ठीक सामने वाले मॉडल शॉप का भी है। बताया जाता है कि अक्सर रात में पहुंचने वाली बस से उतरने वाली महिलाओं को भी नशेड़ियों की छींटाकशी का शिकार होना पड़ता है। होता यह है कि महिलाओं को अपने गंतव्य तक जाने के लिए बस अड्डे पर इंतजार करना पड़ता है, इस दौरान वहां मौजूद शराब के नशे में चूर लोग अनाप - शनाप बातें करने लगते हैं। कई बार इसकी शिकायत भी बगल में मौजूद पुलिस चौकी तक पहुंचती है, जिस पर पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत होता है। शहर के गुरुनानक चौराहे से बस अड्डे की तरफ बढ़ने पर फखरुद्दीन अली अहमद जीआईसी इंटर कॉलेज स्थित है। यहां के पूर्व प्रधानाचार्य शैलेश कुमार पटेल ने जिले के उच्च अधिकारियों को चिट्ठी लिखी है, जिसमें विद्यालय के सामने पटरी के किनारे संचालित हो रही शराब की दुकान को हटाने की मांग की गई थी।

**अभियान** | प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गोण्डा पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

# आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में तथा नववर्ष-2026 के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत रविवार की सुबह पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

उक्त अभियान के अंतर्गत गुरुनानक चौक से गुड्डूमल चौराहा होते हुए पीपल तिराहा, भरत मिलाप तिराहा से एकता चौक तक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा व्यापारी बन्धुओं एवं जनसहयोग से श्रमदान करते हुए सड़क किनारे, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में फैले प्लास्टिक कचरे की साफ-सफाई की गई। इस दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक को हटाकर उसका विधिवत निस्तारण किया गया।





पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उपस्थित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि आमजन को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए तथा स्वच्छता अपनाने, सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने एवं प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु जनसहयोग प्राप्त किया जाए। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा व्यापारी बंधुओं से संवाद करते हुए अपील की गई कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें, और अनुरोध किया कि अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, डस्टबिन का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु नगर पालिका को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। महोदय द्वारा जनमानस को संबोधित करते हुए कहा गया कि स्वच्छता केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें अपने आसपास उत्पन्न होने वाले कचरे की स्वयं साफ-सफाई कर उसका विधिवत निस्तारण करना चाहिए, जिससे स्वच्छता अभियान में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच एवं पुलिस-जनता के बीच विश्वास को भी सुदृढ़ करता है। इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। इसी प्रकार सभी क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने अपने सर्किल क्षेत्र में तथा समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने थाना क्षेत्रों में भी थाना कर्मियों के साथ सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित की गई। जनपद पुलिस का यह प्रयास स्वच्छ भारत अभियान, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा पूर्वी मनोज कुमार रावत, प्रशिक्षु आइपीएस श्री प्रदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर विवेक त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



# प्रखर हिंदूवादी राजनेता थे कल्याण सिंह, राम मंदिर के लिए छोड़ी थी सीएम की कुर्सी, पूरा मंत्रिमंडल लेकर गए थे अयोध्या

## बच्चों को पढ़ाते-पढ़ाते बन गए राजनीति के मास्टर, आज मनाई जाएगी जयंती, दो बार रहें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता रहे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती 5 जनवरी को है। राजनीतिक शख्सियत के रूप में उनके नाम कई रिकार्ड दर्ज हैं। राम मंदिर के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ने और जेल जाने का साहस भी वही दिखा सके। वे इस बात का भी उदाहरण हैं कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर भी व्यक्ति अपनी सूझबूझ, मेहनत और ईमानदारी से सत्ता के सर्वोच्च शिखर तक पहुंच सकता है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में बाबूजी के नाम से चर्चित कल्याण सिंह राजनीति में आने से पहले अपने गृह जनपद अलीगढ़ में शिक्षक थे। इसी अवधि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हो गए और यहीं बच्चों को पढ़ाते -पढ़ाते खुद राजनीति के भी मास्टर बन गए। वे 1967 से लेकर वर्ष 2002 तक दस बार विधायक रहे। वे मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद रहे।

प्रदेश के पूर्व सीएम कल्याण सिंह की राजनीतिक विरासत उनके बेटे राजवीर सिंह और पौत्र संदीप सिंह संभाल रहे हैं। राजवीर एटा से सांसद रह चुके हैं जबकि संदीप सिंह वर्तमान में योगी सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री हैं। पहले स्वास्थ्य मंत्री और फिर मुख्यमंत्री के रूप में कल्याण सिंह की प्रशासनिक कामकाज की सराहना की जाती है। उनके सख्त फैसलों से जनता के बीच कुशल प्रशासक की छवि बनी।

### कल्याण सिंह पहली बार बने मुख्यमंत्री

90 के दशक में मंडल कमंडल की राजनीति के बीच पिछड़े वर्ग लोधी जाति से आने वाले कल्याण सिंह का राजनीति में कद लगातार बढ़ता गया। राम मंदिर आंदोलन के कारण उनकी छवि एक राम भक्त की बन गई। वे गिरफ्तार भी हुए। 30 अक्टूबर 1990 में मुलायम सिंह यादव सरकार में जब अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलीं और तो पूरे देश में हिंदू एकजुट हो गया। भाजपा ने कल्याण सिंह के नेतृत्व में उग्र विधानसभा चुनाव लड़ा और पहली बार भारतीय जनता पार्टी को बहुमत मिलने पर सरकार बनी और कल्याण सिंह जून 1991 में मुख्यमंत्री बने। वे पूरे मंत्रिमंडल के साथ राम लला के दर्शन करने गए और राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया। वे कार्यकाल पूरा करते कि इसके पहले 6 दिसंबर 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिरा और उन्होंने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया था।

### भाजपा छोड़ी लेकिन फिर लौटे

राजनीति हमेशा एक जैसी नहीं रहती और उत्तर प्रदेश में सत्ता मिलने के बाद भाजपा में उठापटक शुरू हो गई। नेतृत्व के साथ विवादों के बाद उन्होंने भाजपा से अलग होकर अपनी पार्टी बनाई और सपा के सहयोग से निर्दलीय चुनाव लड़कर सांसद भी बने। कल्याण सिंह अपने लंबे राजनीतिक जीवन में अक्सर सुर्खियों में रहे। मस्जिद विध्वंस मामले में अदालत में लंबी सुनवाई चली। भाजपा नेतृत्व की सहमति के बाद वे फिर भाजपा में लौट आए। लेकिन वे पहले की तरह न तो प्रदेश की राजनीति में प्रभावी बन पाए और न ही वे भाजपा में पहले जैसा सम्मान ही हासिल कर पाए।

### एक नहीं कई सरकारें न्योछावर कर दूं

केंद्र सरकार द्वारा अपनी सरकार बर्खास्त कर दिए जाने पर उन्होंने कोई दुख व्यक्त नहीं बल्कि कहा कि वे राम लला के लिए एक–दो नहीं बल्कि कई सरकारें बलिदान करने में संकोच नहीं करेंगे। हालांकि इसके कुछ साल के अंतराल के बाद प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बनी और उन्होंने दूसरी बार सीएम पद की शपथ ली। सरकार गति पकड़ती लेकिन इसके पहले ही सत्ता और भाजपा में तरह–तरह के विवाद होने लगे और उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी।

### पहली बार राज्यपाल बने

भाजपा में घर वापसी करने के बाद 2014 के लोस चुनाव में उन्होंने बहुत मेहनत की। भाजपा को केंद्र में बहुमत मिला और केंद्र सरकार ने उन्हें 26 अगस्त 2014 को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया। उन्हें जनवरी 2015 में हिमाचल के राज्यपाल का भी अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। राज्यपाल का कार्यकाल पूरा होने के बाद सितंबर 2019 में लखनऊ लौटे व फिर से भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय हो गए।

## खबरें एक नजर में

### ग्राहक बनकर आया, 24 अंगूठियों के दो बॉक्स लेकर भागा चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में ज्वेलरी की दुकान से एक चोर अंगूठियों के 2 बॉक्स लेकर भाग गया। इन बॉक्स में 24 अंगूठियां थीं। चोर ग्राहक बनकर आया था। उसने ज्वेलर से एक–एक करके 4 डिब्बे मंगवाए। इसके बाद भी बोला और कुछ दिखाइए। इस पर ज्वेलर सभी डिब्बे काउंटर पर छोड़कर दुकान के अंदर वाले कमरे में चला गया। इसी बीच चोर कुर्सी से उठा। उसने काउंटर पर रखे डिब्बों में से 2 को खोल–खोलकर चेक किया। दोनों में सोने की छोटी–बड़ी अंगूठियां थीं। इसके बाद वह दोनों बॉक्स हाथों में लेकर भाग निकला। कुछ ही देर बाद ज्वेलर और डिब्बे लेकर दुकान के अंदर से बाहर आया, तब उसे चोरी का पता चला। मामला जानकीपुरम इलाके का है। जानकीपुरम इलाके में 60 फिटा रोड पर खुशी ज्वेलर्स है। यहां आज (रविवार) सुबह करीब 10.20 बजे चोरी हुई। एक युवक बाइक से ग्राहक बनकर पहुंचा। ज्वेलर से अंगूठी दिखाने के लिए बोला। इसके बाद पसंद न आने की बात कही। जब और अंगूठियां लेने के लिए ज्वेलर दुकान के अंदर गया, तभी मौका पाकर चोर दो डिब्बे लेकर भाग गया। उन डिब्बों में करीब 24 अंगूठियां रखी थीं। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने में जुटी है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे कैमरों की भी जांच कर रही है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी का कहना है कि सीसीटीवी के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### रिटायर्ड होमगार्ड ने सुसाइड किया, राइफल से खुद को मारी गोली

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर स्थित कनोसी गांव में एक बुजुर्ग ने खुद को गोली मार ली। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कृष्णा नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान मदन गोपाल वर्मा (65) पुत्र स्व. बाबूलाल वर्मा रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मदन गोपाल वर्मा रिटायर्ड होमगार्ड थे। उन्होंने अपनी 12 बोर की लाइसेंसी राइफल से गोली मारी है। परिजनों ने बताया कि वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इसी कारण मानसिक रूप से परेशान रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक पुत्रवधू है। घटना की जानकारी मिलने पर फॉरेंसिक टीम की फील्ड यूनिट को बुलाया गया। टीम ने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### जरूरत के समय इमदाद न मिले तो बेमतलब : राकेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जरूरतमंदों को जरूरत के समय इमदाद न मिले तो बेमतलब होती है। यह कहना है समाजवादी पार्टी के सीनियर लीडर और प्रदेश के पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा का। उन्होंने कहा कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दूर–दराज गांवों में बसे गरीब तबके के लोगों के सामने इस समय पड़ रही कड़ाके की ठंड में न दिन में आराम है न रात में। सर्दी में बचाव खातिर सरकार से जितनी सहायता मिलनी चाहिए, नही मिल पाती है। ऐसे में सबको आगे आना चाहिए। बाराबंकी जनपद की विधानसभा रामनगर का काफी इलाका विकास से महरूम है। पूर्व मंत्री रामनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पंचायत थाल खुर्द के प्रधान सुनील यादव द्वारा आयोजित कम्बल वितरित कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान के प्रयास की तारीफ करते हुए तमाम गरीब असहाय एवं जरूरतमंद जनों को कंबल वितरित किये। उन्होंने कहा,थाल के प्रधानजी से सीख लेने की जरुरत है। हमारी छोटी सी मदद किसी को सुकून दे सकती है। रात में अच्छी नींद दिला सकती है। कम्बल पाकर लोग खुश हो गये।

### लखनऊ में 'समरस मैराथन' 11 को, तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं में फिटनेस के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में 'समरस मैराथन' का 11 जनवरी को आयोजन होगा। आयोजन को लेकर कुड़ियाघाट ग्रीन कॉरिडोर रोड पर प्रशासन और आयोजन समिति के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। यह 5 किलोमीटर की दौड़ होगी, जिसमें देशभर से पुरुष एवं महिला धावक भाग ले सकेंगे। अब तक 500 से अधिक पंजीकरण पूरे हो चुके हैं, जिनमें युवक और युवतियां शामिल हैं। प्रतियोगिता में 15 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी धावक हिस्सा ले सकता है। मैराथन में खिलाड़ियों की रिपोर्टिंग सुबह 6 बजे तथा दौड़ सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजन स्थल कुड़ियाघाट ग्रीन कॉरिडोर रोड, घंटाघर, लखनऊ निर्धारित किया गया है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपये द्वितीय पुरस्कार 5,000 रुपये तृतीय पुरस्कार 3,000 रुपये और सात धावकों को 500–500 रुपये के सांत्वना पुरस्कार मिलेगा। महिला वर्ग में भी 10 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के लिए खुली है। प्रतिभागी की आयु न्यूनतम 15 वर्ष होनी चाहिए।

### श्रीअन्न किसानों ने सरकारी खरीद को दी प्राथमिकता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में 'श्रीअन्न' के किसानों ने बाजार की बजाय सरकारी खरीद को प्राथमिकता दी। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष श्री अन्न बाजरा, ज्वार व मक्का की सरकारी खरीद अधिक रही। इसके एवज में किसानों को अधिक भुगतान किया गया। योगी सरकार की पारदर्शी नीतियों की बदौलत किसानों का झुकाव सरकारी खरीद पर अधिक रहा। इस वर्ष बाजरा की खरीद 2.13 लाख, ज्वार की 43,562 व मक्का की 12,208 मीट्रिक टन रही। पहली अक्टूबर से शुरू हुई 'श्रीअन्न' की खरीद पूरी हो गई। बाजरा की खरीद 33, मक्का 25 व ज्वार की खरीद 11 जनपदों में हुई। ज्वार का न्यूनतम समर्थन मूल्य मालदांडी 3749, ज्वार हाईब्रिड 3699 रुपये, बाजरा का 2775 व मक्का का 2400 रुपये प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया था। बाजरा खरीद 33 जनपद में ही हुई। ज्वार 11 जनपदों में हुई खरीद।मक्का 25 जनपदों में हुई खरीद वही 25 जनपदों में मक्का खरीद हुई।

### ईदगाह में निःशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से हमवार होती है। खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर इन्सान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए अंजाम देना चाहिए। यह कार्य न सिर्फ मानवता की तामीर व तरक्की का कारण बल्कि इस नेक कार्य से व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार पैदा होता है। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया फ़रंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया, मैक्स हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फ़रंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मांसिक नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जरूरत मन्दों और गरीबों की सहायता व सहयोग करना इस्लाम की शिक्षा व हिदायत पर अमल करना है। समाज सेवा जैसे नेक काम के नमूने हमको रसूले पाक सल्ल0 की सीरत और साहाबा रजि0 के हालात में बहुत मिलते हैं।

### रिटायर्ड लांस नायक की मौत, होटल में मिले बेसुध

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में मीटिंग अटेंड करने आए आर्मी के रिटायर्ड लांस नायक की एक होटल में मौत हो गई। वह सुबह बेसुध हालत में बेड पर मिले। साथियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हरदियापुर, प्रयागराज निवासी सुरेंद्र प्रताप पटेल (40) सेना से लांस नायक पद से रिटायर थे। 2020 में रिटायर होने के बाद उन्होंने एक आयुर्वेदिक कंपनी ज्वाइन की थी। जिसका शनिवार–रविवार को लखनऊ में द अवियन होटल में सेमिनार था। सेमिनार अटेंड करने वह अपने साथी के साथ लखनऊ आए थे। होटल में ही वह ठहरे हुए थे। शनिवार रात खाना खाने के बाद कमरे में चले गए। रविवार सुबह बेड पर बेसुध हालत में मिले। साथियों ने उन्हें काफी हिलाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला तो उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई सर्वेंद्र सिंह ने बताया लंबे समय से उनका हार्ट का इलाज चल रहा है। उनका चल रहा था। परिवार में पत्नी सुशीला देवी और 2 बेटियां पीहू और सोधी हैं। घटना की जानकारी के बाद से परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है।

## कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात

# एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश करेगा कनाडा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सभी 24 सदस्यों का स्वागत किया।

कैनेडियन हिंदू चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के संस्थापक अध्यक्ष नरेश कुमार चावड़ा के नेतृत्व में आए प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर प्रदेश के अंदर एमएसएमई, धार्मिक पर्यटन व हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश की इच्छा जताई। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदस्यों को अयोध्या में रामलला, काशी में काशी विश्वनाथ धाम तथा प्रयागराज के भ्रमण के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल से प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप ट्रेड, टेक्नोलॉजी व टूरिज्म की दिशा में नए प्रयास बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 8-9 वर्ष पहले त्योहारों पर बाजार चीन के उत्पादों से भरा रहता था, लेकिन हमने 2018 में परंपरागत उद्यम को 'एक जिला-एक उत्पाद' के माध्यम से आगे बढ़ाया। इन उत्पादों को डिजाइन, तकनीक व प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया। इन्हें सितंबर के अंतिम सप्ताह में होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शोकेस का भी अवसर देते हैं।



### संभावनाओं का प्रदेश है यूपी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी ने प्रतिनिधिमंडल को यूपी की नई गति से परिचित कराया। कहा कि यूपी संभावनाओं का प्रदेश है। यहां सुरक्षा, सुव्यवस्था व निवेश की बेहतर स्थिति है। गत वर्ष हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसमें से 15 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो चुकी है। शेष पांच लाख करोड़ के प्रस्ताव फिर से जीबीसी के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चैंबर्स के सदस्य यूपी में निवेश और तकनीक के साथ एफडीआई लाने में मदद कर सकते हैं। एफडीआई व फार्चून 500 कंपनियों के लिए यूपी में अलग पॉलिसी बनाई गई है।

### यूपी के बाजार से चीन के उत्पाद गायब

सीएम ने बताया कि आज यूपी के बाजार से चीन के उत्पाद गायब हो गए हैं। सरकार सभी 96 लाख एमएसएमई यूनिट को सपोर्ट कर रही है और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दे रही है। इनके जरिए ढाई करोड़ परिवार की आजीविका जुड़ी है। एक जिला–एक उत्पाद के माध्यम से ब्रांडिंग कराई गई है। अब इनके उत्पादों को बड़े मंचों पर उपहार स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही यह दुनिया की सबसे तेज गति से उभरने वाली अर्थव्यवस्था भी है। यूपी अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में शीर्ष तीन राज्यों में आता है। यहां देश की सबसे बड़ी आबादी निवास करती है।

### गलत आर्थिक नीतियों की वजह से फल उत्पादकों की आजीविका खतरे में

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गलत आर्थिक नीतियों की वजह से भारतीय फल उत्पादकों की आजीविका खतरे में पड़ गयी है। अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में किसानों की कड़ी मेहनत का फल विदेशी कंपनियों की जेब में जा रहा है। उन्होंने भाजपा को व्यापारियों और बिचौलियों की पार्टी बताते हुए कहा कि भाजपा असल में उत्पादन और औद्योगिक विकास के बजाय कमीशन को प्राथमिकता देती है।

# हिंदू सम्मेलन का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकता पर दिया गया जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** हिन्दू सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप बस्ती, जानकीपुरम प्रांगण में किया गया। प्रो. अमरीक सिंह की अध्यक्षता में हिन्दू समाज की जागरूकता व एकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता- मनोज कांत क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख एवं सम्मेलन के वाचक पंडित कमलनयन ने हिंदू सनातन संस्कृति व समाज के पंच परिवर्तन के बारे में संबोधित किया, साथ ही हिंदू समाज से आशीष सिंह, अविनाश मौर्य, रमेश द्विवेदी, डॉक्टर शेर बहादुर सिंह, एडवोकेट विष्णु शंकर सिंह व विवेक मिश्र आदि ने सम्मेलन में शामिल होकर हिन्दू सनातन संस्कृति, समाज में समरसता एवं संगठन के पंच परिवर्तनों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आज़ाद जी भाग प्रचारक ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए समाज को संगठित रहने और सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का आह्वान किया।



# सात से लखनऊ दर्शन के लिए चलेगी डबल डेकर सिटी बस

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस के दो सफल मॉक ड्रिल पूरे कर लिए हैं। 7 जनवरी से नियमित सिटी टूर शुरू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सुबह के टूर का मॉक ड्रिल 3 जनवरी को और शाम के टूर का मॉक ड्रिल 4 जनवरी को किया गया। यह पहल शहरवासियों और पर्यटकों के लिए सुव्यवस्थित और पर्यावरण अनुकूल दर्शनीय यात्रा अनुभव की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

एलिवेटेड सिटी टूर के रूप में तैयार की गई लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस यात्रियों को शहर की ऐतिहासिक विरासत और रोजमर्रा की शहरी जिंदगी का नया और करीब से अनुभव कराएगी। मॉक ड्रिल के दौरान बस कोठी हयात बख्श, राजभवन और जीपीओ जैसे प्रमुख इलाकों से होकर गुजरी, जबकि रूट पर पहला प्रमुख ठहराव विधान सभा भवन रहा।

गाइडेड टूर और चुने हुए स्थलों के माध्यम से शहर भ्रमण की इस व्यवस्था को प्रतिभागियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। सुबह के मॉक ड्रिल में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, वन विभाग, रोडवेज विभाग और नगर निगम के अधिकारी, इंजीनियरिंग के छात्र तथा टूर-ट्रैवल एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। छात्रों ने बताया कि इस अनुभव से उनके ज्ञान और समझ में बढ़ोतरी हुई, वहीं टूर और ट्रैवल क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इसे पर्यटकों के लिए एक सशक्त और आकर्षक नया सिटी प्रोडक्ट बताया।



### लखनऊ को जीवंत शहरी विरासत शहर के रूप में स्थापित करेगी बस

सात जनवरी से शुरू होने वाली सेवा में यात्रियों को हल्का जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से 31 जनवरी तक टिकट बुकिंग पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मॉक ड्रिल साझा प्रयास के रूप में आयोजित किया गया ताकि सेवा संचालन के साथ यात्रियों का अनुभव भी बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा, हमने पर्यटन, वन, परिवहन और शहरी निकायों के अधिकारियों के साथ छात्रों, परिवारों और ट्रैवल प्रोफेशनल्स की भागीदारी सुनिश्चित की। बस के भीतर और सड़कों पर लोगों में दिखा उत्साह इस बात का संकेत है कि लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक बस यात्रियों को एक यादगार अनुभव देने की क्षमता रखती है और लखनऊ को एक जीवंत शहरी विरासत शहर के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी। बुकिंग पहले से ही शुरू हो चुकी है और 7 जनवरी से टूर आरंभ होने के साथ लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस परिवारों, छात्रों, पर्यटकों और पहली बार शहर घूमने आने वालों के लिए लखनऊ को देखने का एक आरामदायक, गाइडेड और सुव्यवस्थित विकल्प बनने की उम्मीद है।

### न्यू ईयर पार्टी में चाकूबाजी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ की कृष्णानगर पुलिस ने जान से मारने की नीयत से किए गए हमले के मामले में कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने न्यू ईयर पार्टी के दौरान होटल में हुए झगड़े के बाद एक युवक पर चाकू से हमला किया था। 31 दिसंबर की देर रात को कानपुर रोड स्थित एस-एस ग्रांडियर होटल में न्यू ईयर पार्टी चल रही थी। इसी दौरान विवाद हो गया। 20 वर्षीय युवक अभिषेक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित के चाचा सतीश सिंह की शिकायत पर थाना कृष्णानगर में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने दो टीमें बनाईं। होटल और आसपास लगे करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई।

# ट्राई साइकिल मिलते ही भावुक हुईं विमला हजारों के चेहरों पर ममता ने दी मुस्कान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नर सेवा नारायण सेवा की अलख जगा रही ममता चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्वास्थ्य जागरुकता शिविर अंतर्गत दिव्यांग कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण व कंबल वितरण अभियान की श्रंखला में आज लखनऊ तथा आसपास के तीन क्षेत्रों छठामील बी.के.टी, लखनऊ बाबा परमार्थ गिरी आश्रम, रामविहार कॉलोनी, फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड, लखनऊ तथा मालवीयनगर, लखनऊ मे माननीय रक्षा मंत्री एवं जन प्रिय सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से विशाल शिविरों का आयोजन किया। जिसमें हजारों मातृ शक्तियों, बुजुर्गो को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर, बैसाखी, छड़ी कान की मशीन तथा हजारों की संख्या में गरीब जरूरतमंद मातृ शक्तियों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश शुक्ला एवं कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष, भाजपा अवध क्षेत्र रहे।



योगेश शुक्ला ने स्वस्थ्य शिविर की भव्यता और ट्रस्ट के नर सेवा की मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट इस तरह के विशाल शिविर लगाकर सेवा का कार्य कर जरूरतमंदों पर सेवा एवं सहायता ममता की बारिश निरंतर कर रहीं है, मुख्य अतिथि के कर कमलों से जरूरतमंदों को सांकेतिक वितरण कर वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

### 25 हजार का इनामी लुटेरा गिरफ्तार, गैंग बनाकर सवारियों को लूटता था

**लखनऊ।** लखनऊ की नाका पुलिस ने रविवार सुबह एक साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपए के इनामी लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गैंग बनाकर ऑटो रिक्शा में सवारियों को बैठाकर लूट करता था। आरोपी की तलाश लंबे समय से की जा रही थी। थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान कानपुर देहात के वमरौली घाट निवासी कुनाल सिंह उर्फ लाखन के रूप में हुई है। उसे चारबाग जीआरपी कट के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 18 जनवरी 2025 को फतेहपुर जाफरगंज निवासी रोहित का अपहरण किया था। इस दौरान पीड़ित से मोबाइल फोन, कैमरा, पर्स और नकदी लूट ली गई थी। वारदात के बाद आरोपी पीड़ित को सुनसान इलाके में छोड़कर फरार हो गए थे।

# योगी सरकार की दिव्यांग सशक्तिकरण नीति को मिला एक नया आयाम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी की समावेशी शिक्षा और दिव्यांग सशक्तिकरण की नीति को धरातल पर उतारते हुए डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में प्रदेश के पहले राज्य विवि स्तरीय ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य संजय ने स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर स्थापित इस अत्याधुनिक ब्रेल पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

कुलपति ने विवि के ब्रेल प्रेस परिसर में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। फीता काटकर ब्रेल पुस्तकालय अनुभाग का विधिवत उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर उन्होंने दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और विवि प्रशासन को निर्देश दिए कि उन्हें आधुनिक कंप्यूटर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाए। ब्रेल लिपि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए शिक्षा का सशक्त माध्यम है, जो उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ती है। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ब्रेल पुस्तकालय में विवि के ब्रेल प्रेस से प्रकाशित यूजी एवं पीजी स्तर के 54 पाठ्यक्रमों की एनईपी आधारित 4000 से अधिक शैक्षणिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध हैं। यह प्रदेश का पहला ऐसा राज्य विवि है।

**यूजी व पीजी स्तर के 54 पाठ्यक्रमों की एनईपी आधारित 4000 से अधिक शैक्षणिक ब्रेल पुस्तकें उपलब्ध**

**महत्वपूर्ण कदम** | राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भू स्वामित्व में नामांतरण की धारा-34 और लैंड यूज चेंज की धारा 80 की प्रक्रिया होगी सरल

# भू-स्वामित्व नामांतरण व लैंड यूज चेंज प्रक्रिया होगी आसान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक प्रदेश सरकार ने भूमि संबंधी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी, तेज और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भू स्वामित्व में नामांतरण की धारा-34 और लैंड यूज चेंज की धारा 80 की प्रक्रिया का डिजिटल सरलीकरण किया जा रहा है। राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र एनआईसी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रक्रिया को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा है। प्रक्रिया को फरवरी 2026 तक पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है।



यूपी सरकार की इस पहल से प्रदेश के लाखों किसानों, भू-मालिकों और उद्योगपतियों को अनावश्यक कागजी कार्रवाई से मुक्ति मिलेगी, साथ ही डिजिटल तकनीक के माध्यम से कार्रवाई तेज और अधिक पारदर्शी हो सकेगी। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग और राजस्व परिषद के संयुक्त प्रयासों से भूमिसंबंधी प्रशासनिक प्रक्रिया का डिजिटलाइजेशन और सरलीकरण किया जा रहा है। भू-संपत्ति हस्तांतरण के दौरान नामों के बदलाव की धारा-34 के तहत नामांतरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाया जा रहा है। खसरा खतौनी विवरण, मालिकाना हक के प्रमाण और अन्य अभिलेख ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए एक ही बार में संकलित की जाएंगी। ऑनलाइन अपलोड होते ही डिजिटल डेटा फ्लो के जरिए अभिलेखों की जांच की जाएगी।

इस प्रक्रिया में पारंपरिक रूप से कई स्तरों पर फॉर्म भरने, दस्तावेज जमा करने और लेखपाल की आख्या की प्रतीक्षा में लगने वाले समय में कमी आएगी। कार्यप्रणाली आमजन के लिए अधिक सरल और पारदर्शी हो सकेगी। आवेदक को तत्काल सूचना मिले सकेगी, लेखपाल की आख्या की आवश्यकता को न्यूनतम किया जाएगा। स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग से आवश्यक एपीआई एकीकरण किया जा रहा है, जो डेटा फ्लो को अधिक प्रभावी बनाएगा।

**कृषि भूमि को गैर–कृषि या औद्योगिक उपयोग में बदलने से संबंधित धारा 80 के अंतर्गत लैंड यूज चेंज प्रक्रिया का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। प्रक्रिया में पहले आवेदन, अनुमोदन और अभिलेख अपडेट के लिए बार–बार दौड़–भाग करनी पड़ती थी। अब जानकारियां जैसे भूमि का खसरा–खतौनी विवरण, मौजूदा उपयोग की स्थिति और आसपास के क्षेत्र की जानकारी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में एक बार में ली जाएगीं। अनावश्यक औपचारिकताओं को हटाकर डिजिटल जांच की व्यवस्था की गई है, जिससे लेखपाल द्वारा बार–बार रिपोर्टिंग की जरूरत समाप्त हो जाएगी। विभाग ने आवेदन फॉर्म, आख्या रिपोर्ट्स और सर्टिफिकेट के सरल प्रारूप का परीक्षण पूरा कर लिया है। नोटिस अब पारंपरिक डाक के बजाय ऑनलाइन पोर्टल, एसएमएस या व्हाट्सएप से प्रेषित किए जाएंगे।**

### राज्य कृषि विकास योजना बीज उत्पादन बढ़ाने को सुधारेंगे ऊसर भूमि

**लखनऊ।** प्रदेश में राज्य कृषि विकास योजना के तहत कृषि प्रक्षेत्र (फार्म) की ऊसर भूमि सुधारकर आधारीय व प्रमाणित बीजों का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। कृषि विभाग ने 28 जिलों के 57 फार्म चिह्नित किए हैं, जिनमें वर्ष 2025-26 के अंत तक ऊसर भूमि सुधार कर वर्ष 2026-27 से बीजों का उत्पादन किया जाएगा। सरकार ने दो वर्ष की कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए कुल 2696.18 लाख रुपये का अनुमोदन किया है। इसमें भूमि संरक्षण विभाग प्रथम वर्ष 2025-26 में 1740.31 लाख रुपये से समतलीकरण, फील्ड बंडिंग, फील्ड ड्रेन व लिंक ड्रेन जैसे कार्य करके जमीन समतल और उपजाऊ बनाएगा।

# रेल हादसे वाले स्थान का डीआरएम ने किया निरीक्षण

**मंडल रेल प्रबंधक रोजा रेलवे स्टेशन पहुंचे, दिए निर्देश**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 24 दिसंबर को गरीब रथ एक्सप्रेस से टकराकर पांच लोगों की मौत हो गई थी। उसके बाद 29 दिसंबर को खुर्जा रेलवे स्टेशन पर एक ही लाइन पर दो ट्रेन आ गई थी लोको पायलट ने सूझबूझ से हादसे को रोक दिया। दो घटनाओं के बाद मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य से चार्ज जाने के बाद एक बार पुनः मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार को चार्ज मिला। चार्ज मिलते ही राजकुमार मौर्य ने रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर दोपहर बाद 1:20 पर प्लेटफार्म नंबर तीन पर आकर रुके। अपने निरीक्षण यह से उतरते ही घटना स्थल पर गए और बारीकी से निरीक्षण किया। जहां रास्ता बंद होने पर बताया, जब रास्ता बंद कर दिया तो पब्लिक किनारे से निकलेगी। बीच से थोड़ा रास्ता खोल दिया जाए, जिस की पैदल आदमी निकल जाए और बॉक्स पोर्टल बक्सा लेकर निकल जाए। उसके बाद पावर केबिन की ओर निरीक्षण करने जा रहे थे तभी छात्र संगठन यूनियन के अध्यक्ष के लोगों ने ज्ञापन देकर रेलवे इंटर कॉलेज जाने वाली रास्ता को लेकर ज्ञापन दिया, वहीं भाजपा नेताओं ने माल गोदाम के पास में रोड बंद होने पर नाराजगी



व्यक्ति की ओर उसे खोलने के लिए कहा। जहां पर स्वयं चलकर जाकर निरीक्षण किया। भाजपा नेताओं ने बताया रेलवे स्टेशन से उतरने के बाद फुट ओवर ब्रिज होते हुए यही एक रास्ता है जिस रोजा अड्डे पर जाया जा सकता है लेकिन रेल प्रशासन उसे भी बंद कर देगा, तो आम जनता किधर से जाएगी। निरीक्षण करने के बाद मंडल रेल प्रबंधक आगे बढ़े तो पावर केबिन के पीछे महिला मोर्चा की अध्यक्ष जानकी भारद्वाज ने दलबल के साथ घेर लिया और ज्ञापन देकर कॉलोनी जाने वाले रस्ताओं को खोलने के लिए कहा बुजुर्ग महिलाओं ने बताया सुबह मॉर्निंग को जाने के लिए झुक कर निकालना पड़ता है जिससे काफी परेशानी होती है सभी महिलाओं ने एक साथ कहा सभी लोग रेल कर्मचारियों की पत्नियों हैं और सुबह मॉर्निंग वॉक जाने में काफी परेशानी होती है तब मंडल रेल प्रबंधक ने कहा आप रेल कर्मचारियों की पत्नी नहीं हमारे परिवार की हो रेल कर्मचारी हमारे परिवरीजन हैं। उनके समस्याएं सुनकर मंडल रेल प्रबंधक सेंट्रल केबिन के सामने रेलवे क्वार्टरों की हैवी रिपेयर हो रही थी जिसको देखने गए। जहां पर स्लिप और भी को आडा तिरछा देखकर नाराजगी जताई। उसके बाद मंडल एयरपोर्ट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गंभीर मामला है। जिस पर विचार करने के बाद शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। उसके बाद मंडल रेल प्रबंधक ट्रेन मैनेजर रेस्ट हाउस ग। जहां पर ट्रेन मैनेजर से खाने की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उधर गोंडा हेड क्वार्टर के लोको पायलट गुड्स संजय चौहान लोको पायलट सुशील कुमार ने बताया गोंडा से जब ट्रेन लेकर आते हैं रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी समाप्त करने के बाद रेस्ट रूम में जाने के लिए काफी घूम कर जाना पड़ता है रात्रि के अंधेरे में काफी परेशानी होती है लोको पायलटो ने पैदल जाने पर की रास्ते के लिए कहा जिस पर मंडल रेल प्रबंधक ने कहा मामले की जांच की जा रही है जांच पूर्ण होने के बाद निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार, करण प्रीत सिंह, सीनियर मंडल अभियंता भास्कर भट्टाचार्य, सेक्शन इंजीनियर कौशल अवस्थी, रेल पथ निरीक्षक हरगोविंद, स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत यादव, स्वास्थ्य निरीक्षक दीपक कुमार, मुख्य वनिज निरीक्षक एसके ठाकुर, लोको इंस्पेक्टर आरके वर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधान ने अतिक्रमण हटवाने को मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**खुटार,शाहजहांपुर।** खुटार थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासिनी ग्राम प्रधान प्रिया वर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल जनसुनवाई पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए बताया गया कि मेरी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाली गाटा संख्या 307 पर अनाधिकृत रूप से कुछ व्यक्तियों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिसे सार्वजनिक संपत्ति का दुरुपयोग हो रहा है। तथा ग्राम विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। प्राथमिक के द्वारा कई बार मौखिक रूप से अनधिकृत रूप से हुए कब्जे को लेकर हटाने की बात कही गई लेकिन अभी तक उसकी कही गई बातों पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके चलते जंक्शन भाई के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए गाटा संख्या 307 के रकबा 0.0450 के भूमि की पैमाइश की मांग करते हुए। उक्त भूमि को पंचायत के हवाले करने की मांग की गई है।

## खबरें एक नजर में

### प्रसव को लाई गई महिला की प्रसव से पूर्व ही सीएचसी में मौत



**तिलहर - शाहजहांपुर।** प्रसव के लिए सीएचसी लाई गई महिला की प्रसव हुए बिना ही मौत हो गई। पीड़ित पति ने गलत इंजेक्शन लगाए जाने से पत्नी की मौत होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । जानकारी के मुताबिक कटरा के मोहल्ला कोरियान निवासी अब्दुल हमीद पत्नी शहनाज 37 को प्रसव पीड़ा होने पर शनिवार देर रात तिलहर सीएचसी लेकर पहुंचे थे। कुछ देर बाद ही शहनाज की मौत हो गई। मृतका शहनाज के पति अब्दुल हमीद ने बताया कि उनके पहले से चार बेटियां और एक बेटा है। वह अपनी पत्नी को छठे बच्चे के प्रसव के लिए शनिवार देर रात लाए थे। जिन्हें भर्ती कर लिया गया था । इस दौरान इंजेक्शन लगाए जाने के कुछ देर बाद ही अचानक शहनाज की हालत बिगड़ने के साथ ही मौत हो गई । इस दुखद खबर से अब्दुल हमीद के घर में कोहराम मच गया । मृतका अपने पीछे पांच मासूम बच्चों को बिलखता छोड़ गई है।

### कुरैया खूर्द में सुंदरकांड पाठ और भंडारा आयोजित

**पीलीभीत।** कुरैया खूर्द में पौष पूर्णिमा के अवसर पर शिव-पार्वती मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एकजुटता का परिचय दिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान राम की जय-जयकार की और भजन-कीर्तन किया। थाना, सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के कुरैया खुर्द गांव में मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों के बीच सौहार्द और एकजुटता का परिचय मिला है ।कार्यक्रम का आयोजन मंदिर समिति द्वारा किया गया था, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने सहयोग किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जो भगवान राम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करने आए थे।

### एडीएम ने किया श्रीलाल बाबा रामनगरिया मेला का स्थलीय निरीक्षण

**हजारा, पीलीभीत।** शारदा नदी में हजारा के धनाराघाट पर हर वर्ष आयोजित होने वाले प्रसिद्ध श्री लाल बाबा रामनगरीया मेले का शनिवार को एडीएम तथा एसडीएम ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में प्रस्तावित व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेने के साथ साथ वहां मौजूद अधिकारीयों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीलीभीत जनपद के हजारा के धनाराघाट पर शारदा नदी के तट पर हर वर्ष आयोजित होने वाले प्रसिद्ध श्री लाल बाबा रामनगरीया मेले का एडीएम प्रसून द्विवेदी (वित्त एवं राजस्व) तथा एसडीएम पूरनपुर अजित प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में प्रस्तावित व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया । और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। अपर जिलाधिकारी प्रसून द्विवेदी ने संबधित विभागीय अधिकारियों को मेला अवधि के दौरान पेयजल, लाइटिंग की व्यवस्था, अलाव, साफ-सफाई, शौचालयों, पार्किंग, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। जिससे मेले में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा एडीएम प्रसून द्विवेदी ने पूरनपुर एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को मेला अवधि के दौरान गोताखोरों की तैनाती तथा नावों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। ताकि किसी अप्रिय घटना से निपटा जा सके। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के लिए थाना हजारा पुलिस को भी आवश्यक निर्देश दिए थे।

## गाय की बैंड बाजे के साथ निकाली शव यात्रा, सम्मानपूर्व किया अंतिम संस्कार

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के करकौर गांव में सर्वेश शर्मा ने अपनी पालतू गाय का बैंड बाजे के साथ सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर एक नई मिसाल कायम की है। यह ऐसे समय में हुआ है। जब कई लोग दूध देना बंद करने वाली गायों को छुट्टा छोड़ देते हैं। सर्वेश शर्मा के पास 20 वर्षों से रह रही इस गाय का शनिवार रात बीमारी के कारण निधन हो गया था। रविवार सुबह उसकी शव यात्रा बैंड बाजे और ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई। सर्वेश शर्मा ने बताया कि 20 वर्ष पहले जब उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर थी, तब इस गाय ने उनके परिवार को सहारा दिया था। गाय का दूध बेचकर उन्होंने अपने बच्चों का पालन-पोषण किया। गाय की मृत्यु से पूरा परिवार दुखी है। गाय का अंतिम संस्कार उनके अपने खेत में सम्मानपूर्वक किया गया। इस दौरान विशाल युवा हिंदू वाहिनी संगठन के विधानसभा अध्यक्ष महावीर सिंह, पूर्व प्रधान राजेंद्र पाल गुर्जर, प्रधान पद प्रत्याशी अनूप मिश्रा, पूर्व प्रधान पद प्रत्याशी नेत्रपाल कश्यप, पप्पू मिश्रा, रामलखन गुप्ता, पेशकर गुर्जर, रेनू गुर्जर, पुष्पेंद्र गुर्जर, शिवकुमार गुर्जर, संचित गुर्जर, अभजीत गुर्जर, मैक्कू कश्यप, रामगोपाल कश्यप, हरिराम कश्यप, ऋषिपाल राठौर,महेंद्र राठौर, राजू राठौर, बलराम शर्मा, पप्पू शर्मा, रमेश शर्मा, पिंटू शर्मा, सुरेश सक्सेना, भूरे वर्मा, रघुराज वर्मा, मोरपाल वर्मा, आशाराम वर्मा, रतीराम वर्मा, व मुन्ना कश्यप सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## नवागत थाना प्रभारी ने की पत्रकारों संग बैठक

**शराब माफिया गौकशी जैसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए बोला**

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नवागत थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने रविवार को थाना परिसर में पत्रकारों के साथ मीटिंग कर शांति व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्र में हो रहे अपराध जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की । इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों व आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।थाना प्रभारी ने बताया कि जिन क्षेत्रों में पूर्व में आपराधिक घटनाएं



सामने आती रही हैं, उन्हें चिह्नित कर वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने पत्रकारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनहित से जुड़ी सूचनाएं समय-समय पर साझा की जाएं, जिससे अपराध नियंत्रण में और मजबूती लाई जा सके। भेंटवार्ता के दौरान क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और आपसी समन्वय जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अजय कुमार आयुष त्रिवेदी राहुल शुक्ला पवन पांडे नरेंद्र मिश्रा डब्लूभारती कुलदीप सिंह दीपक कुमार पवन मिश्रा प्रमोद शुक्ला आदि पत्रकार मौके पर मौजूद रहे।

## दबंग भू माफिया ने युवक के गेहूं की जोती फसल

**बना हुआ मकान किया ध्वस्त, कब्जे का किया प्रयास**

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कलान क्षेत्र के गांव हरेली में अजय बाबू गुप्ता द्वारा उसके गुर्गो ने रात में गांव के लोगों की गेहूं की फसल जोत कर कब्जे का प्रयास किया, यही नहीं आरोपी ने जेसीबी मशीन से दिनेश पुत्र रामशरण का मकान ध्वस्त कर दिया और उसमें रखा हुआ सारा सामान उठाकर गायब कर दिया।पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित दिनेश ने क्षेत्र अधिकारी जलालाबाद को प्रार्थना पत्र देने के बाद रविवार दिन के 2:00 बजे बताया कि शनिवार की रात कलान निवासी अजय बाबू गुप्ता जेसीबी



मशीन और ट्रैक्टर लेकर उनके खेत पर पहुंचे और उन्होंने जबरन बदन सिंह दिनेश नर सिंह भारती पूर्व सैनिक भंवर पाल एवं नन्हे जो की गाटा संख्या 1067 के सह खातेदार हैं खेत में खड़ी गेहूं की फसल जोत ली साथ ही आवास बनाकर रह रहे दिनेश का मकान जेसीबी से ध्वस्त कर दिया उसमें रखा पंप सेट का सामान एवं घर गृहस्ती का सामान भी चोरी कर उठा ले गए। पीड़ित ने जब डायल 112 नंबर पर फोन किया तब मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अरविंद को मय ट्रैक्टर के गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया हैं। पीड़ितों का कहना है कि अजय बाबू गुप्ता पुत्र रामाधार गुप्ता जो की जमीन प्लाटिंग का काम करते हैं उन्होंने पड़ोस में जमीन खरीदी है और उस पर बाउंड्री बॉल उठा ली है बीच में उन लोगों की जमीन है और वह उसी जमीन को जबरन बेचने का दबाव बना रहे हैं जब पीड़ितों ने जमीन बेचने से मना कर दिया तो आरोपियों ने जबरन गुंडे के बल पर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। उन्होंने जेसीबी मशीन द्वारा कमरा गिरा दिया कमरे मे रखा समान तार लकडी पाईप इन्जन का सामान चारपाई तिरपाल सब गायब कर दिया है। यही नहीं उन्होंने विरोध करने पर महिलाओं के साथ गाली गलौज किया और अवैध असलाहों से जान से मारने की धमकी दी। वही इस संबंध में थाना प्रभारी कलान शिव दीन ने बताया कि मामले की तहरीर मिल गई है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## चालकों-परिचालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**शाहजहांपुर।** सड़क हादसों की रोकथाम एवं वाहन चालकों में जन जागरूकता के उद्देश्य से जनपद में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। उक्त निर्देशों के क्रम में रविवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम रोडवेज पर वाहन चालकों एवं परिचालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला चिकित्यालय के नेत्र परीक्षक आशीष कुमार सिंह



द्वारा 26 चालकों-परिचालकों एवं अन्य व्यक्तियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें चश्में सहित किसी की आंख में नेत्र दोष नहीं पाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, यात्री-माल कर अधिकारी आरपी गौतम, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक अरूण कुमार, स्टेशन इन्चार्ज सुशील कुमार त्रिवेदी, यातायत उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## उर्स में रूहानियत और सूफियाना कब्बालियों पर झूमे अकीदतमंद

**तिलहर - शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के चल रहे सालाना उर्स शरीफ के मौके पर कव्वालियों की भव्य महफिल का आयोजन किया गया। इस दौरान अरशद कामली कव्वाल और शमीम वारसी कव्वाल ने अपने बेहतर कलाम पेश कर समां बांध दिया। कव्वालियों की रूहानियत और सूफियाना अंदाज़ ने मौजूद अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। महफिल में मन कुन्तो मौला, दमादम मस्त कलंदर सहित कई मशहूर कलाम पेश किए गए।

उर्स के अवसर पर बड़ी संख्या में आसपास के इलाकों से पहुंचे । जायरीन मौजूद रहे। उर्स परिसर में रोशनी, सजावट और अनुशासन की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान अमन, भाईचारे और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। इसी क्रम में सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां की ओर से सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोतवाल जुगल किशोर पाल , अपराध निरीक्षक सुनील कुमार यादव तथा



प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौरव कौशल को शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। फूल मियां ने कहा कि उर्स शरीफ का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सेवा, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को मजबूत करना है। कार्यक्रम में रहतुल्लाह खान , हाजी ज्योति , साबिर खान , सगीर खान , इलियास बेग , सोहेल अहमद खान , शकील मियां , मोहम्मद शरीफ कुरैशी , इशरत कुरैशी , चांद साबरी , मनोज प्रबल , शोएब वारसी , फुरकान कुरैशी , जफर कुरेशी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## सावित्रीबाई फूले की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रांतीय अनुसूचित जाति/जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में देश की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फूले की जयंती के शुभ अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार पर किया गया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने की तथा संचालन महामंत्री विनोद कुमार ने किया द्य जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद सम्राट जी ने बताया माता सावित्रीबाई फुले महिलाओं की आजादी की पहली मिसाल बनी तथा उन्होंने सामाजिक विरोध का सामना करते हुए जब लड़की का पढ़ना गुनाह था तब उन्होंने किताब उठाई द्य बरिष्ठ



शिक्षक अमर सिंह ने बताया जब औरत की आवाज दवाई जाती थी तब सावित्रीबाई फुले ने कहा लड़की पढ़ेगी तभी समाज पढ़ेगा तथा 1848 ईस्वी में भारत का पहला बालिका विद्यालय प्रारंभ किया द्य महामंत्री विनोद कुमार ने बताया जब गर्भ में बेटियों को मार दिया जाता था तब उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ लड़ाई लड़ी तथा जब लड़कियों को इंसान नहीं माना जाता था तब उन्होंने कहा कि शिक्षा पर जितना पुरुष का अधिकार है उतना ही महिलाओं का अधिकार है द्य लालमन गौतम ने बताया जब बीमारी से लोग भागते थे तब सावित्रीबाई फुले मरीजों को कंधे पर उठाकर अस्पताल ले जातीं थी द्य कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया ब्रिटिश सरकार के शिक्षा विभाग ने शिक्षा के क्षेत्र में सावित्रीबाई फुले तथा ज्योतिबा फुले के योगदान को देखते हुए 16 नवंबर 1852 को उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया द्य कार्यक्रम में अखिलेश गौरव,दिनेशपाल सिंह, अशोक कुमार, खुशीराम, योगेश कुमार, संतोष प्रभाकर, विनोद कुमार, संजीव कुमार आदि ने भी अपने विचार रखें द्य जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया माता सावित्रीबाई फुले सिर्फ एक महिला ही नहीं थी वह महिलाओं की पहली क्रांतिकारी गुरु भी थीं द्य उन्होंने सामाजिक विरोध का डटकर सामना करते हुए बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दिया तथा कई बालिका विद्यालय भी प्रारंभ किये द्य कार्यक्रम के अंत में रिक्त पदों पर संगठन का विस्तार करते हुए अमर सिंह को संरक्षक,लालमन गौतम,व दिनेश पाल सिंह को जिलाउपाध्यक्ष, कमलेश निगम व विनोद कुमार को जिला संयुक्त मंत्री,संजीव कुमार को संगठन मंत्री तथा अशोक कुमार को ऑडिटर पद पर सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया द्य सभी मनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत करने के साथ साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ लाई गई तथा सबवे सत्ता के साथ गोष्ठी का समापन किया गया।

## जोगराजपुर के पूर्व प्रधान ने गरीबों को बांटे कंबल, चेहरे पर लौटायी मुस्कान



**पूरनपुर, पीलीभीत।** भीषण सर्दी को देखते हुए जोगराजपुर में पूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद वर्मा ने अपने आवास पर जरूर बंद गरीबों व बुजुर्गो को लगभग 100 कंबल का वितरण किया। कंबल लेने पहुंचे गरीबों को चाय समोसा का नाश्ता भी कराया। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। आज जोगराजपुर में पूर्व प्रधान, जगदीश प्रसाद वर्मा व उनके बड़े पुत्र डॉक्टर मोहित वर्मा गांव के लगभग 100 बुजुर्ग गरीब, महिलाएं और पुरुषों को कंबल वितरण किया भीषण ठंड में गरीबों को कंबल वितरण किए गए। इस मौके पर पूर्व प्रधान जगदीश प्रसाद वर्मा की पत्नी ने भी महिलाओं को कंबल वितरण किया इस मौके पर, रवि वर्मा, सुनील वर्मा, सदस्य, मौजूद रहे।

## चौकी इंचार्ज धर्मपाल के तबादले पर भावभीनी विदाई

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र अंतर्गत चौकी सुल्तानपुर में तैनात चौकी इंचार्ज धर्मपाल के स्थानांतरण के उपरांत विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों, पत्रकारों तथा पुलिस कर्मचारियों ने माला पहनाकर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी।

विदाई समारोह में थाना प्रभारी संजय कुमार सहित तेज प्रताप मिश्रा, अनूप मिश्रा, जितेंद्र यादव, रतन दीप, पिंकू भारती पत्रकार वीर सिंह पत्रकार, केशव पत्रकार, अखिलेश पत्रकार, श्रीपाल समेत अन्य पुलिसकर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने चौकी इंचार्ज धर्मपाल के





कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सरल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि धर्मपाल ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के साथ आम जनता से बेहतर संवाद स्थापित किया। अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई तैनाती के लिए शुभकामनाएं दीं।

## नगर कीर्तन में सपा नेता राजकुमार राजू ने किया पंच प्यारों का सम्मान

**पूरनपुर, पीलीभीत।** नगर में आयोजित भव्य नगर कीर्तन में समाजवादी पार्टी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' एवं सपा नेता राजकुमार 'राजू' विशेष रूप से मौजूद रहे। नगर कीर्तन के दौरान समाजवादी पार्टी की ओर से श्रद्धालुओं एवं प्रतिभागियों के लिए सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गई तथा पंच प्यारों को सरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मास्टर गुरूदयाल सिंह , जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं लखविंदर सिंह पन्नू भी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने



कहा कि नगर कीर्तन जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करते हैं। समाजवादी पार्टी हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और सर्वधर्म समभाव की पक्षधर रही है। वहीं सपा नेता राजकुमार 'राजू' ने कहा कि सेवा और सम्मान ही हमारी राजनीति की पहचान है। पंच प्यारों का सम्मान कर हमें गर्व की अनुभूति हुई है। समाजवादी पार्टी समाज के हर वर्ग, हर धर्म और हर समुदाय के साथ खड़ी है।

## वार संघ के पूर्व अध्यक्ष व वकील बेटी संग मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व उनकी बेटी के साथ हुई मारपीट मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है । वहीं लामबंद हुए वकीलों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की । बता दें कि शनिवार को बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिव पाल सिंह तहसील में बेटी पूजा सिंह की सीट बनबाने गए थे । आरोप है कि इसी दौरान उनके पास पूर्व में रहे मुंशी आदिल खान विरोध करते हुए शिवपाल सिंह से मारपीट करने लगा । बचाने पहुंची बेटी पूजा सिंह की नहीं बख्शा । अन्य वकीलों के पहुंचने पर आदिल फरार हो गया । उक्त मामले में पुलिस ने आदिल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिवपाल सिंह के साथ तमाम वकीलों ने पहुंचकर आरोपी को पकड़ने की मांग की।

# गुरु गोविंद सिंह जयंती पर निकला नगर कीर्तन

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बंडा नगर पंचायत में रविवार को सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। नगर कीर्तन की शुरुआत रामपुर कलां स्थित गुरुद्वारा साहिब से अरदास के साथ हुआ और यह खुटार होते हुए बंडा के मुख्य चौराहे पर आया जहां सिख समाज के लोगों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए जिसके बाद यह सैदापुर से होते हुए वापस रामपुर कलां पहुंचा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ÷वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह÷ के जयकारे लगाते हुए नगर का माहौल धार्मिक उत्साह से भर दिया। कीर्तन दलों द्वारा गाई जा रही शबद-कीर्तन की मधुर ध्वनि पूरे नगर में गूंजती रही।मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने नगर कीर्तन का स्वागत पुष्प वर्षा और लंगर सेवा के माध्यम से किया। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए थे। महिलाओं और बच्चों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस मौके पर गुरु गोविंद सिंह जी के उपदेशों और उनके त्याग-बलिदान को याद करते हुए संगत ने सेवा, एकता और न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में गुरुद्वारा परिसर में कीर्तन दरबार और सामूहिक लंगर का आयोजन किया गया।



## खुटार में निकाला गया नगर कीर्तन, अटल चौक पर रुका जत्था

**खुटार,शाहजहांपुर।** सिख समाज द्वारा निकाले जा रहे नगर कीर्तन को लेकर बताया जा रहा है कि यह रामपुर कलां से प्रारंभ होकर खमरिया स्थित गुरुद्वारा साहिब तक जाएगा। नगर कीर्तन खुटार पहुंचने पर मुख्य मार्ग स्थित अटल चौक पर कुछ समय के लिए रुका, जहां श्रद्धालुओं ने कीर्तन में सहभागिता की। इस दौरान गुरु ग्रंथ साहिब की पावन अगुवाई में शबद-कीर्तन होता रहा। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण संचालन को लेकर प्रशासन व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग और नगरवासी शामिल हुए।



# लापता दलित नाबालिग बहनों का एक सप्ताह बाद भी नहीं लगा सुराग

**चोरियों का भी नहीं कर पा रही पुलिस खुलासा**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** चचेरी तहेरी दो दलित नाबालिग वहनों के लापता होने के एक सप्ताह बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं । उक्त मामले में बसपा जिलाध्यक्ष ने कोतवाल से शीघ्र बरामद करने की मांग की ।

वहीं दो दुकानों से लाखों के सामान की चोरी का खुलासा न कर पाने के चलते नवागत कोतवाल को सराफा व्यापारी के यहां से 25 लाख से ज्यादा जेवरातों की छोटी की घटना उनके लिए चुनौती बन गई है। बता दें कि बीती 29 दिसंबर को नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी दलित बिरादरी की चचेरी तहेरी दो नाबालिग बहने मधु व प्रियांशी घर से स्कूल जाने की कहकर निकलीं थी और लापता हो गई थीं। पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम की पड़ताल में दोनो को नगर के बिरियागंज चौराहे से ई रिक्शा से बैठकर स्टेशन रोड की ओर जाते सीसीटीवी कैमरे में जाते देख गया था। कॉल डिटेल में उक्त दिनों किशोरियों से बात किए जाने की पड़ताल में पुलिस ने करीब आधा दर्जन युवकों तथा लापता लड़कियों की सहेलियों को भी पूंछताछ के लिए बुलाया गया। वार्ता का तारतम्य खंगालने के बाबजूद पुलिस फिलहाल एक सप्ताह बाद भी किशोरियों का सुराग नहीं लगा सकी है। रविवार को बसपा जिलाध्यक्ष उदयवीर सिंह टीम के साथ पीड़ित परिवार को लेकर नवागत कोतवाल जुगल किशोर पाल से मिले। और लड़कियों को शीघ्र बरामद करने की मांग की। जिस पर कोतवाल ने कहा कि उनकी तैनाती हुए ही मात्र दो दिन हुए हैं। वह टीम के साथ बरामद करने के लिए प्रयासरत हैं। डभौरा में हुई दो चोरी तथा नगर के सराफा व्यापारी की बड़ी चोरी की घटनाएं नवागत कोतवाल के गले की फांस बनी हुई है।

# सर्राफ की दुकान से जेवरात चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**आधा दर्जन युवक पकड़े, आरोपियों की निशान देही पर कटरा, डडिया बाजार तथा शाहजहांपुर के सराफा व्यापारियों से कुछ माल बरामद, बिचौलियों के जरिए तीन युवकों को मुक्त किए जाने की चर्चा गरम**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सराफा दुकान से करीब 25 लाख रुपए के जेबरात की चोरी जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी दुकान के नौकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है । पुलिस पूर्व से हिरासत में लिए गए आरोपी भरत गंगवार उसके साथियों और जहां जेबरात गिरवीन रखे गए तथा बिक्री की गई उन दुकानदारों की कड़ी से कड़ी जोड़कर खुलासा करने में जुटी है।

बता दें कि नगर के मोहल्ला दातागंज निवासी शैलेन्द्र अग्रवाल की बाजार बिरियागंज में सराफा की दुकान है । शैलेन्द्र अग्रवाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उनकी दुकान पर कटरा थाना क्षेत्र के गांव कमलापुर निवासी भरत गंगवार पुत्र हरिओम गंगवार 18 अक्टूबर 2025 से काम कर रहा था । आरोप है कि भरत गंगवार ने दुकान से 8 सोने की चेन, 7-8 अगुठीयाँ , चार मंगल सूत्र आदि जिनका वजन लगभग 180 ग्राम सोने का सामान चुरा लिया है । और 26 दिसंबर से दुकान पर नही आ रहा है । पता करने पर जानकारी हुई कि भरत दोस्तो के साथ बाहर घूमने गया हुआ है। यह भी पता चला है कि भरत काफी शातिर प्रवृत्ति का है और गलत कार्य मे लिप्त रहता है। इस मामले में पुलिस ने भरत समेत उसी के गांव के आधा दर्जन युवकों को हिरासत में ले लिया । चर्चा है कि आरोपी भरत गंगवार सभी दोस्तों को नैनीताल की सैर सपाटा कराने ले गया था । पकड़े गए युवकों के परिजनों ने दबी जुवान से बताया कि भरत ने साथियों को जेवरात देकर अलग अलग जगह सराफा दुकानों पर गिरवीं रखबा दिया। चर्चा है कि पकड़े गए युवकों की निशानदेही पर कटरा, डडिया बाजार तथा शाहजहांपुर के सराफा व्यापारियों से कुछ जेवरात पुलिस ने बरामद कर लिए हैं । वहीं जेबरात बरामद कराने वाले तीन युवकों को बिचौलियों के माध्यम से हिरासत से मुक्त कर दिया गया है। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि अभी केश वर्क चल रहा है । सोमवार को खुलासा किया जाएगा।

# विक्रमपुर पीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला रहा फीका, पहुंचे मात्र एक दर्जन मरीज

**कलान, शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक रविवार को आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेजों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में क्षेत्र के विक्रमपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला आयोजित किया गया।

हालांकि, इस स्वास्थ्य मेले में अपेक्षा के अनुरूप मरीज नहीं पहुंचे। मेले में कुल मिलाकर मात्र एक दर्जन मरीजों ने ही अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी आर्येन्द्र यादव की देखरेख में आयोजित इस मेले में आयुर्वेदिक चिकित्सक रामबली पटेल, आईटी कर्मी सूर्य प्रताप, स्टाफ नर्स सौदान सिंह यादव सहित स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श व दवाएं उपलब्ध कराई। स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि ठंड का मौसम होने के कारण मरीजों की संख्या कम रही, अन्यथा सामान्य दिनों में मेले में अधिक लोग पहुंचते हैं। इसके बावजूद उपलब्ध मरीजों को समुचित उपचार और स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी।




## ओपन जिम का वित्तमंत्री ने किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर।** मोहल्ला लोधीपुर वार्ड -3 के सिटी पार्क के तीन पार्को में नगर निगम द्वारा राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नव निर्मित कराये गए ओपन जिम का लोकार्पण वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त, नगर निगम, शाहजहांपुर, अपर नगर आयुक्त, क्षेत्रीय पार्षद, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारीगण तथा जन-प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्षेत्र वासियों द्वारा नगर निगम द्वारा निर्मित कराये गए ओपन जिम के कार्य हेतु प्रंशसा की गई।



# बाइक निकालने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, लाठी-डंडों से मारपीट

**तीन महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग घायल**

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम झकरेली के मजरा लगैला नगला में रविवार सुबह करीब 9 बजे बाइक आमने-सामने निकालने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में तीन महिलाओं समेत लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबाबू वर्मा व रामलखन वर्मा के बीच रास्ते में बाइक निकालने को लेकर कहासुनी शुरू हुई। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और मारपीट होने लगी। रामरती पत्नी रामबाबू वर्मा ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके पति रामबाबू व पुत्र सुरजीत बाइक से धान कुटाने जा रहे थे, तभी रास्ते में रामलखन वर्मा से विवाद हो गया, जो बाद में मारपीट में बदल गया। वहीं रामलखन वर्मा ने भी थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बाइक निकालने को लेकर बेवजह झगड़ा किया गया, जिसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। मारपीट में एक पक्ष से रामबाबू वर्मा, उनका पुत्र सुरजीत व पत्नी रामरती तथा दूसरे पक्ष से रामलखन, उनकी पुत्री नीतू व पत्नी पूनम घायल हो गईं। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सभी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# यातायात जागरूकता में उत्कृष्ट योगदान हेतु अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के महासचिव सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

यातायात माह नवम्बर के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं समावेशी यातायात जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के महासचिव अमन सक्सेना को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह के प्रभावी संचालन में किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा अमन सक्सेना को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अमन सक्सेना द्वारा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में भारतीय सांकेतिक भाषा एवं कान का प्रतीक आधारित विशेष यातायात जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बधिर एवं श्रवण बाधित दिव्यांगजनों को यातायात नियमों की सरल, सुलभ एवं समझने योग्य जानकारी उपलब्ध कराना तथा पुलिस कर्मियों में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना रहा। यह पहल दिव्यांगजनों के अधिकारों, समान सहभागिता एवं सुरक्षित यातायात के प्रति एक सकारात्मक, प्रेरणादायी और अनुकरणीय संदेश देती है। कार्यक्रम के दौरान अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था द्वारा यातायात पुलिस शाहजहाँपुर का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी दिव्यांगजन-अनुकूल जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की गई। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय, रोडवेज ए.आर.एम. अरुण कुमार, पी.टी.ओ. आर.पी. गौतम सहित अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



## महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव, महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, स्वावलंबन तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीमों ने पंपलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और अपराध के विरुद्ध बिना भय के आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी थानों पर स्थापित महिला शक्ति केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध सहायता सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया, ताकि किसी भी आपातकालीन अथवा संकट की स्थिति में महिलाएं व बालिकाएं तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।

# नाले में पटिया के नीचे मिला अधेड़ व्यक्ति का शव, पहचान नहीं हो सकी

**कलान, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर में स्टेट हाईवे किनारे बने गंदे पानी के नाले में पटिया के नीचे एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाले से दुर्गंध उठने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि शव लगभग एक सप्ताह पुराना है। जानकारी के अनुसार गांव रुकनपुर में नीरज गुप्ता पुत्र रामबरन गुप्ता के मकान के सामने, स्टेट हाईवे के किनारे गंदे पानी के निकास के लिए बना नाला है। रविवार को हाईवे किनारे कुछ बच्चे चिड़िया बल्ला खेल रहे थे। खेल के दौरान उनकी चिड़िया नाले में गिर गई। जब बच्चे चिड़िया तलाशने लगे तो उन्हें नाले के भीतर एक जूता दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर लोगों ने नाले के अंदर एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। नाले में शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना थाना प्रभारी शिवदीन वर्मा को दी गई। उस समय वह वाहन चेकिंग में लगे थे। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार शव से तेज दुर्गंध आ रही थी, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि शव कई दिनों से नाले में पड़ा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।



# सड़क हादसे में युवक की मौत

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** गढ़िया रंगीन गोगेपुर मार्ग पर गांव मडोरा के पास शनिवार रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने युवक की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के गांव माडर निवासी 32 वर्षीय रमेश यादव पुत्र ओमकार सिंह शनिवार को अपनी ससुराल गांव सोंधा गए थे। घर लौटते समय रात करीब 8 बजे मडोरा गांव के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रमेश बाइक सहित खाई में जा गिरे। रास्ते से गुजर रही डायल 112 पीआरबी टीम ने युवक को सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा देखा। कुछ ही देर में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी। मृतक के परिवार में उनकी पत्नी गुड्डी और पांच बच्चे हैं। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया कि पीआरबी टीम को मडोरा गांव के पास खाई में एक व्यक्ति गिरा हुआ मिला था। उसे तत्काल चिकित्सा सहायता के लिए भेजने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी ने संभावना जताई कि बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिरी होगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी के 7500 रुपए और एक मोबाइल फोन हुआ बरामद**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जलालाबाद कोतवाली पुलिस को मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। जिसमें पुलिस ने थाना क्षेत्र से चोरी के मामले में वांछित चल रहे एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि गिरफ्तार आरोपी का नाम सोनू पुत्र मुन्ना लाल है। जिसे पुलिस ने गिहार बस्ती अजीज गंज थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर से गिरफ्तार किया। बता दे कि गिरफ्तार आरोपी का पहले से ही आपराधिक इतिहास से भी रह चुका है। पुलिस आरोपी की काफी दिनों से तलाश कर रही थी। तो वही अब जलालाबाद जब पुलिस को यह सफलता प्राप्त हुई है। वही पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सोनू के पास से चोरी की किए गए 7500 रूपये नगद व मोबाइल फोन बरामद किया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधि का कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।




## मनरेगा बचाओ संग्राम के को-आर्डिनेटर बने अनूप

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने संगठनात्मक कदम उठाया है। इसी क्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्ट को जिलेवार मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनूप वर्मा को शाहजहांपुर जनपद का को-आर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। अपेक्षा की गई है कि वे सौंपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए चौपालों एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से इसे मूर्तरूप प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। बता दें कि अनूप वर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हैं। वहीं, मनरेगा बचाओ संग्राम के को-आर्डिनेटर बनने पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अनूप वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# बंदर को देखकर घबराई महिला की छत से गिरकर मौत

**दो मंजिला मकान की छत पर सूख रहे कपड़े उतार रही थी महिला**

**कलान, शाहजहांपुर।** कलान थाना क्षेत्र के ग्राम छिद्कुरी निवासी रामवीर राठौर की पत्नी जमुना देवी (45) की शनिवार शाम दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि शाम करीब 5:30 बजे जमुना देवी अपने दो मंजिला मकान की छत पर सूख रहे कपड़े उतार रही थीं। इसी दौरान अचानक एक बंदर वहां आ गया और उसने उन्हें घुड़की दे दी। बंदर को देखकर घबराई जमुना देवी संतुलन खो बैठीं और छत से गिरकर मकान के सामने बने खड़ंजे पर जा गिरीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के चार पुत्र-रूपेश, शोभित, दीपू व अजय-और दो पुत्रियां-उर्वशी व अमृता-हैं। इनमें से पुत्र रूपेश और पुत्री उर्वशी का विवाह हो चुका है, जबकि तीन पुत्र और एक पुत्री अविवाहित हैं। मां की अचानक हुई मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतका के पति रामवीर राठौर ने थाना प्रभारी शिवदीन को तहरीर देकर बताया कि उनकी पत्नी की मौत बंदर की घुड़की से घबराकर छत से गिरने के कारण हुई है तथा उन्होंने पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए शबविच्छेदन गृह शाहजहांपुर भेज दिया। वहीं विधि प्रयोगशाला की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। मौके पर पुलिस टीम में एसआई रामकुमार शर्मा, एसआई अशोक शर्मा, एसआई रामकुमार, हेड कांस्टेबल वाहिद खान, कांस्टेबल प्रतीक यादव एवं हेड कांस्टेबल महेश मौजूद रहे।



# वेट लिफ्टिंग वूमेन लीग में सिंधौली की रोली वर्मा लेंगी भाग

**सिंधौली, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज।**

भारतीय भारत्तोलन संघ द्वारा अस्मिता खेलो इंडिया नेशनल वेटलिफ्टिंग वूमेन लीग प्रतियोगिता व उत्तर प्रदेश भारोत्तोलन एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 8 से 14 जनवरी तक मोदी नगर गाजियाबाद में आयोजित होगी। जिसके खेलो इंडिया नेशनल वेट लिफ्टिंग वूमेन लीग में विकासखंड सिंधौली के ग्राम महाऊ दुर्ग की रोली वर्मा पुत्री अजय पाल वर्मा 48 किलोग्राम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जनपद शाहजहांपुर की वेटलिफ्टिंग टीम से कुल 7 खिलाड़ी प्रतिभग् करेंगे। जिसमें बालिका वर्ग के 48 किलोग्राम भार वर्ग में रोली वर्मा, 53 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियांशी देवी तथा बालक वर्ग के 56 किलोग्राम भार वर्ग में गौरव, 60 किलोग्राम भार वर्ग में सुनील कुमार, दिव्यांशु, विनोद कुमार और अखिलेश यादव प्रतिभा करेंगे। सभी खिलाड़ी स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा बुजुर्ग शाहजहांपुर के पंजीकृत खिलाड़ी है। सभी खिलाड़ी कोच अजय पाल वर्मा के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। शाहजहांपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा व जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र पाल बामनिया के सहयोग से जनपद शाहजहांपुर में वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ी राज्य स्तरीय तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कर जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। शाहजहांपुर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन व खेल विभाग सभी वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



## अस्तित्व संकट के बीच पारिवारिक एकता का राग

राजनीति के बारे में कहा जाता है कि यहां कोई न तो स्थायी दोस्त होता है और ना ही कोई स्थायी दुश्मन। राजनीति में ऐसे कम ही उदाहरण मिलेंगे,जहां दोस्ती के मूल में दिल का रिश्ता होता है। गौर से देखें तो संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों की बुनियाद पर पर दोस्ती या दुश्मनी के रिश्ते आगे बढ़ते हैं। महाराष्ट्र के दो राजनीतिक परिवारों के मिलन को भी इसी अंदाज और संदर्भ में देखा जाना चाहिए। राज्य का पवार परिवार हो या फिर ठाकरे कुनबा, अगर एक होता नजर आ रहा है या एक हुआ है तो इसका मतलब यह नहीं है कि दोनों परिवारों के प्रमुख अलंबरदारों के दिल मिल चुके हैं। बल्कि राजनीतिक संभावनाओं और अवसरों ने उन्हें एक होने को प्रेरित किया है। चाहे ठाकरे परिवार हो या फिर पवार कुनबा, दोनों में कुछ समानताएं हैं। शरद पवार हों या बाल ठाकरे, एक दौर में दोनों की महाराष्ट्र की राजनीति में तूती बोलती थी। पिछली सदी के आखिरी दशक में तो राजनीतिक हलके का एक बड़ा हिस्सा शरद पवार को देश का भावी प्रधानमंत्री तक मानने लगा था। इसी तरह महाराष्ट्र के टाइगर के रूप में बाल ठाकरे की ख्याति रही। दोनों ही राजनीतिक खानदानों के मुखिया का स्वाभाविक उत्तराधिकारी दोनों के भतीजे ही माने जाते थे। एक दौर तक शरद के उत्तराधिकारी के तौर पर देश और प्रदेश अजित पवार को देखता था। इसी तरह शिवसैनिक भी बाल ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे को अगली पीढ़ी का ठाकरे सीनियर मान चुका था। लेकिन जब उत्तराधिकार सौंपने की बारी आई तो पवार ने अपनी बेटी सुप्रिया सुले पर भरोसा जताया और बाल ठाकरे ने अपने छोटे बेटे राज ठाकरे को। ऐसे हालात में अजित और राज ठाकरे को अपना भविष्य चुनौतीपूर्ण लगा, राजनीतिक संभावनाएं कम होती दिखीं तो दोनों ने अपनी राह अलग कर ली। उन्नीस साल पहले राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली तो अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस के मूल धड़े पर ही कब्जा कर लिया। पार्टी के असल संस्थापक शरद पवार पुछल्ला पार्टी लेकर एक तरह से किनारे का दल संभालने लगे। पवार परिवार और ठाकरे कुनबे में बिखराव की कहानी भी अलग-अलग रही। जब तक बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे अपनी शिवसेना को बीजेपी के साथ खड़ा रखे, तब तक तो उनके नेतृत्व को चुनौती नहीं मिली। दल का राज्य में ठीकठाक समर्थन भी रहा। हालांकि महत्वाकांक्षाओं के साथ अलग हुए राज ठाकरे को राजनीतिक सफलताएं न के बराबर मिलीं। लेकिन जब से उद्धव ने बीजेपी को छोड़ कांग्रेस और पवार की एनसीपी का साथ पकड़ा, राजनीतिक मैदान में उसका आधार घटने लगा। वहीं पवार सीनियर से अलग होने के बावजूद बीजेपी के साथ के चलते अजित का राजनीतिक रूतबा कम नहीं हुआ। अलबत्ता कभी भारत के प्रधानमंत्री मैटेरियल देखे जाते रहे वरिष्ठ पवार की सियासी साख घटती चली गई। कुनबे में बिखराव के चलते दोनों परिवारों की राजनीतिक ताकत बीजेपी के सामने बौनी होती जा रही है। एक तरह से कह सकते हैं कि दोनों परिवारों के राजनीतिक अस्तित्व पर ही सवाल उठने लगा है। एक कहावत है, मरता क्या नहीं करता। राजनीतिक अस्तित्व पर जब बन आती है तो कम ही सियासी हस्तियां होती हैं, जो समझौते नहीं करतीं। इसे समझदारी कहें या फिर राजनीति की रवायत, ठाकरे परिवार और पवार कुनबा-दोनों ही एक होने जा रहे हैं। पारिवारिक बिखराव को समेटने की कोशिश तेज हो गई है।

# तीर्थाटन और पर्यटन में अंतर

**हृदयनारायण दीक्षित**



**शंकराचार्य ने एकमात्र ब्रह्म की सत्ता को सत्य मानते हुए कर्मकांड को भी उचित बताया है। उन्होंने काशी के प्रवास में अपना दर्शन सबको बताया था। ब्रह्म को एकमात्र सत्य और संसार को मिथ्या बताने वाले आचार्य शंकर के दर्शन ने परवर्ती संतों का ध्यान भी आकर्षित किया था। शंकराचार्य जगत् को मिथ्या बताते थे। भारत स्वयं में एक तीर्थ है। सारी दुनिया को परिवार बताने वाला यह राष्ट्र शंकराचार्य जैसे दार्शनिकों की जन्मस्थली और कर्मस्थली है। आवागमन के साधन बढ़े हैं। शंकराचार्य के समय न साइकिल थी न रेल। आश्चर्य है कि आचार्य ने कैसे भारत भ्रमण किया होगा? अब आवागमन के व्रतगामी साधन बढ़े हैं। हजारों किलोमीटर की दूरी अल्प समय में तय की जा सकती है। आधुनिक सभ्यता के दबाव में देश के लोगों का एक वर्ग तनाव में रहता है।**

भारतीय संस्कृति उत्सवधर्मा है। यहां बारहों महीने उत्सव चलते हैं। 6 ऋतुएं हैं। प्रत्येक ऋतु के अपने उत्सव हैं। वर्षा और बसंत प्रकृति प्रायोजित उत्सव हैं। शिशिर और हेमंत का क्या कहना। होली सनातन उल्लास है। व्यक्ति की तरह समाज और राष्ट्र की भी ऊर्जा होती है। जैसे मनुष्य अपने शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास करते हैं, वैसे ही समाज और राष्ट्र को स्वस्थ रखने के प्रयास जरूरी हैं और यह प्रयास संस्कृतिधर्मा लोगों द्वारा किया जाता रहता है। उत्स का अर्थ होता है मूल। उत्सव का अर्थ है देश के मूल से जुड़ी सामाजिक सक्रियता। संस्कृति मनुष्य की रचना है। संस्कृति का निर्माण सतत प्रवाही प्रक्रिया है। भारत के मन की संस्कारमय संस्कृति प्राचीन ज्ञान परंपरा में निहित है। भारत की संस्कृति का जन्म और विकास ज्ञान व दर्शन की परंपरा से हुआ है।

भारतीय दर्शन में बुध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं। भारत के राष्ट्रजीवन के सभी धाराओं ने प्रभावित किया है। कपिल का सांख्य दर्शन अनिश्वरवादी माना जाता है। बुद्ध व जैन दर्शन भी ईश्वर की सत्ता को स्वीकार नहीं करते। अद्वैत वेदांत का प्रभाव काफी बड़ा है। अद्वैत की धारा शंकराचार्य के पहले से थी, लेकिन शंकराचार्य ने उपनिषदों, गीता और ब्रह्मसूत्र के तत्वों के आधार पर ब्रह्म को सत्य और जगत को मिथ्या कहा है। वे घर बैठ तर्क का आनंद उठाने वाले कार्यकर्ता नहीं थे।

शंकराचार्य ने देश की एकता को देखते हुए चार धामों की घोषणा की। उन्होंने उत्तर में ऊंचे पहाड़ों पर बद्रीनाथ धाम की स्थापना की और पश्चिम में द्वारका की। पूरब में जगन्नाथ पुरी की और दक्षिण में रामेश्वरम की। चारों स्थान पहले बहुत प्रतिष्ठित नहीं थे लेकिन शंकर की घोषणा के बाद वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गए।

भारत का मन उत्सवी है। भारतीयों की रुचि पर्यटन के बजाय तीर्थाटन में रही है। पर्यटन और तीर्थाटन में मूलभूत अंतर है। पर्यटन में अच्छा खाना, अच्छे होटल और अच्छी सुख-सुविधाएं जरूरी होती हैं, लेकिन तीर्थाटन में इन कारकों की महत्वपूर्ण आवश्यकता नहीं होती। तीर्थाटन में प्रायः किसी ऐसी जगह पर जाते हैं, जहां नदियां आपस में मिलती हैं। जहां प्रकृति खिलती है, जहां किसी न किसी देवता के दर्शन की अभिलाषा रहती है। प्रयागराज इसका जीवंत उदाहरण है। ऋषिकेश की पहाड़ियों के दरश परश से मन संगीतमय हो जाता है। ऋग्वेद में नदियों से पर उतरने के लिए उथले स्थल को तीर्थ बताया गया है। जहां से हम आसानी से नदी पार कर सकते हैं। उपासना परंपरा में किसी देवता के नाम से चले आ रहे पुण्य स्थान तीर्थ कहलाते हैं। कुंभ (प्रयागराज) में सारी दुनिया के लोग आते हैं। करोड़ों लोगों का यह एकत्रीकरण गंगा, जमुना व सरस्वती का संगम बनता है। प्रयागराज दुनिया का आकर्षण है। ऐसे ही हरिद्वार, रामेश्वरम, तिरुपति, कांचीपुरम आदि अनेक स्थलों पर तीर्थ यात्री भूखे-प्यासे चले जाते हैं। अयोध्या, मथुरा, काशी ऐतिहासिक तीर्थ हैं। काशी में शिव दर्शन के लिए लाखों लोग आते हैं। वैसे भारतीय दर्शन में तीर्थाटन की तुलना में दर्शन को ज्यादा श्रेष्ठ बताया गया है।

शंकराचार्य ने एकमात्र ब्रह्म की सत्ता को सत्य मानते हुए कर्मकांड को भी उचित बताया है। उन्होंने काशी के प्रवास में अपना दर्शन सबको बताया था। ब्रह्म को एकमात्र सत्य और संसार को मिथ्या बताने वाले आचार्य शंकर के दर्शन ने परवर्ती संतों का ध्यान भी आकर्षित किया था। शंकराचार्य जगत् को मिथ्या बताते थे। भारत स्वयं में एक तीर्थ है। सारी दुनिया को परिवार बताने वाला यह राष्ट्र शंकराचार्य जैसे दार्शनिकों की जन्मस्थली और कर्मस्थली है। आवागमन के साधन बढ़े हैं। शंकराचार्य के समय न साइकिल थी न रेल। आश्चर्य है कि आचार्य ने कैसे भारत भ्रमण किया होगा? अब आवागमन के व्रतगामी साधन बढ़े हैं। हजारों किलोमीटर की दूरी अल्प समय में तय की जा सकती है। आधुनिक सभ्यता के दबाव में देश के लोगों का एक वर्ग तनाव में रहता है। वह तीर्थाटन का मजा नहीं लेता। पर्यटन को महत्व देता है। पर्यटन से मानसिक शांति नहीं मिलती। तीर्थाटन से लौटे परिवार आनंद से भरे-पूरे दिखाई पड़ते हैं। भारत राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आत्मविश्वास से भरा-पूरा है। पर्यटन उद्योग बन गया है। पर्यटन की दृष्टि से महात्मा गांधी के जन्म और कर्म स्थान साबरमती जाना अपने आप में जीवंत अनुभव है। सरदार पटेल की प्रतिमा केवड़िया, गुजरात में दर्शनीय है। डॉक्टर आम्बेडकर के दिल्ली सहित कई स्थानों पर बने स्मारक दर्शनीय हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय प्रेरणास्थल भी दर्शनीय है। यज्ञ में काफी धन लगता था। इसलिए पुण्य प्राप्त करने के लिए यज्ञ का विकल्प तीर्थ यात्रा बताया गया है। महाभारत वन पर्व के 42वें अध्याय में यज्ञ के विकल्प की चर्चा की गई है। पुलस्त्य भीष्म से कहते हैं कि, ÷ऋषियों के अनुसार यज्ञ करने से इस लोक और परलोक में फल मिलता है। परंतु गरीब मनुष्य यज्ञों का अनुष्ठान नहीं कर सकते। उनके पास साधन नहीं होते।

इसलिए जो साधनहीन हैं, वे तीर्थ यात्रा कर सकते हैं। तीर्थ यात्रा को यज्ञ के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहते हैं, मनुष्य तीर्थ यात्रा से जो फल पाता है वह बड़े से बड़े यज्ञों से नहीं मिलता। महाभारत के रचनाकाल में ज्यादातर तीर्थ कुरुक्षेत्र के आसपास थे। पुष्कर तीर्थ का महत्व बताते हुए कहते हैं, पुष्कर में दस सहस्त्र कोटि तीर्थ का निवास रहता है। यहां पुष्कर तीर्थ का महत्व बताने कि लिए दस खरब तीर्थों की उपस्थिति बताई गई है। बताते हैं कि पुष्कर में ब्रह्मा जी नित्य निवास करते हैं। यहां स्नान करने से अश्वमेघ यज्ञ का दस गुना फल मिलता है। पुष्कर तीर्थ ब्रह्मा से जुड़ा हुआ है। महाकाल (उज्जैन) में शिव के दर्शन से हजार गोदान का फल मिलता है। ऐसी बहस बहुत सी नदियां हैं, जिनमें स्नान करने से यज्ञ के फल मिलते हैं। नर्मदा सहित अनेक नदियों में स्नान से यज्ञों के फल मिलते हैं। महाभारत के रचनाकाल में सरस्वती पर्याप्त जल से भरी हुई दिखाई पड़ती हैं। ये बाद में सूखीं। सिंधु और सागर के मिलन स्थल पर स्नान करने से वरुण लोक मिलता है। सरस्वती ऋग्वेद के ऋषियों की प्रिय नदीतमा हैं। पुलस्त्य कहते हैं कि वायु द्वारा उड़ा कर लाई गई कुरुक्षेत्र की धूल से मनुष्य को परम गति मिल जाती है। जो यहां नहीं रहते कुरुक्षेत्र जाने की इच्छा करें। तीर्थ की प्रशंसा मजेदार है।

## विचार

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले से उठा सवाल

**नीरज कुमार दुबे**



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई और सैन्य हमले किये हैं। ट्रंप ने कहा है कि मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है तथा देश से निकाल दिया गया है और वे अगली कानूनी प्रक्रिया के लिये अमेरिका ले जाये गये हैं। इस कार्रवाई को ट्रंप ने अपनी योजना के मुताबिक सफल बताया है तथा इसे वेनेजुएला में लोकतंत्र की बहाली की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। हालांकि हमले के विवरण और ठोस प्रमाण अभी तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। वहीं वेनेजुएला सरकार ने इसे अमेरिकी सैन्य आक्रमण तथा आंतरिक संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। साथ ही वेनेजुएला में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गयी है तथा नागरिकों से व्यापक विरोध और प्रतिरोध की अपील की गयी है।**

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करने का दावा किया है। यह अंतरराष्ट्रीय जगत में एक संवेदनशील और ऐतिहासिक घटनाक्रम है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई और सैन्य हमले किये हैं। ट्रंप ने कहा है कि मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है तथा देश से निकाल दिया गया है और वे अगली कानूनी प्रक्रिया के लिये अमेरिका ले जाये गये हैं। इस कार्रवाई को ट्रंप ने अपनी योजना के मुताबिक सफल बताया है तथा इसे वेनेजुएला में लोकतंत्र की बहाली की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। हालांकि हमले के विवरण और ठोस प्रमाण अभी तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। वहीं वेनेजुएला सरकार ने इसे अमेरिकी सैन्य आक्रमण तथा आंतरिक संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। साथ ही वेनेजुएला में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गयी है तथा नागरिकों से व्यापक विरोध और प्रतिरोध की अपील की गयी है। इस बीच, विश्व समुदाय के कई देश इस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, कुछ ने इसे कूटनीति की आवश्यकता बताया है जबकि रूस, चीन तथा अन्य ने कड़ी निंदा की है।

देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। जब किसी देश का नेता बिना संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध, बिना स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय विधिक अधिकरण के निर्देश और बिना अन्तरराष्ट्रीय समुदाय की सहमति के किसी दूसरे देश में सैन्य हस्तक्षेप कर उसके सर्वोच्च नागरिक नेतृत्व को हटा देता है तो यह कृत्य न केवल उन मूलभूत मानकों का उल्लंघन है जिन पर आधुनिक विश्व राजनीति टिकी हुई है बल्कि यह नए वैश्विक संकटों के लिये एक मिसाल भी स्थापित करता है। पहला सवाल यह है कि क्या ट्रंप का कदम जायज है? क्या ऐसा किसी भी न्यायिक या राजनीतिक मानक पर सही ठहराया जा सकता है? देखा जाये तो संप्रभुता किसी भी वैश्विक समझ का मूल आधार है और किसी भी देश की आंतरिक व्यवस्थाओं के प्रति बाहरी हस्तक्षेप को तभी वैध ठहराया जा सकता है जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भीतर व्यापक बहुमत द्वारा अनुमोदित हो या जब प्रत्यक्ष एवं सुनिश्चित मानवाधिकार संकट हो। नरसंहार या बड़े पैमाने पर युद्ध अपराध की स्थितियों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसी स्वीकृति मिल सकती है लेकिन वेनेजुएला में ऐसे कोई हालात नहीं थे।

वेनेजुएला की परिस्थिति चाहे जितनी भी विवादास्पद और जटिल रही हो, अमेरिका का यह एकतरफा सैन्य निर्णय अंतरराष्ट्रीय क़ानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों के सीधे विपरीत है। इसे केवल एक देश के भीतर मानवीय संकट या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के समाधान के रूप में पेश करना नास्तिकता के समान है। ट्रंप प्रशासन के पास यदि मादुरो के खिलाफ वाकई मजबूत सबूत थे तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय न्यायालय या किसी बहुपक्षीय मंच पर प्रस्तुत किया जाना चाहिये था न कि अपने देश की सैन्य ताकत का उपयोग कर सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए था। दूसरा सवाल यह है कि क्या कूटनीति की दुनिया में इस कदम को उचित कहा जा सकता है? देखा जाये तो कूटनीति वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक तनावों तथा सत्ता के संघर्षों को बातचीत, समझौते और मध्यस्थता के ज़रिये सुलझाने की कला है। कूटनीति कभी प्रत्यक्ष हिंसात्मक उपायों को प्रोत्साहित नहीं करती। यदि अमेरिका को वास्तव में वेनेजुएला की वर्तमान प्रणाली में विसंगतियाँ और समस्यायें दिखतीं थीं तो उसके लिये संयुक्त राष्ट्र, ओएएस या किसी अन्य बहुपक्षीय संगठन के साथ मिलकर दबाव बनाना अधिक न्यायोचित और प्रभावी विकल्प होता।

## उमर खालिद के समर्थन में उतरना जोहरान मामदानी का

इस पत्र के सामने आने के बाद भारत में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। आलोचकों का कहना है कि किसी विदेशी शहर के मेयर द्वारा भारत के एक संवेदनशील कानूनी मामले में पक्ष लेना अनुचित है। खासकर तब, जब मामला दंगों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हो। न्यूयार्क के मेयर जोहरान मामदानी की ओर से भारत में तिहाड़ जेल में बंद उमर खालिद को भेजे गए एक पत्र ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नया विवाद खड़ा कर दिया है। हम आपको बता दें कि यह पत्र उमर खालिद के माता पिता से मुलाकात के दौरान दिया गया और इसमें मामदानी ने खालिद के विचारों की तारीफ करते हुए लिखा कि वे उनके बारे में सोच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि उमर खालिद पर वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े गंभीर आरोपों की सुनवाई चल रही है।

इस पत्र के सामने आने के बाद भारत में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। आलोचकों का कहना है कि किसी विदेशी शहर के मेयर द्वारा भारत के एक संवेदनशील कानूनी मामले में पक्ष लेना अनुचित है। खासकर तब, जब मामला दंगों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हो। हम आपको याद दिला दें कि उमर खालिद पर गैरकानूनी गतिविधि निरोधक कानून के तहत आरोप हैं और वह न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है। ऐसे में किसी विदेशी जनप्रतिनिधि की ओर से सहानुभूति और प्रशंसा का सार्वजनिक संकेत कई सवाल खड़े करता है। हम आपको बता दें कि मामदानी के पत्र को सिर्फ एक व्यक्तिगत संदेश नहीं माना जा रहा है बल्कि इसे एक राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। भारत और अमेरिका के संबंधों के संदर्भ में भी इस कदम को असहज माना गया है। भारत में यह तर्क उभरा है कि यदि हर देश का स्थानीय नेता दूसरे देश के न्यायिक मामलों पर टिप्पणी करने लगे तो संप्रभुता और संस्थागत सम्मान पर आंच आएगी। देखा जाये तो जोहरान मामदानी का यह कदम साफ तौर पर भारत के आंतरिक मामलों में दखल है। सवाल सीधा है। सवाल उठता है कि न्यूयार्क के मेयर को यह अधिकार किसने दिया कि वह भारत के दंगों से जुड़े एक आरोपी की तारीफ करे और उसे नैतिक समर्थन दे। मामदानी को समझना होगा कि भारत की न्याय व्यवस्था सक्षम है, संवैधानिक है और अपने फैसले खुद लेने में समर्थ है। उमर खालिद कोई साधारण सामाजिक कार्यकर्ता नहीं है, बल्कि उस पर दिल्ली दंगों की साजिश में शामिल होने के गंभीर आरोप हैं।

ऐसे व्यक्ति को वैश्विक मंच से नैतिक समर्थन देना न केवल भारत के लिए गलत है, बल्कि यह एक खतरनाक परंपरा को जन्म देता है। इससे यह संदेश जाता है कि दंगों और हिंसा से जुड़े आरोपों को वैचारिक खोल पहनाकर महिमामंडित किया जा सकता है। यह संदेश उन तत्वों के लिए संजीवनी का काम करता है जो अराजकता और टकराव की राजनीति में विश्वास रखते हैं। मामदानी को यह समझना चाहिए था कि भारत का आंतरिक कानून और व्यवस्था किसी विदेशी राजनेता की राय का मोहताज नहीं। यदि उन्हें मानवाधिकार की इतनी ही चिंता है, तो उन्हें अपने देश में चल रही हिंसा, नस्लीय तनाव और अपराध की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।

भारत में न्याय की प्रक्रिया अदालतों के माध्यम से चलती है, न कि सोशल संदेशों और पत्रों के जरिये। इस तरह का समर्थन सिर्फ भारत में ही नहीं, अमेरिका में भी गलत असर डाल सकता है। जब वहां के नेता दंगों के आरोपी की तारीफ करते हैं, तो यह वहां मौजूद कट्टर और हिंसक विचारधारा के लोगों का हौसला बढ़ाता है। वे इसे यह कहकर पेश कर सकते हैं कि उनके विचारों को वैश्विक मान्यता मिल रही है।

यह लोकतंत्र के लिए घातक संकेत है। लोकतंत्र का अर्थ कानून का शासन है, न कि आरोपियों का महिमामंडन। यह भी याद रखना जरूरी है कि भारत और अमेरिका दोनों ही लोकतांत्रिक देश हैं। लोकतंत्र की बुनियाद एक दूसरे की संस्थाओं के सम्मान पर टिकी होती है। जब कोई विदेशी नेता भारत की न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल खड़े करता है या एक पक्ष को नैतिक ऊंचाई पर बैठाने की कोशिश करता है, तो यह आपसी विश्वास को चोट पहुंचाता है। यह न तो कूटनीतिक मर्यादा के अनुरूप है और न ही जिम्मेदार राजनीति का उदाहरण।



## राशिफल

**मेष:-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**वृषभ:-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुन:-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्क:-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंह:-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है।

**कन्या :-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

**तुला:-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य खराब होगा।

**वृश्चिक:-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनु:-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकर:-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**कुंभ:-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। धन प्राप्ति का योग है।

**मीन:-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का संकट गहरा

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। साल 2022 में ऐसे 47 हमले दर्ज किए गए, साल 2023 में यह बढ़कर 302 हो गए और साल 2024 में यह संख्या 3,200 पार कर गई। इसी अवधि में 23 हिंदुओं की मौत और 152 मंदिरों पर हमले भी दर्ज हुए। मानवाधिकार संगठनों के अध्ययन बताते हैं कि साल 2023 से 2024 के बीच 1,045 से अधिक हमले हुए, जिनमें हत्या, भूमि पर जबरन कब्जा, घर और व्यवसाय को नुकसान पहुंचाना, बलात्कार और जबरन धर्म परिवर्तन (इस्लाम अपनाने) जैसी घृणित घटनाएँ शामिल हैं। समझने वाली बात यह भी है कि हिंसा अपराध होने तक सीमित नहीं है, ये जनसांख्यिकीय संकट का संकेत भी है। साल 1974 में बांग्लादेश की कुल आबादी में हिंदू समुदाय 13.5 प्रतिशत था, जबकि मुसलिम आबादी 85.4 प्रतिशत थी।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की स्थिति आज भयावह से भी आगे बढ़ चुकी है। हत्या, आगजनी, भीड़ हिंसा और झूठे धर्म अपमान के आरोप अब सिर्फ विशेष घटनाओं तक सीमित नहीं रहे, ये एक स्थायी और व्यवस्थित समस्या बन चुकी है। पिछले 20 दिनों में ही चौथी बार किसी हिंदू युवक की हत्या ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वहाँ कानून की पकड़ टूट चुकी है और इस्लामिक कट्टरता को खुलेआम जगह मिल रही है। मयमनसिंह, ढाका और पिरोजपुर तक फैली हिंसा अलग-अलग घटनाओं का संग्रह भर नहीं है, यह सामूहिक सामाजिक विफलता की अभूतपूर्व तस्वीर है जो आज बांग्लादेश में हमें दिखाई देती है।

ढाका के नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट में शनिवार (3 जनवरी, 2026) को 50 वर्षीय हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसे पहले धारदार हथियारों के हमला कर पूरी तरह से लहूलुहान कर दिया गया था और उसके बाद उसे आग के हवाले कर दिया गया था। खोकन चंद्र दास अपनी दवाई की दुकान बंद कर रात में ऑटो से घर लौट रहे थे, इस बीच रास्ते में कुछ हमलावरों ने उन्हें रोका और बुरी तरह से मारा। इसके बाद उन पर पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जला दिया। हालांकि, इस घटना के बाद तीन दिनों तक खोकन दास जिंदगी के लिए मौत और असहनीय तकलीफ से जूझते रहे, लेकिन अंत में हार गए। इससे पहले मयमनसिंह जिले में 29 दिसंबर 2025 की शाम बजेंद्र बिस्वास की गोली मारकर हत्या की गई थी। कहना होगा कि बांग्लादेश में बार-बार हो रही हिंदुओं के खिलाफ हिंसा ने फिर सवाल खड़े कर दिए कि सुरक्षा व्यवस्था किनके लिए है और किनके लिए नहीं। पुलिस इसे केवल ÷दुर्घटना÷ मानने की कोशिश कर रही है, किंतु जिस सामाजिक और राजनीतिक माहौल में यह हुआ, वह इसे सामान्य घटना नहीं रहने देता। 18 दिसंबर को दीपू चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला और उसका शव सार्वजनिक रूप से जलाया, जो बर्बर तरीके से की गई हिंसक घटना थी। बांग्लादेश को लेकर बीते कुछ वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि यह समस्या यहां अचानक उत्पन्न नहीं हुई है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। साल 2022 में ऐसे 47 हमले दर्ज किए गए, साल 2023 में यह बढ़कर 302 हो गए और साल 2024 में यह संख्या 3,200 पार कर गई। इसी अवधि में 23 हिंदुओं की मौत और 152 मंदिरों पर हमले भी दर्ज हुए। मानवाधिकार संगठनों के अध्ययन बताते हैं कि साल 2023 से 2024 के बीच 1,045 से अधिक हमले हुए, जिनमें हत्या, भूमि पर जबरन कब्जा, घर और व्यवसाय को नुकसान पहुंचाना, बलात्कार और जबरन धर्म परिवर्तन (इस्लाम अपनाने) जैसी घृणित घटनाएँ शामिल हैं।

समझने वाली बात यह भी है कि हिंसा अपराध होने तक सीमित नहीं है, ये जनसांख्यिकीय संकट का संकेत भी है। साल 1974 में बांग्लादेश की कुल आबादी में हिंदू समुदाय 13.5 प्रतिशत था, जबकि मुसलिम आबादी 85.4 प्रतिशत थी। साल 2022 की जनगणना में हिंदुओं का हिस्सा घटकर केवल 7.96 प्रतिशत रह गया। यह स्पष्ट संकेत है कि सामाजिक-दबाव, हिंसा और विस्थापन के कारण यहां हिन्दू अल्पसंख्यक समुदाय लगातार सिकुड़ रहा है। धर्म के अपमान या 'ईशनिंदा' के झूठे आरोप भी तेजी से बढ़े हैं। साल 2025 की जून से दिसंबर अवधि में कम से कम 71 ऐसे मामले दर्ज किए गए। यह दिखाता है कि सोशल मीडिया और अफवाहें समुदायों को भड़काने का माध्यम बन गई हैं और फिर भीड़ हिंसा को बढ़ावा दिया जाता है। राजनीतिक और प्रशासनिक विफलता इस संकट को और गंभीर बनाती है। बांग्लादेश खुद को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में पेश करने की कोशिश करता है लेकिन उसका व्यवहार इससे उलट है। राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी ताकतों का उभार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें और वीडियो निर्दोष लोगों के जलते घर और पीड़ितों की तस्वीर यहां जीते-जागते सामूहिक असहिष्णुता का दस्तावेज हैं।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समुदाय के लिए भी यह एक गंभीर चेतावनी है। संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अनुसार हर राज्य की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। जब एक धर्मनिरपेक्ष देश अपनी अल्पसंख्यक आबादी की सुरक्षा में असफल होता है तो यह संरचनात्मक मानवाधिकार संकट बन जाता है। भारत सहित कई देशों ने अपनी चिंता व्यक्त की है लेकिन कूटनीतिक बयान और चेतावनी अब तक बांग?लादेश के संदर्भ में पर्याप्त नहीं है। समस्या को रोकने के लिए कट्टरपंथी समूहों पर कठोर कार्रवाई, दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी प्रावधान और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आज बेहद अनिवार्य है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### खोया मोबाइल फोन उसके धारक को किया सुपुर्द



**सीतापुर।** अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपदीय पुलिस को भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग एवम् खोये हुए/लावारिस स्थिति में मिलने वाले समानों को सकुशल उनके स्वामियों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्दगी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष शपीयुष सिंह के नेतृत्व में थाना रामपुरकलां पुलिस टीम द्वारा 01 अदद खोया हुआ मोबाइल फोन Realme को CEIR पोर्टल पर ट्रैक कर बरामद कर मोबाइल फोन को उसकी धारक तूलिका सिंह पुत्री शैलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मुनौना थाना रामपुरकलां जनपद सीतापुर को सुपुर्द किया गया। मोबाइल स्वामी द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

### सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चलाया जागरूकता अभियान



**सीतापुर।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शहर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत लालबाग, रोडवेज बस स्टॉप एवं रेलवे स्टेशन जैसे प्रमुख और भीड़भाड़ वाले चौराहों पर परिवहन विभाग ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और सड़क सुरक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और उनका पालन है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की।यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने कहा कि नशा नहीं तेज रफ्तार सड़क हादसों की प्रमुख वजह है। वाहन चलाते समय इससे बचना चाहिए। इस अवसर पर पीटीओ एम.ए. आब्दीन, आर.आई. संजय कुमार ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े हादसों का कारण बन जाती है। यदि सभी नागरिक यातायात नियमों को अपनी आदत में शामिल कर लें तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लखनऊ से आए कलाकारों ने बिना हेलमेट वाहन चलाने से होने वाले सड़क हादसों, गंभीर चोटों एवं मृत्यु जैसी घटनाओं का मार्मिक मंचन किया। कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुति ने लोगों को गहराई से सोचने पर मजबूर किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

### सुधा द्विवेदी की पुत्री रितिका ने मरीजों एवं वृद्धजनों को बांटे फल व अंग वस्त्र



**डलमऊ, रायबरेली।** श्री फाउंडेशन के चेयरमैन मनोज द्विवेदी दादा एवं सुधा द्विवेदी की बड़ी बेटी रितिका द्विवेदी ने अपने जन्मदिन को अवसर बनाकर मरीजों एवं वृद्ध जनों की सेवा करने का संकल्प लिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वृद्ध आश्रम पहुंचकर मरीजों एवं वृद्ध जनों को फल बिस्कुट अंग वस्त्र आदि वितरित कर अपना जन्म दिवस मनाया रितिका द्विवेदी ने 4 जनवरी को अपने जन्म दिवस के अवसर पर डलमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और वहां भर्ती मरीजों को फल बिस्किट आदि वितरित किया और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की उसके उपरांत वह कस्बा स्थित वृद्ध आश्रम पहुंची जहां पर मौजूद वृद्ध जनों को फल एवं अंग वस्त्र वितरित कर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया इसके बाद वह डलमऊ नगर के विभिन्न मोहल्ले में पहुंचकर नन्हे मुन्ने बच्चों को उपहार भेंट किया और बच्चों के साथ केक काटा रितिका द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने अपने जन्म दिवस को अवसर बनाकर बुजुर्गों मरीजों गरीबों एवं बच्चों की सेवा करने का संकल्प लिया था उन्हें ऐसा करके आसीम सुख की प्राप्ति होती है वह हमेशा ऐसे कार्य करती रहती है इस मौके पर श्री फाउंडेशन के नगर अध्यक्ष पिंटू तिवारी सूरजपाल ठाकुर युवराज सिंह अभिषेक द्विवेदी शिवाकांत सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

### तीन दिन बाद शव को रिपोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, आगे की कार्रवाई शेष

**सरेनी, रायबरेली।** नासिक में काम करने गए 22 वर्षीय युवक की मौत के मामले में अब पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।मृतक के भाई की तहरीर पर सात नामजद और पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।परिजनों की मांग पर शव को दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया,जिसके बाद रविवार को तीसरे दिन शव को रीपोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने के बाद पीडित परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।यह मामला सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे बल्दी मजरे सिंघौर तारा गांव से जुड़ा है।मृतक तेज बहादुर यादव नासिक में शटरिंग का काम करता था।परिजनों का आरोप है कि 31 दिसंबर को विवाद के बाद साथ में काम करने वाले पडोसी गांव के लोगों और साइट इंजीनियरों ने तेज बहादुर के साथ मारपीट की,जिससे उसकी मौत हो गई।परिजनों का कहना है कि नासिक पुलिस की शुरुआती कार्रवाई से वे संतुष्ट नहीं थे।बीती 2 जनवरी को जब युवक का शव उसके गांव पहुंचा तो हड़कंप मच गया।वहीं नाराजगी के चलते परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया।लगभग तीन दिन तक शव को लेकर विरोध चलता रहा और न्याय की मांग की जाती रही।मामले के तूल पकड़ने के बाद सरेनी पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर सात नामजद और पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।इसके साथ हीशव को कब्जे में लेकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और पीड़ित परिवार को न्याय का इंतजार है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज 05 जनवरी 2026 दिन सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

### नालियों में गंदगी का अंबार, जिम्मेदार जानकर भी बन रहे अनजान

**बछरावां, रायबरेली।** विकासक्षेत्र की बिशुनपुर ग्रामसभा अंतर्गत संजय नगर मोहल्ले में जीजीआईसी (राजकीय बालिका इंटर कॉलेज) के बगल वाली गली की नाली में गंदगी जमा होने से मोहल्ले वासियो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से नाली की सफाई न होने के कारण पानी का बहाव पूरी तरह बाधित हो गया है। नाली में जमा कचरा और गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है, जिससे दुर्गंध के साथ-साथ मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रास्ते से स्कूली छात्राओं, महिलाओं और बुजुर्गों का प्रतिदिन आवागमन होता है, लेकिन गंदगी के कारण निकलना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत के अधिकारियों व ग्राम प्रधान को इस समस्या से अवगत कराया, बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाली की सफाई कराने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि संभावित बीमारियों से बचाव हो सके।

### उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया कम्बल वितरण

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र के जाने माने बिजनेस मैन और समाज सेवी और ताज ग्रुप के संचालक मोहम्मद वसीम बच्चा और डा. नसीम ने भीषण सर्दी को देखते हुए विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी अपने निवास हुसैनियां में कम्बल वितरण किया।कम्बल वितरण कार्यक्रम बदरुन निशा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने की। कम्बल वितरण को लेकर उनके निवास पर सुबह से ही गरीबों की भीड़ लगी रही और लगभग डेढ हजार से अधिक लोगों को सर्दी से बचाओ के लिए कम्बल बांटें गए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम चंद्र शेखर गौतम, समाज सेवी जावेद अख्तर सहित कई सभासद और समाजसेवी मौजूद रहे। बताते चलें कि कस्बे का प्रसिद्ध बिजनेसमैन घराना ताज ग्रुप के समाज सेवी मोहम्मद वसीम बच्चा और डा. नसीम हर साल गरीबों के लिए कम्बल वितरण करने का काम करते हैं।

### लायंस क्लब द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

**राठ, हमीरपुर।** लायंस क्लब राठ और सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के तत्वावधान में कछवा कलां में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 245 मरीजों का परीक्षण कर निशुल्क दवाएं व चश्मे वितरित किए गए। मोतियाबिंद के लिए चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव यशवर्धन शिवहरे, अजय राजपूत, डॉ प्रशांत सिंह, नीत कुमार दुबे, डॉ राजेश गर्ग, एवं स्वदेश राजपूत सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम की पहल पर कराया जा रहा लाइब्रेरी का निर्माण

- ग्राम पंचायत द्वारा स्थापित कराई जा रही लाइब्रेरी से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को मिलेगा लाभ



**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत सुगिरा द्वारा छात्र-छात्राओं के अध्ययन सुविधा हेतु लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षार्थियों के लिए गांव में सुविधा न होने के कारण उन्हें शहर में जाकर अध्ययन करना पड़ता है, जिसके लिए किसानों और मजदूरों के बच्चों को पढ़ने के लिए भारी आर्थिक दबाव रहता है और कम आय स्थिति वाले अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पाते। इन्हीं सब असुविधाओं को देखते हुए ग्राम पंचायत सुगिरा द्वारा सुगिरा गढ़ी में एक हाल को आधुनिक रूप से सजाया व संवारा जा रहा है। ग्राम पंचायत प्रतिनिधि काशीराम ने बताया कि उक्त लाइब्रेरी जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की पहल पर बनाई जा रही है। कक्षा में टाइल्स बाल पुट्टी फर्नीचर लाइट फिटिंग के साथ एयर कंडीशनर की व्यवस्था की जा रही है।

## तेज रफ्तार बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर राहगीर किसान को मारी टक्कर

- हादसे में हुई किसान की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**श्रीनगर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बिलखी में तेज रफ्तार बेकाबू बाइक की टक्कर से राहगीर किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जाँच शुरू कर दी है।

किसान की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते चलें कि थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बिलखी निवासी 45 वर्षीय किसान मुन्नी लाल रैकवार पुत्र अनारीलाल अपने खेत से पैदल वापस घर जा रहा था, तभी गांव के बाहर वन विभाग के पास तेज रफ्तार बाइक सवार उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे की चपेट में आकर घायल हुए किसान को राहगीरों और पुलिस की मदद से चिकित्सीय उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहाँ ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया।

रविवार को श्रीनगर थाना पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक अपने पीछे पत्नी उर्मिला व पाँच बच्चों अंशुल, मनीषा, प्राची, शिक्षा, सोनम को रोता बिलखता छोड़ गया है। घटना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

- कमरे में खुद को बन्द कर की जीवनलीला समाप्त
- इंटरमीडिएट का छात्र था मृतक राघवेन्द्र
- शव पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच में जुटी पुलिस

**चरखारी/महोबा।** कस्बा के रायनपुर मोहल्ले में रहकर कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रहे इंटरमीडिएट के छात्र खरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कमलखेड़ा निवासी गोकुल के 18 वर्षीय पुत्र राघवेंद्र ने कमरे को अंदर से बंद कर फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। छात्र को फांसी से लटकता देख परिजनों में हड़कम्प मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। फाँसी के फन्दे से लटके राघवेंद्र ने दम तोड़ दिया था। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की हर पहलू से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि खरेला थाना क्षेत्र के कमलखेड़ा गांव के रहने वाले गोकुल का 18 वर्षीय पुत्र राघवेंद्र कस्बा के रायनपुर मोहल्ला में रहने वाले अपने रिश्तेदार उज्जवल पाल के घर में रहकर कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करता था और इंटरमीडिएट का छात्र था।शाम को उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक संपन्न



**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (स.इ.क्र.) व आगामी अभियानों को लेकर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों के साथ व्यापक व महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक कर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान की गति बढ़ाने को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि पार्टी सभी मतदाता गहन पुनरीक्षण सहित आगामी अभियानों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए रणनीति तैयार कर रही है।

इस अवसर पर विश्राम सागर राठौर उदित बाजपेई नैमिष रतन तिवारी रोहित सिंह सुधीर सिंह रमेश भार्गव दीपू जया सिंह विष्णु मौर्य सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रद्धेय बाबूलाल तिवारी की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को वितरित किए गए कंबल

**कुलपहाड़/महोबा,समृद्धि न्यूज।**




लोक चेतना के प्रतीक श्रद्धेय बाबूलाल तिवारी की पुण्यतिथि पर जैतपुर स्थित सहकारी संघ सभागार मे समाजसेवियों ने भव्य कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित कर गरीब, असहाय एवं दिव्यांगों को कंबल का वितरण किया। विकास खण्ड जैतपुर पुलिस चौकी के निकट स्थित सहकारी संघ सभागार मे शनिवार को लोक चेतना के प्रतीक स्मृति शेष श्रद्धेय श्री बाबूलाल तिवारी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित मुकुंद फाउंडेशन के संयोजक मनोज तिवारी एवं उनके साथ मे उपस्थित क्षेत्रीय समाजसेवी व राजनेताओं जैसे की सहकारी संघ के अध्यक्ष महेश अग्रवाल व संस्कृत विद्यालय जैतपुर के प्रबंधक मैथली शरण अग्रवाल एवं बहुउद्देशीय सोसायटी के संचालक सुशील गुप्ता, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला अनुरागी, पूर्व प्रधान कैथोरा चरण यादव, पूर्व प्रधान बछेछर खुर्द गुलाब यादव, रामनारायण कुशवाहा, मथुरा प्रसाद, राजकिशोर, परमेश्वरी दयाल, सचिन नायक, सत्येंद्र नायक एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने उनकी प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि देकर चित्र पर फूल-माला डालकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा बताये गए मार्ग व पदचिन्हो पर चलने एवं उनके द्वारा कहीं हुई बातों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन मे अनुशरण करने की बात कहीं गई। इस कार्यक्रम के अंत मे सभागार मे उपस्थित गरीबो, असहाय, वृद्ध विकलांगों, किसानों आदि को सम्मान पूर्वक बड़ी संख्या में कम्बल वितरित कर गरीब पात्रों के चेहरों पर खुशी देखकर पुष्पांजलि कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## नेट की परीक्षा देकर वापस लौट रहे पुलिस जवान को ट्रक ने मारी टक्कर, हुई मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र शिवगढ़ के अंतर्गत रानीखेड़ा गांव के पास बांदा बहराइच राजमार्ग पर बीते शनिवार की देर रात लगभग 9:30 के आसपास नेट की परीक्षा देकर लौट रहे एक पुलिस जवान को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवगढ़ थाना क्षेत्र के निहाल खेड़ा मजरे भौसी गांव के रहने वाले पुलिस जवान शिवनारायण पुत्र रामलोटन जो वर्ष 2019 बैच के सिपाही थे। वह वर्तमान समय में जनपद जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डायल 112 पुलिस में तैनात थे। शनिवार की देर रात वह अपनी बाइक से नेट की परीक्षा देकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह रानीखेड़ा गांव के पास पहुंचे तभी अत्यधिक कोहरा होने के कारण एक ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। वहीं टक्कर लगते ही उक्त पुलिस जवान सड़क मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा तत्काल उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस जवान की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस के द्वारा उक्त ट्रक एवं ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं उक्त घटना में मृतक जवान को शिवगढ़ थाना अध्यक्ष विंध्य विनय के द्वारा सलामी देकर विदाई दी गई है।

## मिशनशक्ति अभियानः पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

- छात्राओं-बालिकाओं एवं महिलाओं को किया अधिकारों के प्रति जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई। महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।

## डंपर क्लिनिक में घुसा चालक की हुई मौत, खलासी ने कूद कर बचाई जान



**सुमेरपुर।** खूनी नेशनल हाईवे पर शनिवार की रात करीब 11-30 बजे डाकघर के बगल में एक अनियंत्रित डंपर क्लीनिक में घुस गया। जिससे क्लिनिक की क्षतिग्रस्त हो गई और डंपर चालक की केबिन में दबकर मौत हो गई। वहीं खलासी ने कूद कर जान बचाई। रात करीब 11:30 बजे कानपुर से कबरई की ओर जा रहा एक डंपर सामने से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक से टकराने के बाद डाकघर के बगल में डॉक्टर बी एन सिंह गौतम के क्लीनिक में जा घुसा।जिससे क्लीनिक की शटर एवं दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं जालौन जनपद के कुढ़ना गांव निवासी रिंकू ( 24) पुत्र देवीप्रसाद डंपर चालक की केबिन में दबकर मौत हो गई।वहीं इसी गांव निवासी खलासी अवधेश ने डंपर से कूद कर जान बचाई। अचानक हुई इस घटना से मोहल्ले में दहशत फैल गई और लोग घरों से निकल कर सड़क पर आ गए। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर में फंसे चालक को पीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने डंपर को क्लिनिक से हटा कर सड़क किनारे खड़ा कराया।तब आवागमन बहाल हो सका।

## इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों ने मनाया अधिकारिता दिवस

- इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगेः डॉ. गणेश सिंह



**हमीरपुर।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मार्थ चिकित्सालय पटकाना में अधिकारिता दिवस का कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ काउंट सीजर मैटी को स्मरण कर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान बुंदेलखंड प्रभारी डॉ नरेंद्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी विधा से चिकित्सा व्यवसाय करने का पूर्ण अधिकार है। यह अधिकार उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग-6 द्वारा दिनांक 04 जनवरी 2012 को बोर्ड आफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसन उप्र के नाम शासनादेश जारी कर प्रदान किया गया था। इसी अवसर को मनाने के लिये प्रति वर्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा यह दिन अधिकारिता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा आज भी है। जिला प्रभारी डॉ गणेश सिंह ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगे। आज का दिन हम सबके लिये गौरव का दिन है। उप्र शासन ने शासनादेश जारी कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सारी बाधायें दूर करते हुये अधिकार प्रदान किया था। डॉ मानसी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक 4 जनवरी से 11 जनवरी तक अधिकारिता सप्ताह मानते हुए जनता के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर अपनी पहचान बना सकते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ प्रशान्त राय वैज्ञानिक के वी के कुरारा, प्रियंका राय, विधिक सलाह कार अंकुर नियम एडवोकेट एवं शुभम् पटेल एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## जेसीआई ने शिविर लगाकर निशुल्क चाय व टोस्ट बांटे



**राठ, हमीरपुर।** जेसीआई द्वारा रविवार को निशुल्क चाय एवं टोस्ट वितरण का आयोजन पुरानी तहसील के पास नेहरू चौराहा में किया गया। इस सर्दी से ठिठुरते हुए बाजार में आए हुए ग्राहक और दुकानदारों को जैक के सभी सदस्यों ने मिलकर चाय पिलाने के लिए उन्हें आमंत्रित किया। ग्राहकों तथा दुकानदारों को चाय एवं टोस्ट प्रदान किया। जिससे बाजार में आए ग्राहक और बाजार के समस्त दुकानदारों ने इस सर्दी में चाय और टोस्ट का आनंद लिया। कार्यक्रम निदेशक जेसी धर्मेंद्र कोस्टा और जेसी राजेश सक्सेना ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में इस ठिठुरती हुई सर्दी में बाजार में कई गांव से आए हुए लोगों ने चाय का आनंद लिया और टोस्ट का नाश्ता किया। दुकानदार भाइयों ने भी इस कार्यक्रम में आकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में उपस्थित जेसी के अध्यक्ष शिवशरण सोनी, सचिव जेसी मोहम्मद रिजवान, जेसी डॉ.सुरेंद्र सिंह, संस्थापक सदस्य केजी अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ.नवीन बुधौलिया, प्रदीप गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, प्रमोद सर्राफ, हरिकिशन राजपूत, सूर्यमणि तिवारी, सुयश भानु शिवहरे, डॉ.बृजेंद्र पचौरी, काशी प्रसाद गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, प्रमोद सर्राफ तथा नगर के गणमान्य व्यक्ति में रहमत अली, नीलेश अग्रवाल, नौशे खां आदि लोगों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका प्रदान की।

## रेलवे गेट बंद कर ठेकेदार एक हफ्ते से गायब, किसान परेशान

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रेलवे लाइन के इंगोहटा के पास गेट संख्या 25 पर अंडर ब्रिज निर्माण के लिए गेट बंद कर कार्यदायी संस्था का ठेकेदार मजदूरों सहित एक सप्ताह से लापता है। इससे गांव के किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

अशोक मिश्र, राम अवतार साहू, राजू अनुरागी, राघवेंद्र सिंह, रमेश सिंह, सज्जन तिवारी आदि सैकड़ो किसानों का कहना है कि यदि दो माह के अंदर गेट का निर्माण नहीं हुआ तो फसल कटाई के समय खेतों तक पहुंचने में भारी परेशानी होगी। हार्वेस्टर मशीन बिना लंबे-चौड़े गेट के रेलवे लाइन के उस पार नहीं जा पाएगी। इंगोहटा गांव की आधी खेती करीब एक हजार बीघे खेती रेल पटरी के उस पार होने से समस्या और गंभीर हो गई है। उन्होंने बताया कि गेट संख्या 26 के अंडर ब्रिज में कीचड़ तो हटा दिया गया, लेकिन ऊबड़-खाबड़ रास्ते को समतल नहीं किया गया। इससे आवागमन में कठिनाई हो रही है। किसानों ने बताया कि दो माह बाद फसल कटाई का समय आ जाएगा और ऊंची-चौड़ी हार्वेस्टर मशीन अंडर ब्रिज से नहीं निकल पाएगी। गर्मी के समय निर्माण होता तो फसल घर आ जाती । किसानों ने कहा कि मौजूदा मौसम में गेट बंद कर निर्माण में देरी से भारी समस्या खड़ी हो रही है। यदि दो माह में ब्रिज नहीं बना तो फसल कटाई का भगवान ही मालिक होगा। उन्होंने गेट 26 का रास्ता समतल करने और गेट 25 पर हार्वेस्टर लायक ऊंचाई-चौड़ाई का गेट बनाने की मांग की है, किसानों ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी न हुई और हीला-हवाला किया गया तो वह लोग आंदोलन करने को विवश होंगे। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी रेल विभाग की होगी। वहीं रेलवे सहायक मण्डल अधिकारी बांदा दीपक कुमार का कहना है कि गेट संख्या 26 के ऊबड़ खाबड़ रास्ते को ठीक कराते हुए गेट संख्या 25 के अंडर ब्रिज का निर्माण ठेकेदार से वार्ता कर शीघ्र शुरू कराया जाएगा।

## पूर्व सांसद के मामा की हार्ट अटैक से मौत

**बिवांर, हमीरपुर।** पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की ननिहाल निवादा गांव में है। सांसद के मामा रामशरण सिंह 80 सुबह अलाव ताप रहे थे तभी अचानक हार्ट अटैक होने पर अलाव तापते ही जमीन में गिरकर मौत हो गई। उसको मृत देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, राठ विधायक मनीषा अनुरागी, थाना अध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने जाकर परिजनों को सांत्वना देकर शोक प्रकट किया। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक दो शादीशुदा पुत्रों को रोते-बिलखते छोड़ गया है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद अमेठी

पत्रांक : 975 / न0पा0प0 जायस / पं0रा0वि0आ0/2025-26 दि0 : 02/01/2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद जायस में पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 24.01.26 को समय 02 बजे अपरान्ह तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। समस्त निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक 24.01.26 को समय 04 बजे अपरान्ह कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.01.26 को समय पूर्वान्ह 10 बजे से 2 बजे तक नगर पालिका परिषद जायस के कार्यालय से निकाय द्वारा अधिकृत कर्मचारी से निर्धारित मूल्य पर प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्य की अनुमानित लागत की 10 प्रतिशत धनराशि की एन0एस0सी0/टी.डी.आर./एफ.डी.आर. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जायस के पदनाम से बन्धक कर जमानती धनराशि के रुप में निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अथवा नगद धनराशि कार्यालय में जमा कर रसीद की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। बिना जमानती धनराशि के निविदा स्वीकार नहीं होगी। शासनादेश संख्या- 8/2017/836/23.07.17-176 (सा0)/06 दिनांक 08.06.2017 के अनुसार कार्य की विभागीय दरों से ठेकेदार द्वारा 10 प्रतिशत कम दर तक 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 1 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स गारण्टी अनुबन्ध गठन के पूर्व देय होगी। बिना कोई कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य नियम व शर्तों तथा कार्य के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| कार्य संख्या | निर्माण कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु0) | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत (रु0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 1 के अन्तर्गत तोता राम के घर रघु के घर तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 139000.00 | 13900.00 | 400.00 |
| 2 | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 2 मे रोहित के मकान से हबीब के मकान तक नाली निर्माण कार्य | 277000.00 | 27700.00 | 700.00 |
| 3. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 02 के अन्तर्गत राम बाबू के मकान से सहज राम के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 688000.00 | 68800.00 | 1800.00 |
| 4. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 2 के अन्तर्गत मलिक मोहम्मद भारतीय इन्टर कॉलेज प्रागंण में इन्टरलॉकिग निर्माण कार्य। | 957000.00 | 95700.00 | 1800.00 |
| 5. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 2 के अन्तर्गत आरती के मकान से मलिक मोहम्मद शोध सस्थान तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 744000.00 | 74400.00 | 1800.00 |
| 6. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 2 के अन्तर्गत गंगाराम पासी के मकान से अर्जुन के घर होते हुए राम हरक पासी के घर तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 619000.00 | 61900.00 | 1500.00 |
| 7. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 3 के अन्तर्गत जगदीशपुर रोड से इमामबाडा के गेट तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 992000.00 | 99200.00 | 1800.00 |
| 8. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 3 के अन्तर्गत चुम्मी के घर से संजय हेला के घर इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 227000.00 | 22700.00 | 600.00 |
| 9. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 4 के अन्तर्गत स्थित मंगल कुआ सौदर्याकरण एवं मगल कुआ के पास सी0सी0रोड निर्माण कार्य। | 692000.00 | 69200.00 | 1800.00 |
| 10. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 5 के अन्तर्गत जब्बार के घर से अब्दुल खालिद के घर तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 823000.00 | 82300.00 | 1800.00 |
| 11. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 5 के अन्तर्गत नन्हे शहीद बाबा परिसर मे इन्टरलॉकिग एवं नाली निर्माण कार्य। | 884000.00 | 88400.00 | 1800.00 |
| 12. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 5 के अन्तर्गत राधे के मकान से गिरधारी के मकान होते हुए जीतेन्द्र के मकान तक इन्टरलॉकिग एंव नाली निर्माण कार्य। | 670000.00 | 67000.00 | 1800.00 |
| 13. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड 05 मे राम अवध के घर से छोटे लाल और बलराम के घर होते हुए अनिल के घर तक नाली निर्माण कार्य | 539000.00 | 53900.00 | 1300.00 |
| 14. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 6 के अन्तर्गत काली जी के मन्दिर परिसर मे इन्टरलॉकिग निर्माण कार्य। | 184000.00 | 18400.00 | 500.00 |
| 15. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 6 के अन्तर्गत रोशन के घर से धम्मन के घर तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 359000.00 | 35900.00 | 900.00 |
| 16. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 7 के अन्तर्गत बाबादीन के मकान के पीछे से सुन्दर के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण काय। | 349000.00 | 34900.00 | 900.00 |
| 17. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 7 के अन्तर्गत कल्लू वर्मा के मकान से सन्दीप वर्मा के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 244000.00 | 24400.00 | 600.00 |
| 18. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 7 के अन्तर्गत मीर आलम के मकान से लाल के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 172000.00 | 17200.00 | 500.00 |
| 19. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 7 के अन्तर्गत रवि के मकान से राम प्रताप के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 995000.00 | 99500.00 | 1800.00 |
| 20. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 8 के अन्तर्गत निसार किराना से उमेश मास्टर के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 225000.00 | 22500.00 | 600.00 |
| 21. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 8 के अन्तर्गत राम दास के मकान से रामलखन के मकान तक इन्टरलॉकिग व नाली निर्माण कार्य। | 279000.00 | 27900.00 | 700.00 |
| 22. | राजकीय इण्टर कालेज जायस में शहीद हेड कान्सटेबल अरूण कुमार के शहीद स्मारक का सौन्दर्याकरण का कार्य। | 273000.00 | 27300.00 | 700.00 |
| 23. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत स्वर्णकार समाज प्राचीन पूजा स्थल मे इन्टरलॉकिग कार्य। | 915000.00 | 91500.00 | 1800.00 |
| 24. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत लियाकत के मकान से अनिल के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 487000.00 | 48700.00 | 1200.00 |
| 25. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत दियुहरियन देवी जी के स्थान पर इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 646000.00 | 64600.00 | 1800.00 |
| 26. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत मोहम्मद वसीम अंसारी की दुकान से सादाफ के घर तक नाली व इन्टरलॉकिग रोड निर्माण कार्य। | 667000.00 | 66700.00 | 1800.00 |
| 27. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत अशार्फी लाल के मकान से अकील खान के प्लाट तक नाला निर्माण कार्य। | 866000.00 | 86600.00 | 1800.00 |
| 28. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत अच्छे के मकान से माहन लोधी के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 985000.00 | 98500.00 | 1800.00 |
| 29. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत तौफीक के मकान से दिलीप के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 299000.00 | 29900.00 | 800.00 |
| 30. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत अहमद के मकान से सलाउद्दीन के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 372000.00 | 37200.00 | 900.00 |
| 31. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत दिब्य काम्प्लेक्स के पास आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 298000.00 | 29800.00 | 800.00 |
| 32. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत बसंल लाल के मकान से जाने आलम के मकान होते हुए शरीफ के मकान तक इन्टरलॉकिग एवं नाली निर्माण कार्य। | 582000.00 | 58200.00 | 1400.00 |
| 33. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत आलमीन के मकान से सरवरी के मकान तक इन्टरलॉकिग व नाली निर्माण कार्य। | 706000.00 | 70600.00 | 1800.00 |
| 34. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत ब्लासमस स्कूल के परिसर मे इन्टरलॉकिग निर्माण कार्य। | 812000.00 | 81200.00 | 1800.00 |
| 35. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत कजियाना कला में बुलाकी बाबा के घर से रमजान रोटी वाले के घर तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 761000.00 | 76100.00 | 1800.00 |
| 36. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत असलम अंसारी के मकान से वहाबुद्दीन के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 759000.00 | 75900.00 | 1800.00 |
| 37. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 11 के अन्तर्गत मकसूद मियां के चबूतरे के पास रिटेनिग वाल निर्माण कार्य। | 950000.00 | 95000.00 | 1800.00 |
| 38. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय मौलवीकला मे मिट्टी भराई का कार्य। | 264000.00 | 26400.00 | 700.00 |
| 39. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत राम देव के मकान से राम सुमेरे के मकान होते हुए राजबहादुर के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 938000.00 | 93800.00 | 1800.00 |
| 40. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत युनुस के घर के सामने से बाबू लाल के घर तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 928000.00 | 92800.00 | 1800.00 |
| 41. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत मनोज के घर से बबलू के घर तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली मरम्मत का निर्माण कार्य। | 152000.00 | 15200.00 | 400.00 |
| 42. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत त्रिभुवन के मकान से गंगाराम के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिग निर्माण कार्य। | 217000.00 | 21700.00 | 600.00 |
| 43. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 12 के अन्तर्गत संकठाप्रसाद के घर से शिवकुमार पाल के घर तक इन्टरलॉकिग रोड निर्माण कार्य। | 441000.00 | 44100.00 | 1100.00 |
| 44. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 13 के अन्तर्गत रामराज के ट्यूबबेल से लालबाबू पासी के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 297000.00 | 29700.00 | 700.00 |
| 45. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 13 के अन्तर्गत राम बाबू के मकान से राम मिलन के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 212000.00 | 21200.00 | 500.00 |
| 46. | नगर पालिका परिषद् जायस के वार्ड 13 के अंतर्गत इमाम अली के घर के सामने से शक्ति मां के स्थान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 880000.00 | 88000.00 | 1800.00 |
| 47. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत राजू के मकान से मोमिना के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 409000.00 | 40900.00 | 1000.00 |
| 48. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत राधेश्याम के मकान से नाला तक नाली निर्माण कार्य। | 273000.00 | 27300.00 | 700.00 |
| 49. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत बाबू के मकान से चाँदनी के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 168000.00 | 16800.00 | 400.00 |
| 50. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत फिरोज के मकान से जिनत के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण काय। | 393000.00 | 39300.00 | 1000.00 |
| 51. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत कुएँ का सौदर्याकरण का कार्य। | 212000.00 | 21200.00 | 500.00 |
| 52. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत शकील के मकान से शंकर के खेत तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण कार्य। | 939000.00 | 93900.00 | 1800.00 |
| 53. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 15 के अन्तर्गत इन्टरलॉकिग ब्लाक से मैदान होते हुए खोदउवा तालाब तक इन्टरलॉकिग रोड निर्माण कार्य। | 964000.00 | 96400.00 | 1800.00 |
| 54. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 15 के अन्तर्गत नसीराबाद सलोन मार्ग से प्रकाश के खेत तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 793000.00 | 79300.00 | 1800.00 |
| 55. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 15 के अन्तर्गत कासिम राईन के मकान से कनीज मैम के घर होते हुए हासिम के प्लाट तक सी0सी0 रोड नाली निर्माण कार्य। | 945000.00 | 94500.00 | 1800.00 |
| 56. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 16 के अन्तर्गत फेसल के मार्केट से मजहर के घर तक नाला मरम्मत एवं इन्टरलॉकिग कार्य। | 755000.00 | 75500.00 | 1800.00 |
| 57. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 16 के अन्तर्गत सादाब अंसारी के मकान से महताब अंसारी के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 158000.00 | 15800.00 | 400.00 |
| 58. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 16 के अन्तर्गत ए0 के ट्रेलर की दुकान से बुढउ बाबा परिसर तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 302000.00 | 30200.00 | 800.00 |
| 59. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 16 के अन्तर्गत अतहर अंसारी के घर से हाजी वसीम की सीमा तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 694000.00 | 69400.00 | 1800.00 |
| 60. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 18 के अन्तर्गत सदर इमामबाडा से शबीना की दुकान होते हुए मीशम नकवी के घर तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 777000.00 | 77700.00 | 1800.00 |
| 61. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 18 के अन्तर्गत मुनीरा मस्जिद से तहजीब के घर होते हुए बडे द्वार तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 833000.00 | 83300.00 | 1800.00 |
| 62. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 18 के अन्तर्गत पुल्ला के घर से सादिक मेहंदी के घर तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 375000.00 | 37500.00 | 900.00 |
| 63. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 19 के अन्तर्गत टॉवर के सामने से सदर इमामबाडा तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य। | 330000.00 | 33000.00 | 800.00 |
| 64. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 19 के अन्तर्गत अकील अंसारी के मकान से शकील बाबा मकान तक इन्टरलॉकिग एवं नाली निर्माण कार्य। | 262000.00 | 26200.00 | 700.00 |
| 65. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 22 के अन्तर्गत गुम शहीद बाबा परिसर मे इन्टरलॉकिग निर्माण कार्य। | 204000.00 | 20400.00 | 500.00 |
| 66. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 22 के अन्तर्गत मास्टर मातीन के घर से सलीम के घर होते हुए वहीद के घर तक इन्टरलॉकिग रोड नाली निर्माण कार्य। | 698000.00 | 69800.00 | 1800.00 |
| 67. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 22 के अन्तर्गत अनवर भाई के घर से समसी चाचा के घर तक इन्टरलॉकिग रोड व नाली निर्माण कार्य। | 304000.00 | 30400.00 | 800.00 |
| 68. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 23 के अन्तर्गत सइद के मकान से गाजी के मकान तक इन्टरलॉकिग व नाली निर्माण कार्य। | 154000.00 | 15400.00 | 400.00 |
| 69. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 23 के अन्तर्गत मुन्ने मिया के मकान से माहर्रम अली के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड एवं नाली निर्माण कार्य । | 477000.00 | 47700.00 | 1200.00 |
| 70. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 23 के अन्तर्गत बख्सी जी के उतार से मुहम्मद अली मिस्त्री के मकान तक नाली व इन्टरलॉकिग निर्माण कार्य। | 246000.00 | 24600.00 | 600.00 |
| 71. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 24 के अन्तर्गत राम अधार के दरवाजे पर कुओं का मरम्मत कार्य। | 240000.00 | 24000.00 | 600.00 |
| 72. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 25 के अन्तर्गत बब्लू के मकान से मोईन के मकान तक इन्टरलॉकिग रोड का निर्माण कार्य। | 158000.00 | 15800.00 | 400.00 |
| 73. | नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नं0 25 के अन्तर्गत फूल शहीद बाबा के मजार मे सौदर्गीकरण कार्य। | 191000.00 | 19100.00 | 500.00 |
| 74. | नगर पालिका परिषद जायस में 750 नग आर0सी0सी0. पटिया निर्माण कार्य। | 875000.00 | 87000.00 | 1800.00 |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जायस**
**जनपद अमेठी**

# अधेड़ महिला की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



मुसाफ़िरखाना कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद नेवाज गांव में प्रधानी चुनाव की रंजिश और पैसों के लालच में एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस हत्या का खुलासा करते हुए मृतका की बहू, नाती, एक अन्य युवक और हिस्ट्रीशीटर मोइन खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि गांव के ही एक युवक के साथ जमीन विवाद के आरोपी को दोबारा फँसाने के लिए मोइन खान और उसके साथियों ने मृतक महिला की बहू और नाती के साथ मिलकर खुद ही महिला पर हमला करवाया था। जिसमें इलाज के दौरान घायल महिला की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने ग्राम प्रधान और उनके साथियों पर हत्या का आरोप लगाया था। वहीं पुलिस ने वैज्ञानिक व तकनीकी जांच के आधार पर पूरे मामले का पर्दाफाश करते हुए असली आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है।

## सिंहपुर में हुआ सांसद द्वारा भेजे गये कम्बलों का वितरण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को विकास खण्ड क्षेत्र सिंहपुर के न्याय पंचायत मत्तेपुर और फतेहपुर में भीषण ठंड को देखते हुए सांसद किशोरीलाल शर्मा द्वारा भेजे गए कम्बलों का जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खुशी झलक उठी। ब्लाक अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी ने कहा कि सांसद किशोरीलाल शर्मा सदैव गरीबों, जरूरतमंदों के साथ खड़े रहे हैं। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी तिलोई सर्वेश सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम करन शुक्ला, ललित तिवारी, वकार अहमद, देवेन्द्र शुक्ला, शिवबरन पासी आदि लोग मौजूद रहे।

## गौरीगंज मऊ मंडल में हिन्दू सम्मेलन सम्पन्न



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

विहिप गौरीगंज खण्ड के मऊ मंडल में हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेज प्रताप सिंह ने किया। मंच पर कथावाचक मुकेश आनंद जी महाराज तथा मातृ शक्ति के रूप में नमिता उपस्थित रहीं। मुकेश आनंद जी ने बताया कि विश्व को जोड़ने वाला मात्र एक ही धर्म है वो है हिंदूधर्म। क्योंकि जब हिन्दू मंदिर में भगवान की आरती के बाद जयकारा लगाता है तो कहता है धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्रणियों में सद्भावना हो और अंत में कहता है विश्व का कल्याण हो। अतः एकमात्र हिंदू धर्म ही है जो पूरे विश्व के कल्याण की बात करता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक सुभाष ने कहा कि हम सब के पुरखे हिन्दू ही थे इसलिए हम सब हिंदू हैं। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रचारक पवन, सुधाकर सिंह, उमेश प्रताप सिंह, सुधांशु शुक्ला जिलाध्यक्ष भाजपा, राम प्रसाद मिश्र, उमाशंकर पांडेय, शशांक शुक्ल, दलजीतसिंह, अजय अग्रवाल, दिव्यांश मिश्र, करूणेश अग्रहरि, विशु मिश्रा, श्रीकर, अरूण, कबीर आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड बाजार शुकुल में कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्राम पंचायत ऊचगांव में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के वरिष्ठ नेता राजेश कुमार चौहान ने अपनी पत्नी ग्राम प्रधान गुड़िया चौहान के साथ रविवार को अपने आवास पर जरूरतमंदों को आमंत्रित कर कंबल वितरित किए। इस दौरान राजेश चौहान ने कहा कि इन दिनों ठंड अपने चरम पर है और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के पास ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं होते। ऐसे में समाज के सक्षम लोगों का दायित्व बनता है कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें। ग्राम पंचायत के करीब 1500 जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की कामना की गई है। राजेश चौहान ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता कर जो आत्मसंतोष मिलता है, वही सबसे बड़ा पुण्य है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गुड़िया चौहान, अभिषेक चौहान, लईक अहमद, बद्री यादव, राजेश मिश्रा, दिनेश मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा, महेश मिश्रा, कृष्ण कुमार ओझा, गोल्डन मास्टर ,सौरभ पांडे, बबलू,अखिलेश पांडे सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तीन साल से तैयार नलकूप फिर भी पानी को तरस रहे ग्रामीण



**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड की ग्राम पंचायत रामपुर हृदय में जलापूर्ति योजना बदहाल स्थिति में है। करीब तीन साल पहले नलकूप खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है और टंकी भी आधी-अधूरी बनी हुई है। पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि नलकूप लगने के बाद से आज तक नियमित जलापूर्ति नहीं हो पाई है। सिर्फ गांव में पानी की सप्लाई मात्र दो बार ही हुई। इसके अलावा पाइपलाइन एक जगह से फट गई है, जिसकी मरम्मत नहीं कराई गई। ग्रामीणों ने इस समस्या की शिकायत कई बार लिखित और मौखिक रूप से ब्लॉक, तहसील व संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य संदीप यादव के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। प्रदर्शन में लालाराम, अजय पाल, अशोक, सैदू, कदीर, संजय, विनोद, सावित्री, माया देवी, सेवाराम, उमेश, शेरखान, नौशाद, जग्गू, सत्यवान, राम लखन, मिथिलेश, सगीर, मुन्नी देवी, सीमा देवी, विमला देवी, छाया देवी, परवीन, रुखसाना, नूरजहां सहित कई ग्रामीण शामिल हुए।

### नियम विरुद्ध हुए समायोजन निरस्त हो अन्यथा होगा आंदोलन : विद्या सागर

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विद्या सागर मिश्र, जिला मंत्री नरेश निरजन ने प्रेस को दी विज्ञप्ति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा जनपद में नियम विरुद्ध हुए समायोजन शीघ्र निरस्त करे अन्यथा होगा आंदोलन जिसकी सारी जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग की होगी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस समायोजन में आरटीई के नियमों का खुला उलंघन हुआ था विभागीय निर्देशो का अनुपालन नही हुआ कही वरिष्ठ अध्यापक उठाये गए कही कनिष्ठ अध्यापक उठाये गए, अध्यापकों के बिना बिकल्प पत्र भरे यू डायस से सीधे आईडी चेंज कर दी गयी। छात्राअंकन का कोई ध्यान नही दिया गया। समायोजन के नाम पर ऐसा खेल खेला जा रहा ह किसी के समझ मे नही आ रहा ह इसके पूर्व समायोजन 2.0 में जहां मानक के अनुरूप अध्यापक उन विद्यालयों में आये थे अब समायोजन 3.0 में उन्ही विद्यालयों के अध्यापकों को हटाया गया। बल्कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जालौन से मिलकर हो रहे समायोजन 3.0 पर लिखित आपत्ति दर्ज करा दी गयी थी उसके बाबजूद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी में तैनात तिगणी शशि कम्प्यूटर प्रभारी, डीसी एमआईएस मनीष परिहार ने अपना काम कर दिया उन्होंने कहा शीघ्र संगठन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता करेगा यदि समायोजन 3.0 में किये गए नियम विरुद्ध समायोजन निरस्त नही किये तो उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आंदोलन करेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग की होगी उन्होंने मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी जालौन से मांग की इस समायोजन 3.0 में हस्तक्षेप कर समायोजन निरस्त कराने की उचित निर्देश देने का कष्ट करें।

### रेट्रो रिफ्लेक्टिप टेप लगाकर वाहन का संचालन करने की दी सलाह



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत रविवार को जालौन मण्डी में बिना रिफ्लेक्टर लगे वाहनों के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त उक्त अभियान में प्रवर्तन स्टाफव भारी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे। राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, जनपद-जालौन द्वारा उक्त जागरुकता अभियान में समस्त प्रकार के वाहनों जो बिना रिफ्लेक्टर के संचालित पाये गये उनमें रिफ्लेक्टर लगाया गया तथा कोहरे के दृष्टिगत वाहन चालकों को वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिप टेप लगाकर वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी व सभी को सुरक्षित परिवहन के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया तथा सभी से अपील की गयी कि वह समस्त वैध प्रपत्रों के साथ वाहन का संचालन करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, गलत दिशा में वाहन न चलायें, बिना नम्बर प्लेट के वाहन का संचालन न करें, कोहरे में वाहन की गति सीमा कम रखें, कोहरे में दृश्यता कम होने की दशा में वाहन का संचालन न करें तथा वाहन को किसी सुरक्षित जगह पेट्रोल पम्प आदि पर खड़ी कर लें, जिससे किसी भी अप्रिय दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य नियमों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी व जागरुक किया गया।

### ट्रक से बचने के चक्कर में बाइक पलटी, दो घायल

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** तहसील कालपी क्षेत्र के इटौरा मार्ग में बाइक सवार चालक घायल हो गया तथा उसका साथी बाल बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला तरीबुल्दा निवासी सत्यम पुत्र मंगल सिंह बाइक में अपने साथी रिकी को बैठा कर रात में रिश्तेदारी से घर की ओर आ रहे थे। तभी अकबरपुर इटौरा के समीप सड़क पर ट्रक को बचाने के चक्कर में बाइक असंतुलित होकर सड़क में गिर गई। फलस्वरूप चालक बुरी तरह घटनास्थल में घायल हो गया। जबकि रिकी बाल बाल बच गया। घटना से साथी बाइक चालक को घायल अवस्था में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी मे भर्ती कराया गया। ड्यूटी में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदर्श गौतम ने जांच कर उपचार किया गया।

# सौ शैया अस्पताल को लेकर किसान यूनियन का हल्लाबोल

**सीएमओ को सौंपा ज्ञापन, कठोर कार्रवाई की मांग**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय हलधर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सौ शैया सरकारी अस्पताल में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ आक्रोश जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए तत्काल जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 23 दिसंबर को डॉ. विपिन सचान ने बिना योग्य सर्जन की मौजूदगी में एक ऑपरेशन कराया, जिसमें उनके ड्राइवर धीरज सचान, स्टाफ नर्स वंदना पाल और अर्चना कटियार सहयोगी बने। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यूनियन का आरोप है कि इस गंभीर उल्लंघन के बावजूद अब तक किसी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, जो अस्पताल में फैली धांधली को दर्शाता है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि डॉ. सचान द्वारा किए गए ऑपरेशन व वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच की जाए तथा दोषियों पर मुकदमा दर्ज कर सख्त सजा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, अस्पताल में हो रही खुली लूट को तत्काल रोका जाए। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई न हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर गौरव शुक्ला, अमन कुमार, सुमित कुमार, अभिषेक तिवारी, आनंद कुमार, अनुपम, मंगल सिंह, विवेक कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रतीक्षा पाल ने रोशन किया जिले का नाम



**एयर राइफल शूटिंग में नेशनल टीम के लिए हुई चयनित**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम कुंअरपुर कसावा के मजरा सिरसा निवासी ग्रामीण ध्रुवसिह पाल की बेटी प्रतीक्षा पाल ने एयर राइफल शूटिंग में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा लिया है। एयर राइफल शूटिंग में नेशनल टीम के लिए चयनित होकर उसने जिले का नाम रोशन कर दिया। करणीसिंह अकादमी की इस होनहार निशानेबाज ने भोपाल (मध्यप्रदेश) में आयोजित 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल सब जूनियर वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। 634 में से 614.8 अंकों का स्कोर हासिल कर प्रतीक्षा ने नेशनल टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई कर लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि पर ब्लॉक प्रमुख बादाम पाल ने कहा प्रतीक्षा की मेहनत और लगन का यह फल है। वह न केवल हमारी बेटी है, बल्कि पूरे जिले की शान है। भाजपा सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का भी यह जीता-जागता प्रमाण है। वहीं, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल ने कहा प्रतीक्षा ने साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र की लड़कियां भी राष्ट्रीय स्तर पर कमाल कर सकती हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव सहयोग देंगे।
ग्राम प्रधान मनीष पाल सहित ग्रामीणों ने प्रतीक्षा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परिवार और स्थानीय लोग उनकी सफलता पर गदगद हैं।

# सांसद चन्द्रशेखर आजाद का किया जोरदार स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के सौरिख कट पर मुस्लिम समाज के लोगों ने सांसद चन्द्रशेखर आजाद का जोरदार स्वागत किया।

इस मौके पर सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने मीडिया से वार्ता में बीजेपी सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। जंगल राज व्याप्त है। अब तो हिंदू मुस्लिम भाईचारे को खत्म करने के लिए खुलेआम तलवार भी बाटी जा रही हैं। बीजेपी सरकार बुनियादी मुद्दों को दबाने के लिए देश को सांप्रदायिक तनाव में झोंक रही है। ये लोकतंत्र के लिए कदापि बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। अभी तक बीजेपी सरकार ईवीएम के जरिए वोटो को लूट रही थी लेकिन अब तो एसआईआर के जरिए करोडो वोटो को काट कर सीधा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। बीजेपी को रोकना है तो आजाद समाज पार्टी को मजबूत करो। इस मौके पर मण्डल प्रभारी छबिराम, विजय गिहार, जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम, जिला प्रभारी शेर सिंह, जिला महासचिव चांद खां, जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, गुड्डू कठेरिया, शिवकुमार कठेरिया, अरशद, लाल मोहम्मद आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले ने जगाई महिला शिक्षा की अलख : प्रिया

**धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव**

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगला लक्षीराम स्थित कैम्प कार्यालय में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया ओम शाक्य ने कहा सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा की अलख जगाई।

कार्यक्रम में प्रिया शाक्य ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ था तथा 1841 में उनका विवाह ज्योतिबा राव फुले के साथ हुआ। विवाह के बाद उनके पति ज्योतिबा राव फुले ने उनको स्वंय शिक्षित किया। सावित्री बाई फुले जब बच्चियों को पढाने के लिए घर से निकलती थीं तो महिला शिक्षा के विरोधी सोच के लोग उनके ऊपर गोबर व कीचड फेंकते थे। इसलिए वे घर से दो साडियां लेकर चलती थीं। रास्ते में गोबर कीचड से गन्दी होने पर स्कूल पहुंचकर साडी बदल कर बच्चियों को पढ़ाती थीं। विषम परिस्थितियों से जूझ कर उन्होने महिला शिक्षा की अलख जगाई। 1848 में महिलाओं की शिक्षा के लिए पूना में प्रथम विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने समाज में महिला सशक्तीकरण का कार्य किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशवंत राजपूत, इतेंद्र राजपूत एवं भूपेंद्र शाक्य सहित इंद्रपाल शाक्य, रामजी दुबे, नरेंद्र शाक्य, प्रमोद यादव, विमलेश शाक्य, पुष्पेंद्र पांडेय, शिव प्रताप सिंह, सुरेश शाक्य, राजू छोटे दीक्षित टिंकल शाक्य, राहुल शाक्य और सौरभ कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कृष्णा फाउंडेशन ने मजदूरों के बीच बांटी खुशियां

**पुराने गर्म कपड़ों से दिया नया जीवन**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ठंड के प्रकोप में गरीब मजदूरों की पीड़ा को कम करने के लिए कृष्णा फाउंडेशन ने अनोखा कदम उठाया। फाउंडेशन की प्रबंधक व प्रख्यात पर्यावरणविद् रंजू सिंह लकी ने सर्दी बचाओ अभियान के तहत फ़र्रुख़ाबाद रोड स्थित विमल गुप्ता के जय कृष्णा ब्रिक फील्ड ईंट भट्ठे पर पहुंचकर मजदूरों को गर्म कपड़े वितरित किए। इस पहल से भट्ठे पर कार्यरत सैकड़ों मजदूरों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई।

वितरण के दौरान रंजू सिंह लकी ने कहा मैं इनका जीवन तो नहीं बदल सकती, लेकिन सर्दी से बचाव के लिए कुछ कपड़े तो दे ही सकती हूं। जो हमारे लिए पुराने हैं, उनके लिए नए हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि आपके घर में स्वेटर, शॉल जैसे गर्म कपड़े पड़े हैं और समय की कमी से दान न कर पा रहे हैं, तो इन्हें लकी ब्यूटी पार्लर, नगरपालिका रोड पर पहुंचा दें। फाउंडेशन इन कपड़ों को जरूरतमंदों तक पहुंचा देगा। पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह राठौर बबल ने कहा यह अभियान न केवल ठंड से राहत दे रहा है, बल्कि सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी बन रहा है। फाउंडेशन की यह पहल गरीबों के लिए सर्दी को सहनीय बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस नेक कार्य में उर्मिला पाल, गौरव यादव, डॉ. जबर सिंह पाल व भट्ठा मुनीम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों को 'डिजिटल इंडिया' अभियान से जोड़ा जाएगा

**गौरव त्रिपाठी अमर बने आईटी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक**

**छिबरामऊ, कन्नौज।**



उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन द्वारा गठित डिजिटल प्रकोष्ठ के अंतर्गत व्यापारियों को डिजिटल युग से जोड़ने की दिशा में गौरव त्रिपाठी अमर को आईटी प्रकोष्ठ का जिला संयोजक मनोनीत किया गया।

बैठक में व्यापारियों को ऑनलाइन प्रेज़ेंस, ई-कॉमर्स एवं डिजिटल पेमेंट जैसी आधुनिक तकनीकों से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष आनन्द गुप्ता ने कहा कि डिजिटल प्रकोष्ठ के माध्यम से व्यापारियों को 'डिजिटल इंडिया' अभियान से जोड़कर उन्हें नए व्यवसायिक अवसरों से अवगत कराया जाएगा तथा संगठन की गतिविधियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए गौरव त्रिपाठी ने संगठन के प्रति आभार जताया और कहा कि बदलते समय में व्यापारियों के लिए ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यमों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपनी टीम के साथ मिलकर व्यापारियों को तकनीकी रूप से जागरूक एवं प्रशिक्षित करने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मनोज दीक्षित एवं अंकित तिवारी, जिला महामंत्री आशीष वर्मा, उपाध्यक्ष अतुल वर्मा एवं राबिन मिश्रा, नगर अध्यक्ष गौरव गोयल सहित उमेश राठौर, अंशु पाल एवं धीरज गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने डिजिटल प्रकोष्ठ की इस पहल की सराहना करते हुए इसे व्यापारियों के हित में एक दूरदर्शी कदम बताया।

# किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पाक्सो एक्ट मामले में फरार चल रहे चार अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

सौरिख थाना प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक सुबोध सहाय, हेड कांस्टेबल हरिओम शुक्ला सहित पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट से संबंधित मामले में लविश (18) पुत्र सावेन्द्र यादव उर्फ कल्लू, निवासी ग्राम भवानीगढ़, थाना किशनी- मैनपुरी हाल पता ज्ञानोदय नगर सौरिख, अंकित (25) पुत्र पुष्पेन्द्र ठाकुर निवासी ज्ञानोदय नगर थाना सौरिख, प्रियम सिंह (26) पुत्र सुनील सिंह निवासी ग्राम ईजलपुर थाना सौरिख, ध्रुव सिंह (21) पुत्र अरविन्द सिंह निवासी विधूना रोड सौरिख को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

सौरिख थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में 04 जनवरी 26 को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि अभियुक्तों द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की गई तथा 03 जनवरी 2026 को जबरन वाहन में बैठाकर ले जाया गया। मामले में सहयोग करने के आरोप में चारों अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान साक्ष्य संकलन के उपरांत अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# ठंड के मौसम में कंबल वितरण जरूरतमंदों के लिए संजीवनी

**माधौगढ़ विधायक ने कई गांवों में गरीबों को बांटे कंबल**

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



कड़ाके की ठंड को देखते हुए माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकासखंड रामपुरा की ग्राम पंचायत टीहर, धर्मपुरा जागीर एवं ग्राम पंचायत झरेला में संपन्न हुआ, जहां तीन सौ से अधिक गरीब, असहाय, वृद्धजनों एवं महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष साफनजर आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन ने कहा कि गरीब, कमजोर और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही डबल इंजन की सरकार का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर कार्य कर रही है तथा राम राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। विधायक ने कहा कि ठंड के मौसम में कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम जरूरतमंदों के लिए संजीवनी का कार्य करते हैं और जनप्रतिनिधियों का यह सामाजिक दायित्व है कि वे हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहें।

विधायक निरंजन ने रामपुरा क्षेत्र में कराए गए सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास की गति और तेज की जाएगी।

उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा जनता की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहेंगे। कंबल वितरण कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह राजावत, रामपुरा मंडल अध्यक्ष संतोष प्रजापत, उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के सदस्य नरेंद्र प्रजापत, जिला मंत्री ज्योतिष सिंह कुरोंती, नायब तहसीलदार भुवेंद्र सिंह एवं वैभव गुप्ता, ग्राम प्रधान टीहर प्रदीप गौरव, ग्राम प्रधान धर्मपुरा जागीर अवनीश कुमार, ग्राम प्रधान झरेला भगवान दास प्रजापत सहित अजय पुरवार, शिवकुमार सिंह गौर, रविंद्र दीक्षित, जितेंद्र त्रिपाठी, मनोज तिवारी, सुनीत चतुर्वेदी, नंदन सिंह सेंगर, अक्षय दुबे, शिवकुमार याज्ञिक, ब्रह्म प्रकाश कढ़ोरे, जिला कार्यकारिणी महिला मोर्चा की सदस्य श्रीमती मधु भदौरिया, महिला मोर्चा संयोजक निर्मला देवी, जॉनी गुप्ता, राजेंद्र सोनी बॉबी, रमाकांत सोनी, जगबीर सिंह सेंगर, हृदेश सिंह लोधीपुरा, बंटी चंसौलिया सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कंबल प्राप्त करने वाले गरीब, महिलाएं एवं वृद्धजनों ने विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शीत ऋतु में यह सहायता उनके लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।



### ख्वाजा गरीब नवाज ने हिंदुस्तान में अमन का दिया पैगाम

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को हिन्दुस्तान के महान सूफ़ी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज अजमेरी का जन्म दिन कालपी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मौलानाओं ने तकरीर करते हुए उनके बताये रास्ते पर चलने का आव्हान किया। उस्मानिया मस्जिद भट्टीपुरा कालपी के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जोहर की नमाज के बाद 14 रजब की तारीख को हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के यौमे विलादत के मौके पर फातिहा ख्वानी की गयी। उस्मानिया मस्जिद के इमाम हाफिज अतहर बरकाती की निगरानी में फातिहा का प्रोग्राम हुआ। अकबरी मस्जिद के इमाम हाफिज शान निजामी साहब ने ख्वाजा गरीब नवाज की जिंदगी के बारे में बताया ख्वाजा गरीब नवाज हिंदुस्तान में अमन का पैगाम दिया। मोहब्बत का पैगाम दिया। हाफिज अब्दुल कादिर, हाफिज निजाम, मौलाना मुस्तकीम ने नात पढ़ी। यह महफिल ख्वाजा छठी शरीफटीम के तत्वावधान में आयोजित हुई। महफिल मे जब्बार खान, मंटू खान, अनस खान चिश्ती, काशिफचिश्ती, फैजान बरकाती, हसनैन बरकाती, अयान स्माइली, हमजा खान, अयान खान, फैजान खान, मुन्ना बाबू चिश्ती, सैयद बदरुल हसन आदि ने हिस्सा लिया।

# निर्भीक होकर महिलाएं अपनी समस्याएं करें साझा

**महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाया एंटी रोमियो अभियान**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान (फेज-5.0) के तहत जिले में एंटी रोमियो अभियान चलाकर छात्राओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सुरक्षा एवं उनके अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों, एंटी रोमियो टीम की भूमिका तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के उपायों की जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से निर्भीक होकर अपनी समस्याएं साझा करने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस सहायता लेने का आह्वान किया। इसके साथ ही साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल व लिंक से बचाव तथा डिजिटल सुरक्षा से संबंधित अहम सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं सुमंगला योजना की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने पात्र महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करना ही बाबू जी को सच्ची श्रद्धांजलि : स्वतंत्र देव

**बुंदेलखण्ड महापरिषद के संस्थाप सुदर्शन सिंह जादौन 'बाबू जी' की आठवीं पुण्यतिथि पर हुआ आयोजन**



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखण्ड महापरिषद के संस्थापक श्रद्धेय सुदर्शन सिंह जादौन 'बाबू जी' की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर अनुरागिनी संस्था द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन ग्राम टिमरों स्थित सुदर्शन पुस्तकालय एवं वाचनालय परिसर में ग्राम विकास मेला एवं गौ-आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण विकास, प्राकृतिक खेती, गौ-संरक्षण एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जागरूकता फैलाना रहा।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सुदर्शन सिंह जादौन ने बुंदेलखण्ड के सामाजिक उत्थान के लिए जो विचार दिए, यह आयोजन उन्हीं विचारों को आगे बढ़ाने का सार्थक प्रयास है। ग्राम विकास और गौ-आधारित कृषि पर केंद्रित यह पहल ग्रामीण समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर गौ-आधारित कृषि प्रशिक्षण आयोजित करना समय की आवश्यकता है। इससे किसानों की लागत कम होती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि ग्राम विकास मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर प्राप्त हुई, जिससे जनसमुदाय को सीधा लाभ मिला। उन्होंने आयोजन समिति को इस जनहितकारी पहल के लिए बधाई दी। भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का कार्य करते हैं। विभागीय स्टॉल ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुए हैं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों की सहभागिता से आयोजित ग्राम विकास मेला प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। इससे योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचता है।

विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन ने कहा कि सुदर्शन सिंह जादौन की स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम उनके सामाजिक मूल्यों को जीवंत रखने का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहाँ किसानों, महिलाओं एवं ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी, परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्टॉलों के माध्यम से लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण श्रमिक संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह ने सभी अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि सुदर्शन सिंह जादौन के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और ग्राम विकास की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा, इसके लिए हम सभी के प्रति कृतज्ञ हैं। ग्राम विकास मेला में जनपद के सभी विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सभी लाभकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रशासन की व्यवस्था पर जूना अखाड़ा ने उठाये कई सवाल

- आधा दर्जन अखाड़ों को टीन शेड न मिलने पर जताया रोष
- 6 जनवरी तक व्यवस्था न सुधरी, तो संत करेंगे प्रदर्शन : सत्यगिरि महाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन की व्यवस्था पर जूना अखाड़ा के संतों ने सवाल खड़े किये हैं। संतों का कहना है कि प्रशासन भेदभाव कर रहा है। जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज ने रविवार को बैठक कर बताया कि मेले में तीन समितियां हैं। जिनके संतों के रहने, पानी, बिजली, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाती है, लेकिन प्रशासन द्वारा मदन पूनम गिरी महाराज, सागरपुरी नागा बाबा, छोटे भईया धर्म चेतना ब्रह्मचारी, महंत आनन्द गिरि महाराज, कुशवाह क्षेत्र आदि में अभी तक टीन शेड नहीं डलवाये गये हैं। जिससे संत समाज में काफी आक्रोश है। सत्यगिरि महाराज ने कहा कि प्रशासन द्वारा इन संतों के टीन शेड नहीं डलवाये गये, तो आगे का निर्णय जूना अखाड़ा स्वयं लेगा। सत्यगिरि महाराज ने विरोध जताते हुए कहा कि मेला रामनगरिया का कल उद्घाटन हुआ था, जबकि प्रशासन को जिस जगह नहीं बैठना चाहिए था उस जगह प्रशासन के आला अधिकारी बैठे हुए थे। वहां पर साधु संतों को जगह नहीं दी गई। जिससे कई साधु संत वापस लौट आए और हमारा विरोध एक आचार्य से चल रहा है। जिसके चलते प्रशासन ने उनसे ही दोबारा फिर आरती कराई। इसलिए कि मैं वहां ना आ पाऊं। मेले में साधु संतों का अपमान किया जा रहा है और यह अपमान साधु संत सहन नहीं करेंगे। अगर यही चलता रहा तो प्रशासन साधु संतों का आक्रोश झेल नहीं पाएगा। मेले में गंगा पूजन गंगा पुत्र आचार्य के द्वारा ही होना चाहिए था। ऐसा नहीं किया गया। मैं मेले में कई वर्षों से आ रहा हूँ, लेकिन अभी तक साधु संतों का अपमान नहीं हुआ, लेकिन बीते दो वर्षों से लगातार साधु संतों का अपमान किया जा रहा है। ऐसी प्रशासन से उम्मीद नहीं थी। उन्होंने आगे कहा कि हम साधु संतों के बीच वह लोग भी साधु संत बनकर रह रहे हैं जिनके बच्चे और बीबी भी हैं। उन लोगों को साधु संतों की व्यवस्थाएं दी जा रही हैं और हम लोगों के साथ गलत व्यवहार किया जा रहा है। अगर इसमें सुधार नहीं हुआ तो हम लोग आने वाले 6 तारीख को प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आक्रोश भरे लहजे में कहा कि अगर प्रशासन साधु संतों की व्यवस्थाओं को लेकर सुधार कर रहा है तो तो ठीक है, नहीं तो 6 तारीख को प्रदर्शन होने के बाद सीएम तक जाना पड़ा तो जाएंगे, लेकिन साधु संतों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर जूना अखाड़ा के अध्यक्ष सत्यगिरि महाराज, रघुनाथ पुरी, शिवगिरी, दुर्वासा गिरी, कन्हैया महाराज रामताल, विपनपूरी, धर्मदेवपूरी, सागर पुरी, श्यामपुरी, शैलेंद्र गिरी, विरेंद्रपुरी, चंद्रमा गिरी, शंकर गिरी, सेवागिरी समेत बड़ी संख्या में साधु संत मौजूद रहे।



बैठक करते संतगण

### मेला साधु-संतों का है, व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी : एडीएम

- सभी साधु-संतों का किया गया है सम्मान, स्वयं देने गया था निमंत्रण

मेला श्रीराम नगरिया के शुभारम्भ से पूर्व मेला परिसर में जितने भी साधु संतों के अखाड़े मौजूद है उन के सभी मुख्य महंतों को अपर जिलाधिकारी(न्यायिक)/मेला सचिव दिनेश कुमार ने स्वयं जाकर निमंत्रण कार्ड ससम्मान दिया और सभी ने स्वीकार किया। एडीएम दिनेश कुमार ने बताया कि मेला परिसर में सभी साधु-संतों का सम्मान किया गया है। अब यदि कोई सम्मान न होने की बात कहकर विरोध प्रकट कर रहा है तो यह उनका स्वयं का अपना विचार है। मेला साधु-संतों का है, प्रशासन की केवल व्यवस्था की जिम्मेदारी है। जिससे किसी प्रकार की किसी को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी स्वयं सभी संतों से वार्तालाप करते रहते है। इस प्रकार की अभी तक कोई बात सामने नहीं आयी। मेला उद्घाटन के पश्चात देर रात तक मैं व जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



एडीएम दिनेश कुमार

# मीटर रीडरों ने मानदेय को लेकर कंपनी के सर्किल इंचार्ज को भेजा पत्र



जानकारी देते मीटर रीडर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मीटर रीडरों ने मानदेय, पी.एफ. व ई.एस.आई. समय से न आने के संबंध में टेरा साफ्ट बेयर बिलिंग कंपनी के सर्किल इंचार्ज को पत्र भेजा। भेजे गये पत्र में कहा गया है कि समस्त मीटर रीडरों का समय से मानदेय, पी.एफ. व ई.एस.आई. नहीं आ रहा है। दो माह का काम खत्म होने के पश्चात एक माह का कम्पनी मानदेय दे रही है, जबकि एक माह का मानदेय कम्पनी रोककर चल रही है। जिससे हम मीटर रीडरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हमें अपना खर्चा तक चलाना मुश्किल हो रहा है। इसी के चलते समस्त मीटर रीडरों ने जनवरी 2026 का काम बंद किया हुआ है। दिसंबर का मानदेय पूर्ण आश्वासन मिलने के बाद ही चालू किया जायेगा। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले मीटर रीडरों में चाँद मियां, रजत राजपूत, राजन द्विवेदी, अमन अवस्थी, अजीत कुमार, सौरभ, शिवा त्रिवेदी, अभय शुक्ला, आमिर, विनय कुमार, अनुपम दीक्षित समेत दर्जनों मीटर रीडरों के हस्ताक्षर हैं।

# रामनगरिया मेले में 310 मरीजों को मिला निःशुल्क इलाज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर आयोजित ऐतिहासिक रामनगरिया मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की है। मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एलोपैथिक व होम्योपैथिक दोनों चिकित्सा पद्धतियों से इलाज की समुचित व्यवस्था की गई।

शिविर में बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी रोग, पथरी एवं अन्य सामान्य बीमारियों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को एक्स.- एवं आवश्यक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर का संचालन एसीएमओ सर्वेश यादव के निर्देशन में किया गया। इस दौरान डॉ0 अपूर्वा शुक्ला, फार्मासिस्ट आलोक कटियार, जया द्विवेदी, निधि मिश्रा, राघवेंद्र सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। वहीं होम्योपैथिक विभाग से डॉ0 नागेंद्र सिंह, ओमकार सिंह वार्ड बॉय एवं मोहित गंगवार ने मरीजों को सेवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शिविर में एलोपैथिक पद्धति से 200 मरीजों तथा होम्योपैथिक पद्धति से 110 मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गईं। इलाज से लाभान्वित होने वालों में रामवती, कुलवंती, राधारानी, रागिनी, रामाधार, कृष्णामणि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। मरीजों ने मेले में इस तरह की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि मेले की अवधि तक निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं लगातार जारी रहेंगी।



स्वास्थ्य कैंप में कल्पवासियों को देखते चिकित्सक

# किसान समस्या समीक्षा दिवस का किया गया आयोजन



ग्राम पंचायत में मौजूद कृषक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत कुआंखेड़ा खास में प्रधान प्रतिनिधि साहब अली के नेतृत्व में कृषि सहायक प्रतिनिधि रामनिवास सिंह ने किसानों को बुलाकर उनकी समस्याएं पूछीं और उनका समाधान किया। जिनकी कुछ समस्यायें हल होने से रह गयीं, उनका शीघ्र समाधान कराने का भरोसा दिया। अधिकतर किसानों ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाने वाले 2000/-रुपये ना आने की शिकायतें कीं और उनकी समस्याओं का समाधान मांगा। जिस पर उन्हें उनकी समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया। मौजूद रहने वाले किसानों में रुखसाना बेगम, अफसरी बेगम, सलमान, प्रेमपाल, जितेंद्र गुप्ता, कश्मीर सिंह, हेमराज, जमील, अखिल आदि किसान साथी मौजूद रहे।

# सीओ ने वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर रोडवेज बस अड्डे पर चालकों के लिए एक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात अभय वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, यातायात प्रभारी सत्येंद्र कुमार और रोडवेज के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी यातायात ने चालकों को कोहरे में सावधानी से वाहन चलाने, सड़क के बीच में सवारी न बैठाने या उतारने और अन्य सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने सभी चालकों को नशे में वाहन न चलाने, सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, सीमित गति से वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने यात्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी 42 चालकों और परिचालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। यह शपथ उन्हें यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने हेतु थी। इसके अतिरिक्त एक मोबाइल वैन के माध्यम से सेंट्रल जेल चौराहा, रोडवेज बस अड्डा और मेला रामनगरिया क्षेत्र में ऑडियो संदेशों के जरिए सड़क सुरक्षा नियमों का व्यापक प्रचार किया गया। यह सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान 31 जनवरी तक अनवरत जारी रहेगा।



चालकों को जागरुक करते सीओ यातायात, यातायात प्रभारी आदि

# ट्रैफिक इंचार्ज ने वाहन स्टैण्ड संचालकों को दिये दिशा निर्देश



वाहन स्टैन्ड संचालकों को निर्देशित करते ट्रैफिक इंचार्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया में बाइक स्टैंड संचालकों को ट्रैफिक इंचार्ज ने दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले में व्यवस्था बनाये रखने में पूरा सहयोग दें। जिससे मेला शांतिपूर्ण ढंग से पूर्णतः को प्राप्त हो सके।

जानकारी के अनुसार रविवार को ट्रैफिक इंचार्ज सतेंद्र कुमार मेला श्रीरामनगरिया पहुंचे। उन्होंने वाहन स्टैण्ड संचालक गोपाल, सुमित मिश्रा, मुन्नू सिंह, विक्रम सिंह निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी वाहन मेले में आयें वह मेले के अंदर प्रवेश न करें। उन्हें स्टैण्ड पर ही खड़ा कराया जाये, क्योंकि वाहन अंदर जाकर जाम का कारण बनते हैं। जिससे श्रद्धालुओं व कल्पवासियों को काफी दिक्कतें होती हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग ट्रैफिक के नियमों का पूरी तरह से पालन करें और मेले की व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें। जिससे मेले में किसी प्रकार की कोई व्यवस्था न बिगड़े।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 156 मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 156 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं।

मेले का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ और यह शाम 4 बजे तक चला। स्वास्थ्य जांच के दौरान शुगर के 12, मलेरिया के 16, टाइफाइड के 13, हेपेटाइटिस-बी के 4, बलगम के 5, डेंगू के 5 और हीमोग्लोबिन के 4 मरीजों की जांच की गई। स्वास्थ्य मेले में अमृतपुर, लीलापुर, परतापुर, दौलतियापुर सहित आसपास के 10 से 20 किलोमीटर दूर तक के गांवों से मरीज निःशुल्क उपचार और दवाएं लेने पहुंचे। बड़ी संख्या में मरीजों की उपस्थिति ने मेले की उपयोगिता को दर्शाया। कार्यक्रम में डॉ0 गौरव वर्मा ने मरीजों का परीक्षण किया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, सोनाली पाल, राकेश कुमार और मीना देवी सहित स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा। डॉ0 गौरव वर्मा ने बताया है कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। ठंड के बढ़ते मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लोगों को गर्म पानी पीने, गर्म कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। दवाइओं की कोई कमी नहीं है सभी दवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।



जन आरोग्य मेले में दवायें लेते ग्रामीण

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल



मौके पर खड़ी पिकअप व मौजूद पुलिस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के थाना तिर्वा क्षेत्र के गांव बरधईया निवासी अमित कुमार अपने दोस्त गांव दढ़यिन निवासी आयुष के साथ रविवार दिल्ली से अपने घर बाइक से जा रहा था। दोपहर बाद नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर सिरमौरा पुलिया के पास सामने से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉ0 विशिष्ट कटियार ने अमित की हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दबंग परिजनों ने मां-बेटी को पीटा



डाक्टरी परीक्षण करवाती पीड़ित महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सादिकपुर बरझाला निवासी सुशीला पत्नी रामदास ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसका घर गली में पीछे है और उसके जेठ रामवरन पुत्र रामेश्वर दयाल का घर आगे है। वह उक्त गली में अपने घर के बाहर जानवर बाँध देते हैं। जिससे सुशीला व उसके परिजनों को निकलने में परेशानी होती है। रविवार को सुशीला की पुत्री नीतू कूड़ा डालने जा रही थी, तभी उक्त लोगों की भैंस ने उसकी पुत्री नीतू के लात मार दी, तो सुशीला उक्त लोगों से शिकायत करने गई, तो विपन पुत्र रामवरन, गुड्डी पत्नी रामवरन व लक्ष्मी पुत्री राम वरन ने एक जुट होकर सुशीला व उसकी पुत्री नीतू के साथ गाली-गलौज करने लगे। सुशीला ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो उक्त सभी लोग सुशीला व उसकी पुत्री नीतू के साथ लात-घूसों से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान रामवरन ने ईट का टुकड़ा सुशीला के ऊपर फेंककर मारा, तो उसकी पुत्री नीतू के पैर की अंगुलियों में जाकर लगा। मारपीट के दौरान सुशीला व उसकी पुत्री नीतू के शरीर में काफी चोटें आईं। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मेडीकल परीक्षण करवाने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।

# दोपहर में निकली हल्की धूप, शाम होते ही जारी हो गया सर्दी का सितम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ठंड के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सुबह के समय कोहरे की घनी चादर तापमान को दबाये रहती है। दोपहर बाद ही ऐसा लगता है कि सवेरा हुआ हो। उस पर भी ठंडी हवाएं अपना काम करती रहती है।

हल्की फुल्की धूप निकलने के बाद शाम 4 बजे से ही कोहरे की चादर फिर बनना शुरु हो जाती है और छुटपुटा अंधेरा होते-होते कोहरे की यह चादर आसमान को ढांक लेती है और पूरी रात भर सर्दी का माहौल दांत किटकिटाने के लिए मजबूर करता रहता है। बीते एक सप्ताह से सर्दी पड़ने का जो क्रम शुरु हुआ वह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मौसम ही सर्दी का है, लेकिन जबरदस्त गलन लोगों को परेशान किये हुए है।

ऐसे में आदमी तो दूर पशु-पक्षी भी पर खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है। खास तौर से बुजुर्गों के लिए सर्दी काफी तकलीफ देह साबित हो रही है। मौसम के विपरीत होने के चलते सर्दी, निमोनिया, जुखाम, बुखार, खांसी जैसे रोग पनपने लगे है।

पर्याप्त धूप न मिल पाने के कारण दवा खाने के बावजूद भी सर्दी लोगों को छोड़ नहीं रही है। ऐसे में चिकित्सक एतियात बरतने की सलाह दे रहे है। सुबह शाम गर्म पानी का सेवन, गर्म पानी से नहाना, खान-पान में ठंडी चीजों का सेवन न करना और खुले बदन न रहने की सलाह चिकित्सक दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि सिर को ढक कर रखना सर्दी से बचने का बड़ा उपाय है। इसलिए भीषण सर्दी में सिर को ढक कर रखें। सर्दी के चलते नगर पालिका की तरफ से अलाव भी जलवाये जा रहे हैं।



अलाव तापते लोग

# मेला श्री रामनगरिया की पुलिस ड्रोन से कर रही निगरानी



मेले में मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी

- पीएसी और फायर ब्रिगेड तैनात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट पर आबाद मेला श्री रामनगरिया की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गयी है। मेले की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। वहीं पर्याप्त पीएसी बल व फायर ब्रिगेड तैनात की गयी है।

थाना कादरीगेट के पांचालघाट गंगा तट पर 3 जनवरी 2026 से श्रीरामनगरिया मेले का शुभारंभ हो गया है। इस मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि गंगा तट पर लगने वाले इस मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेला क्षेत्र में एक पुलिस कोतवाली और 11 पुलिस चौकियां स्थापित की गई हैं। अन्य जनपदों से भी अतिरिक्त बल की मांग की गई है, जो शीघ्र ही प्राप्त होगा। वर्तमान में एक प्लाटून पीएसी को मेला क्षेत्र में तैनात किया गया है, जो कानून व्यवस्था संभालेगी। डिड क्षेत्र में फ्लड पीएसी नावों से निरंतर निगरानी करेगी। इसके साथ ही छह से अधिक वॉच टावर भी बनाए जा रहे हैं।

# कल्पवासियों को सिलेंडर में लगी आग से बचने के लिए किया गया जागरुक



सिलेंडर में आग लगाकर बुझाने के तरीके बताते कर्मचारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद स्थित ढाईघाट मेले में फायर ब्रिगेड की टीम ने सिलेंडर में आग लगने के बाद कैसे बचें, इसके बारे में कल्पवासियों को जागरुक किया। साथ ही उदाहरण के साथ समझाया।

मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट व ढाईघाट स्थित मेला रामनगरिया में आग की घटनाओं को रोकने के लिए फायर ब्रिगेड टीमों की तैनाती की गयी है। टीमें कल्पवासियों को आग की घटनाओं से बचने के लिए जागरुक भी कर रही हैं। इसी कड़ी में शमशाबाद में टीम ने कल्पवासियों व दुकानदारों को सिलेंडर में आग लगने के बाद बचा कैसे जाये, इसके बारे में जागरुक किया।

फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया की जैसे ही आग लग जाए मौके पर कंबल, बालू, गीला बोरा, पानी की बाल्टी अवश्य रखें, क्योंकि इन चीजों से आसानी से सिलेंडर में लगी आग को बुझाया जा सकता है। शमशाबाद ढाईघाट मेले में कई जिलों से आये फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की तैनात की गयी है। जनपद की तरफ से प्रभारी हरिओम शर्मा, आशीष वर्मा, सुमित सिंह, राजवीर, राम प्रकाश आदि कर्मचारी मौजूद रही। इसके अलावा साधु संत, कल्पवासी व दुकानदार भी मौजूद रहे।

# डीएम ने मेला श्रीरामनगरिया में चित्र प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

▸ प्रदर्शनी का अवलोकन कर की सराहना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन करते डीएम



प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिलाधिकारी

नये भारत का नया उत्तर प्रदेश की अवधारणा तथा केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा श्री राम नगरिया मेला में लगायी गयी 01 माह की चित्र प्रदर्शनी का जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। डीएम ने चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शनी की सराहना की। डीएम ने आमजन से अपील की है कि प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठायें।

उल्लेखनीय है कि चित्र प्रदर्शनी में बेटियों के सम्मान के लिए संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, युवाओं के सपने साकार मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, आमजन के लिए चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), गरीबों के कल्याण हेतु अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, स्टार्ट इन यूपी, मातृ शक्ति के शिक्षा सुरक्षा व सम्मान के लिए ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, गौवंशो की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु मुख्यमंत्री निराश्रित, बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना, गरीबों के कल्याण को समर्पित सरकार डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना व मनरेगा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इसी प्रकार हुनर को सम्मान, मिली नई पहचान, एक जनपद एक उत्पाद योजना, सशक्त पंचायत, सशक्त प्रदेश, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन योजना, सबके साथ खड़े, सबके साथ बढ़े, वृद्धा आश्रम, स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर के लिए महिलाओं का सम्मान उज्ज्वला योजना, डिजिटल प्रदेश स्मार्ट प्रदेश, मेधावी छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण, जरूरतमंद गरीबों को छत, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास योजना के साथ-साथ प्रदेश में एक्सप्रेस-वे के विशाल नेटवर्क, सर्वाधिक एयरपोर्ट, डेटा सेण्टर हब, डिफेन्स कारीडोर, निवेश का सुरक्षित परिवेश, फर्रुखाबाद के विकास इत्यादि विषयों पर आधारित फ्लैक्स प्रदर्शित किये गये हैं। प्रदर्शनी का मुख्य विकास अधिकारी, जिलाध्यक्ष भाजपा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक जिला विकास अधिकारी व अन्य लोगों व पत्रकारों ने भी अवलोकन किया।

# एशियन कम्प्यूटर द्वारा नव वर्ष पर रंगारंग कार्यक्रम हुए आयोजित



कार्यक्रम में नृत्य करती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द्वारा नव वर्ष के स्वागत में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन जोगराज स्ट्रीट स्थित एशियन सभागार में हुआ। गीत, संगीत की धुन पर छात्र-छात्रों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। स्पून बैलून गेम में सौरव विजेता रहे। वहीं कप बैलून गेम में प्रवेश विजय हुए। डांस में अनामिका, अंकिता, राशि, स्मृति ने भाग लिया। कुश चौहान ने काव्य पाठ किया। केशव एवं शौर्य ने गीत लगाकर माहौल को रोचक बनाया। इस अवसर पर निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने सभी को नव वर्ष की बधाई दी। इस अवसर पर काउंसलर फाल्गुनी भैरवानी, फैकल्टी शैलेन्द्र मिश्रा, सुपर्णा मिश्रा, राधिका सोमवंशी सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं।

# आश्वासन के बाद धरना समाप्त, लगा पुनः सण्डे बाजार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



धरने पर बैठे सण्डे बाजार के व्यापारी

प्रशासन द्वारा सण्डे बाजार बंद करने की चेतावनी पर युवा व्यापारियों ने विरोध में धरना दिया। आधे घंटे के बाद ही आश्वासन के बाद सण्डे बाजार लग गया।

बीते कुछ दिन पूर्व संडे बाजार जो नेहरू रोड पर लगता है उसके अध्यक्ष नितिन गुप्ता से सण्डे बाजार न लगाने की चेतावनी दी थी। जैसे ही व्यापारियों को बात पता चली, व्यापारियों ने युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के नेतृतव में नेहरु रोड पर सुबह धरना दिया। कुछ देर बाद कोतवाली निरीक्षक पहुंचे और पुनः सण्डे बाजार लगाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद व्यापारियों ने धरना समाप्त किया और अपनी दुकानें खोल दी। धरना के दौरान पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद व्यापारी एकता जिंदाबाद के नारे लगाये गये। घुमना चौकी इंचार्ज, पल्ला चौकी इंचार्ज मौके पर फोर्स लेकर पहुंचे। पुलिस ने संडे बाजार को लगने की अनुमति दे दी। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ।

अंकुर श्रीवास्तव ने वीडियो जारी कर कहा था कि यदि संडे बाजार अपना तथा स्थान पर नहीं लगा तो व्यापार मंडल कोतवाली फर्रुखाबाद का घेराव करेगा, वह धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। संडे बाजार लगने पर व्यापारियों को बड़ी जीत मिली है।

# हवन पूजन के साथ सुन्दरकाण्ड पाठ समिति का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

▸ भक्तों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



हवन में आहूतियां देते समिति के लोग



सुन्दरकाण्ड पाठ में शामिल भक्तगण

श्री सुन्दरकाण्ड पाठ समिति द्वारा 26वां वार्षिकोत्सव स्टेट बैंक रोड अग्रवाल धर्मशाला में हवन पूजन के साथ मनाया गया। कवन सोकाज कठिन जगमाही, जो नहि होई तात तुम पाही।। 26वें वार्षिकोत्सव में हनुमान जी की झांकी सजायी गई और हवन पूजन के साथ चिंतामणि सुन्दरकाण्ड पाठ समिति द्वारा वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ।

प्रातः हनुमान जी का दिव्य श्रंगार के साथ मंगला दर्शन व विद्वान पंडित मनीष शुक्ला, पंडित निर्मल दीक्षित, पंडित कमलेश दीक्षित द्वारा वैदिक यज्ञ कर सुख समृद्धि की कामना की गई। मुख्य यजमान अशोक वर्मा सपत्नी वीना वर्मा एवं समिति के अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह किशोर, धश्याम बाजपेयी, प्रशांत सिंह, अनूप मिश्रा, अजीत वर्मा, सूर्यांश, आकृति, कीर्ति वर्मा, अनुराग वर्मा, वैभव प्रताप सिंह, आदेश अवस्थी, अनुराग पाण्डेय, रविन्द्र भदौरिया, संजय गर्ग, अभय दुबे आदि सदस्यों ने हवन में आहूतियां दी। लोक कल्याण हेतु सदस्यों ने सुंदर काण्ड पाठ सम्पन्न कराया। हनुमान जी की दिव्य झांकी के दर्शन व छप्पन भोग के साथ महाआरती की गई। अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह किशोर ने समिति के उद्देश्य रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार सुंदरकाण्ड पाठ कलयुग में महामंत्र है। इससे मानव जीवन में सुख समृद्धि व कष्टों का निवारण होता है।

समाज में लोक कल्याण, समरसता के भाव, सनातन धर्म की रक्षा करना, युवाओं में भारतीय एवं अध्यात्मिक संस्कार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में पहुंचकर विशिष्ठ अतिथियों ने सहयोग किया। इस मौके पर रामजी बाजपेयी, संजीव चौहान, धीरज पाण्डेय, संजय कटियार, श्याम सुंदर लल्ला, अशोक सक्सेना, श्रीकांत दुबे, राजेश पाल, अनिल प्रताप सिंह, प्रभाकर अग्निहोत्री, प्रभुदत्त मिश्रा, शिवम दुबे, प्रमोद कुमार आदि को सम्मानित किया गया। छप्पन भोग का प्रसाद एवं कन्या भोज के साथ भण्डारा सम्पन्न हुआ। वीना वर्मा, आकृति, कीर्ति, पिंकी, राधिका सोमवंशी, दीप्ती मिश्रा, अंजली बाजपेयी ने भोज कराया। इस मौके पर पवन गुप्ता, अनुपम तिवारी, नितेश वर्मा, चंदन शुक्ला, नागेश अग्निहोत्री, रवि रस्तोगी, डा0 शिवओम अम्बर, गौरहरि अग्रवाल, विवेक दीक्षित, भारत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा सेवा समिति द्वारा महरुपुर ईंट भट्टे पर बांटे गये गर्म कपड़े



कपड़े वितरित करते समिति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

मां गंगा सेवा समिति द्वारा गरीब व असहाय लोगों को महरुपुर ईंट भट्टे पर जाकर गर्म कपड़े वितरित किये गये। समिति के सदस्यों द्वारा निरंतर यह प्रयास जारी रहेगा। जिससे शीतलहर व ठंड के चलते जरुरतमंदों को निजात मिल सके। गर्म कपड़े पाकर भट्टे पर रह रहे मजदूर वर्ग के लोगों के चेहरे खिल उठे।

रविवार को महरुपुर स्थित ईंट भट्टे पर समिति के पदाधिकारियों ने गर्म कपड़े वितरित किये और आम जन मानस एवं समिति से अनुरोध किया किया अपने आसपास, निचले वर्ग के लोगों की मदद करें। जिससे भीषण सर्दी के चलते लोगों को राहत पहुंचे। जरुरतमंद गर्म कपड़े पाकर प्रसन्न हुए। इस मौके पर आलोक चतुर्वेदी, रवी मिश्रा, आशीष, नीटू मिश्रा, राहुल राठौर, राजेंद्र बाथम उपस्थित रहे।

# व्यापार मण्डल की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



बैठक में मौजूद व्यापारी

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में सुशील कुमार गिहार के टाउल हाल निवास पर सम्पन्न हुई।

बैठक में सण्डे बाजार चौक से नेहरु रोड पर आपातकालीन स्थिति एंबुलेंस आदि निकलने में हो रही परेशानी को देखते हुए प्रशासन ने उचित स्थान पर लगाने की चर्चा की थी। सण्डे बाजार क्रिश्चियन फील्ड, बजरिया रोड, ठंडी सड़क, नेहरु रोड पर बॉबी दुबे प्लाट या टाउनहाल आदि स्थानों पर लगाने का सुझाव दिया गया था।

रविन्द्र कुमार शाक्य ने सुझाव दिया कि सुबह जिस समय भक्त मंदिर जाने के लिए निकलते है, उस समय मुर्गी से लदी हुई गाड़ी निकलते ही जिससे बदबू आती है। ऐसे में उस समय गाड़ी न निकाले जाने की मांग की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुशील गिहार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर अजय मेहरोत्रा, लाखन सिंह, चंद्रप्रकाश दीक्षित, सूर्यप्रकाश भारद्वाज, विमलेश मिश्रा, प्रशांत शाक्य, मृत्युंजय वर्मा, विश्वनाथ गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सुधीर कुमार, महेश चन्द्र शाक्य, नरेश चन्द्र गुप्ता, मकसूर अंसारी, सौरव पाठक, योगेश गुप्ता, संजीव त्रिपाठी, ओमेन्द्र राजपूत, रवि राजपूत, अवनीश कुमार, देवेन्द्र कुमार, राजकुमार, अर्जुन शर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, अशोक कुमार शाक्य, राहुल सक्सेना, दीपक गवरानी, संजीव चौरसिया, रहीस अहमद, अजय कुमार, रमेश चन्द्र गिहार, अनुराग अग्निहोत्री, शैलेन्द्र शर्मा, बीएस यादव, रविशंकर चौहान, धीरेन्द्र वर्मा, आदित्य दीक्षित, राजू भारद्वाज, अभिषेक बाजपेयी, अनूप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, उमेश चन्द्र, राजवीर, गुरुदेव, अनुभव सारस्वत, दीपक कुमार, रविन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# सविता समाज 26 जनवरी को मनायेगा कर्पूरी ठाकुर की जयंती



बैठक में मौजूद समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

सविता समाज उत्थान समिति द्वारा 26 जनवरी को कर्पूरी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है।

समिति के पदाधिकारियों ने बैठक कर निर्णय लिया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जन नायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती 26 जनवरी को मनायी जायेगी।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव, गयालाल, कैप्टन हरिराम, रामनिवास, रामचन्द्र, राकेश, अनिल आदि मौजूद रहे।

# पार्सल उतारने से मना करने पर दबंगों ने टेंपो चालक को पीटा



जानकारी देता पीड़ित टेंपो चालक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के पुल गालिब पुलिया नगर पालिका के पास निवासी सूरज राठौर पुत्र सन्तोष राठौर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वह कायमगंज से फर्रुखाबाद तक टेंपो चलाता है। वह नगर के बाल गोपाल अस्पताल के पास अंकित गंगवार पुत्र नामलूम निवासी सुल्तानपुर थाना कायमगंज के यहाँ पार्सल लेकर आया। जहाँ अंकित गंगवार ने सूरज राठौर से पार्सल उतारने के लिए कहा, तो सूरज राठौर ने पार्सल उतारने से यह कहकर मना कर दिया कि भाई मेरे शरीर में दिक्कत है। आप पार्सल उतार लो। सूरज राठौर ने कहा कि वैसे ही जो पार्सल मंगाता है वह स्वयं उतारता है जिस पर अंकित गंगवार व उसके चाचा टेम्पो चालक सूरज को गालियाँ देने लगे। जब उसने गाली देने का विरोध किया, तो अंकित व उसके चाचा ने लाठी डन्डों से टेम्पो चालक सूरज के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में सूरज के शरीर में बन्द व आँख के पास खुली चोट आयी है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# पुलिस द्वारा अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

▸ 2.80 करोड़ के सौंपे गये मोबाइल फोन, 29 करोड़ की अवैध सम्पत्ति जब्त, 92 मुठभेड़ में 165 अपराधी गिरफ्तार, 2 को मृत्यु दण्ड, 1418 को 20 वर्ष से अधिक की सजा

अपराध के प्रति जीरो टॉलरनेस नीति पर कार्य करते हुए कानपुर परीक्षेत्र के उपमहानिरीक्षक हरीश चंदर के निर्देशन में वर्ष 2025 में संबंधित जनपदों में अपराध मुक्त समाज की स्थापना के निम्न की गई कार्यवाही का विवरण कानपुर परीक्षेत्र के उपमहानिरीक्षक द्वारा दी गई। जिसके अनुसार जनपद वार विवरण **कानपुर देहात**-मुठभेड़ की संख्या 16, इस दौरान गिरफ्तारी 24 लोंगों की और 21 शस्त्र की बरामदी की गई है। **वहीं जनपद इटावा** में पुलिस और अपराधियों के बीच 40 मुठभेड़, 75 गिरफ्तार और 86 असलहे बरामद। **औरैया** में 13 मुठभेड़, 25 गिरफ्तार, 19 असलहे बरामद। **फतेहगढ़-जिला फर्रुखाबाद** में 14 मुठभेड़, 28 गिरफ्तारी, 21 असलहे बरामद। **कन्नौज** में 9 मुठभेड़, 13 गिरफ्तार, 13 असलहे बरामद। कुल कानपुर परीक्षेत्र 92 मुठभेड़ हुई। जिसमें 165 अपराधी गिरफ्तार किये गये और 60 असलहे बरामद किये गये। **आपरेशन कन्विक्शन** के तहत कानपुर परीक्षेत्र में दो मृत्युदंड, आजीवन कारावास 116, 20 वर्ष से अधिक 1418 को सजा दिलायी गई। **वहीं साइबर अपराधियों पर की गई कार्यवाही** कानपुर परीक्षेत्र पंजीकृत अभियोग 653, गिरफ्तारी 118, फ्रीज रुपये 56 लाख, बरामद सम्पत्ति 79 लाख। **एचएस/जिला बदर में** एचएस खोली गई 207, जिला बदर की संख्या 212। चिन्हित किये गये भू-माफियाओं के विरुद्ध की गई कार्यवाही में 194, अभियोग पंजीकृत 2347, अवैध सम्पत्ति जब्तीकरण 29 करोड़, **शस्त्र बरामदगी** बरामद अवैध असलहे 653, पकड़ी गयी शस्त्र फैक्ट्री 108, गिरफ्तारी 648, मोबाइल बरामदगी 1452, जिसमें जनता को सुपुर्द किये गये 1305, वापस किये गये मोबाइलों की अनुमानित कीमत 2 करोड़ 80 लाख दर्शायी गई।

# एकता वेलफेयर सोसायटी द्वारा वितरित की गई चाय व पूड़ी-सब्जी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** एकता वेलफेयर सोसायटी द्वारा ठंड में प्रत्येक वर्ष 1 से 7 जनवरी के मध्य नि:शुल्क चाय का वितरण कार्येक्रम के 15 वर्ष पूर्ण होने पर चाय और कचौड़ी वितरण किया। जिसमें कई जरूरतमंदों व राहगीरों, मजदूरों, बच्चों, महिलाओं ने भोजन कर गरम चाय का आनंद उठाया।

एकता वेलफेयर सोसाइटी के सचिव सैयद रिजवान अली ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी से 7 जनवरी तक चलने वाला नि:शुल्क चाय वितरण कार्यक्रम का यह पंद्रहवां वर्ष है। इस अवसर लोगों ने कड़कड़ाती ठंड में गर्मागर्म चाय के साथ पूड़ी सब्जी का भी ज़ायका लिया। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में रोज एक हजार से अधिक राहगीर मजदूर, बच्चे व जरूरतमंद चाय पीते है। जिससे उन्हें इस ठंड में कुछ राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि आगे भी यह कार्य निरंतर चलता रहेगा। इस मौके पर सुहेल अहमद फारूकी, शमीम खान, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार राठौर, आनन्द प्रताप सिंह, अजय यादव, पंकज शुक्ला, संजय शुक्ला, तौसीफ़ अली, खुर्शीद आलम, राजेश यादव, अंसार सिद्दीकी, सोनू, उपेन्द्र यादव, दानिश आदि लोग मौजूद रहे।



चाय वितरण कार्यक्रम में मौजूद सोसायटी के लोग

# समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी संगठन का हुआ विस्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



मनोनयन पत्र के साथ नवीन पदाधिकारी

समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी के नेतृत्व में संगठन निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर संगठन का विस्तार कर जिला कमेटी में जिम्मेदारियां सौंपी गयी।

राहुल सिसोदिया को जिला मीडिया प्रभारी, जसराम सिंह को जिला सचिव, ऋषभ यादव को जिला सचिव, सलमान अहमद को जिला कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की विचारधारा को मजबूत करने और जन-जन तक बाबा साहब अंबेडकर के विचार पहुंचाने का दायित्व सौंपा गया। जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने कहा कि समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी केवल पद बांटने का संगठन नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, विचार और मेहनत से जुड़ा संगठन है। उन्होंने कहा कि हम निरंतर लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं और संगठन का विस्तार कर रहे हैं। जो लोग ज़मीनी स्तर पर मेहनत कर रहे हैं, वही जिम्मेदारी पा रहे हैं। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव व जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने पदाधिकारियों को बधाई दी।

# पत्नी से कहासुनी के बाद सिपाही ने खाया विषाक्त, बच गई जान

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



अस्पताल में भर्ती सिपाही।

कोंच सर्किल के थाना नदीगांव में तैनात सिपाही और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी को लेकर सिपाही ने विषाक्त का सेवन कर लिया।

सूत्रों के मुताबिक, बताया गया है कि 2020 बैच का सिपाही ब्रह्मजीत पत्नी से टेलीफोनिक वार्तालाप में हुई कहासुनी के बाद मानसिक तनाव में आ गया और डिप्रेशन के चलते उसने एकांत स्थान पर जंगल में जाकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। इस बात की जानकारी सिपाही ने पत्नी को भी फोन पर दे दी और मोबाइल बंद कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई आखिरी लोकेशन के आधार पर जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया और सिपाही को बेसुध हालत में खोजकर मेडिकल कालेज उरई पहुंचाया जहां उसका इलाज किया गया। समय से उपचार मिलने से सिपाही की जान बच गई। फ़िलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# जन आरोग्य मेले का 179 मरीजों ने उठाया लाभ

**कालपी (जालौन)।**



स्वास्थ्य मेले में मरीजों को देखते चिकित्सक

शासन की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, चुर्खी, बाबई, न्यामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 179 मरीजों का उपचार करके स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया।

रविवार को सुबह 10 से 4 बजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 73 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 40 पुरुष व 33 महिला मरीज शामिल रहे। महिला चिकित्सक डॉ रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 22 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बाबई में डा. विनोद कुमार की चिकित्सकीय टीम के द्वारा 21 मरीजों व पीएचसी चुरखी में डा. कौशल कुमार की अगुवाई में आयोजित मेले में 31 रोगियों का उपचार किया गया तथा न्यामतपुर चिकित्सालय में डाक्टर आदर्श गौतम के नेतृत्व में आयोजित मेले में 31 मरीजों का इलाज हुआ। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

## खबरें एक नजर में

### 50 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में जिला मिशन प्रबंधक पर एफआईआर, जांच में दोषी पाए जाने पर हुई कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) से जुड़े एक गंभीर भ्रष्टाचार के मामले में निवर्तमान जिला मिशन प्रबंधक के खिलाफ कोतवाली सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जांच में दोषी पाए जाने के बाद मिशन निदेशक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, कासिम अली, जो कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिला मिशन प्रबंधक (एसएमसीबी) के पद पर कार्यरत थे, पर आईपीआरपी में चयन कराने के नाम पर 50,000 रुपये रिश्वत लेने का आरोप सिद्ध हुआ है।
यह मामला आईजीआरएस के माध्यम से सामने आया था। शिकायतकर्ता सीमा सिंह मौर्य, ब्लॉक मिशन मैनेजर, विकास खंड फूलबेहड़ तथा प्रवीत उमराव, ब्लॉक मिशन मैनेजर, विकास खंड फूलबेहड़ द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतों के क्रम में जिला विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि अमन देवी, पत्नी जयपाल सिंह, निवासी जगनपुरवा, मजरा लोधौरी, विकास खंड निघासन से आईपीआरपी में चयन कराने के लिए 50,000 रुपये की मांग कर राशि ली गई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर कासिम अली को दोषी ठहराया गया। इसके आधार पर मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा कासिम अली की सेवाएं संबंधित आउटसोर्सिंग फर्म को वापस कर दी गईं तथा उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। मिशन निदेशक के आदेश के अनुपालन में उपायुक्त स्वतः रोजगार, लखीमपुर खीरी जितेंद्र कुमार मिश्र द्वारा कोतवाली सदर थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर अभियोग दर्ज कराने का अनुरोध किया गया। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि आरोपी के कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है तथा यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। थाना कोतवाली सदर में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी सदर को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सभी तथ्यों की गहनता से जांच की जाएगी तथा साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में मारपीट, महिला गंभीर रूप से घायल, चार लोगों पर एफआईआर दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सिकटिहा में जमीनी विवाद को लेकर एक ही परिवार के लोगों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। इस घटना में एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहल्ला सिकटिहा निवासी ज्ञानेन्द्र वर्मा पुत्र स्वर्गीय गार्गीनन्दन वर्मा का अपने भाई रविन्द्र वर्मा से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि न्यायालय द्वारा विवादित भूमि पर स्थगन (स्टे) आदेश जारी होने के बावजूद आरोपियों ने शुक्रवार सुबह करीब 8ः30 बजे उस जमीन पर अवैध रूप से तार लगाकर कब्जा करने का प्रयास किया। जब ज्ञानेन्द्र वर्मा ने इसका विरोध किया तो उनके भाई रविन्द्र वर्मा, उनकी पत्नी सुमन वर्मा तथा पुत्र सन्दीप और सुमित ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पीड़ित के पुत्र विकास और पत्नी निर्मला बीच-बचाव के लिए बाहर आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इस हमले में निर्मला वर्मा को दाहिने कंधे और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार में भय का माहौल है। किसी तरह जान बचाकर पीड़ित पक्ष घर के पीछे की ओर भागने में सफल रहा। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर को दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविन्द्र वर्मा, सुमन वर्मा, सन्दीप और सुमित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक संचित यादव को सौंपी गई है।

### जुआं खेल रहे पांच अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 11300 रुपये, 4 मोबाइल व दो बाइक बरामद



**बांदा।** थाना मटौंध पुलिस द्वारा हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है । गौरतलब हो कि बीती देर रात्रि थाना मटौंध पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर शराब के ठेका के पास कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है । सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर छापेमारी करते हुए 05 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया । मौके से माल फड़ व तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 11300 रुपये व 02 मोटरसाइकिलों को पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर दोनों मोटरसाइकिलों को सीज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में हरिश्चन्द्र पुत्र घनश्याम निवासी कस्बा मटौंध थाना मटौंध जनपद बांदा,रोहित पुत्र जागेश्वर निवासी कस्बा मटौध थाना मटौंध जनपद बांदा,प्रेम बाबू पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी गुरहाथोक कस्बा मटौंध थाना मटौंध जनपद बांदा, अनुराग पुत्र हिम्मत सिंह निवासी हरसिंगथोक कस्बा मटौंध थाना मटौंध जनपद बांदा,बालेन्द्र पुत्र गुलाब सिंह निवासी हरसिंहथोक कस्बा मटौंध थाना मटौंध जनपद बांदा हैं।

### ग्राम प्रधान भानु वाजपेई ने किया कथावाचक का सम्मान



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत जरौली के पासापुर गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान ग्राम पंचायत जरौली के प्रधान भानु बाजपेई ने पहुंचकर कथावाचक युवराज सिंह का माल्यार्पण और अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कथा व्यास ने कहा कि कथा श्रवण से भगवान की भक्ति जाग्रत होती है। संसार में चारों ओर माया-मोह व्याप्त है। इसमें फंसकर मनुष्य अपना अनमोल जीवन नष्ट कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि मोह-माया का त्याग कर मन को भक्ति में लगाने से ही कल्याण संभव है। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई अमित शुक्ला गणेश शंकर तिवारी अमर सिंह सानू बाजपेई विवेक बाजपेई रामू शर्मा संजय वर्मा वसंत वर्मा वासुदेव सुमित मनीष गौतम रामसागर वर्मा रामू वर्मा सहज राम सिंह प्रमोद वर्मा राजेश गौतम रामसमुझ वर्मा सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बदोसराय कोतवाली अंतर्गत शहरी गांव में शनिवार देर रात एक विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर बदोसराय पुलिस और रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत मौके पर पहुंचीं। सूचना पर पहुंचे तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने महिला का पंचायतनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक महिला की पहचान शहरी गांव निवासी रूबी उम्र करीब 22 वर्ष पत्नी इस्तखार उर्फ चांद बाबू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रूबी की शादी लगभग एक वर्ष पहले हुई थी और उसकी ढाई माह की एक पुत्री है। उसका मायका टिकैतनगर थाना क्षेत्र के जीवल गांव में है। घटना की सूचना पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए, लेकिन उन्होंने अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इस संबंध में रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत ने बताया कि पुलिस को एक महिला की संदिग्ध मौत की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। यदि शिकायत मिलती है, तो उस पर जांच की जाएगी। आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले आयोजित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** बदोसराय, सैदनपुर और महमूदाबाद स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आयोजित इस मेले में कुल 124 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। बदोसराय के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. संतोष कुमार शुक्ला, फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्रा, वार्ड ब्वॉय त्रिभुवन सिंह, एसएम धीरेन्द्र वर्मा, एलटी शुभम अवस्थी और एएनएम ज्योति यादव की टीम मौजूद रही। यहां 39 मरीजों की जांच कर उन्हें सर्दी, जुकाम और बुखार से संबंधित दवाएं दी गईं।इसी क्रम में, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ. अन्विता पांडे, फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा, एसएलए रामतीरथ गौतम और वार्ड ब्वॉय राजबहादुर की उपस्थिति में 41 मरीजों को देखा गया और दवाएं वितरित की गईं।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर में डॉ. संजय गुप्ता, फार्मासिस्ट वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, वार्ड ब्वॉय शिवाकान्त सिंह, स्वास्थ्य सलाहकार अनूप कुमार जायसवाल और पुरुष नर्स शैलेंद्र कुमार की टीम ने 44 मरीजों का परीक्षण किया।सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने लोगों से अपील की कि बदलते मौसम के कारण जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या है, तो वे समय रहते सूचित करें ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके।

# 251 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन

- आठ पालियों में संपन्न हुआ महायज्ञ, लाखों श्रद्धालुओं की सहभागिता, रक्तदान शिविर से दिया सेवा का संदेश



**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

निघासन क्षेत्र में आयोजित 251 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ इन दिनों पूरे अंचल में आस्था, साधना और सेवा का विराट केंद्र बनकर उभरा है। यह महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सशक्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। भव्य आयोजन और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु महायज्ञ स्थल पर पहुंच रहे हैं।

महायज्ञ का आयोजन आठ पालियों में किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए लाखों गायत्री परिजनों ने सहभागिता की। यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित कीं। मंत्रों की गूंज और यज्ञाग्नि से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया, जिससे संपूर्ण निघासन क्षेत्र यज्ञमय नजर आया।

**मां भगवती भोजनालय में सेवा का अनुपम उदाहरण:** महायज्ञ परिसर में संचालित मां भगवती भोजनालय सेवा और समर्पण का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है। यहां श्रद्धालुओं के लिए निरंतर निःशुल्क भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति के अनुसार अब तक लाखों श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण कर चुके हैं। भोजनालय का संचालन अनुशासन, स्वच्छता और सेवा भाव के साथ किया जा रहा है, जिसमें स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। महायज्ञ स्थल पर लगाई गई भव्य प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रदर्शनी में अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन, विचार और साधना को चित्रों, झांकियों और संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही 'भटका हुआ देवता' मंदिर एवं समाधि स्थल का भी निर्माण किया गया है, जहां श्रद्धालु दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। महायज्ञ परिसर में स्थापित पुस्तकालय एवं साहित्य स्टॉल पर पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित साहित्य उपलब्ध कराया गया है। श्रद्धालु इन पुस्तकों को गुरुदेव का प्रसाद मानकर ग्रहण कर रहे हैं और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प ले रहे हैं।

**संस्कारों के माध्यम से समाज निर्माण का संदेश:** महायज्ञ के दौरान दीक्षा संस्कार, मुंडन संस्कार, पुंसवन संस्कार, विद्यारंभ संस्कार सहित विभिन्न वैदिक संस्कार भी संपन्न कराए जा रहे हैं। इन संस्कारों के माध्यम से संस्कारित, सशक्त और जागरूक समाज निर्माण का संदेश दिया जा रहा है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन



महायज्ञ के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में मानव सेवा और सामाजिक दायित्व की सशक्त झलक देखने को मिली। शिविर में आशीष कनौजिया ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनके इस सराहनीय कदम से शिविर में मौजूद श्रद्धालुओं और युवाओं को प्रेरणा मिली। रक्तदान के बाद आशीष कनौजिया ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर ऐसे सेवा कार्यों में सहभागिता करने का आह्वान किया। शिविर में तैनात चिकित्सकीय टीम ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित और नियमानुसार रक्त संग्रह किया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य महायज्ञ की मूल भावना को साकार करते हैं।
**श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम:** आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य सेवा केंद्र, सहायता काउंटर, चरण पादुका स्टोर सहित अनेक व्यवस्थाएं की गई हैं। स्वयंसेवक पूरे समर्पण भाव से व्यवस्थाओं को संभालते नजर आ रहे हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## ठिठुरती सर्दी में गरीबों को बांटे कंबल



**बाँदा।** लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए गरीबो असहायों को ठंड से बचाने के मकसद से रब्बानी ट्रस्ट की तरफ से लगातार शहर में कम्बल वितरण किये जा रहे है। इसी कड़ी में रविवार की दोपहर काशीराम कालोनी हरदौली घाट में रब्बानी ट्रस्ट की जानिब से अमीर शोबाए तबलीग सैय्यद आबिद राबबनी और उनकी टीम ने सैकड़ों गरीब असहाये परिवारों को कम्बल वितरण किये । ठिठुरती सर्दी में में कम्बल पाकर गरीबों ने सैय्यद आबिद रब्बानी और उनकी टीम को दुआएं दीं। इस मौके पर सैय्यद आबिद रब्बानी के साथ मोहम्मद हनीफ रब्बानी, शाहरुख खान, कय्यूम, आमिर रब्बानी आदि मौजूद रहे ।

## गुरु गोविन्द सिंह के प्रकाश उत्सव पर मैगलगंज में शोभायात्रा व नगर कीर्तन

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सिख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविन्द सिंहजी के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर रविवार को मैगलगंज कस्बे में भव्य शोभायात्रा एवं नगर कीर्तन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। धार्मिक उल्लास से सराबोर यह शोभायात्रा औरंगाबाद स्थित फरिया पिपरिया गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई मैगलगंज गुरुद्वारे पर संपन्न हुई।

शोभायात्रा में गुरु ग्रंथ साहिब की पावन सवारी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। नगर कीर्तन के दौरान पंजाब प्रांत से आई प्रसिद्ध बीर खालसा गतका पार्टी के कलाकारों ने पारंपरिक सिख युद्धकला का अद्भुत प्रदर्शन किया। तलवार, भाले एवं अन्य शस्त्रों के माध्यम से किए गए हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।

प्रकाश उत्सव के अवसर पर सेवा भावना के अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थानों पर लंगर की व्यवस्था की गई, जहां श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं सेवादारों द्वारा अनुशासन और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया।

शोभायात्रा के शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ अग्निशमन वाहन भी मौके पर मौजूद रहा।

### ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

**नरैनी/बांदा।** दहेज कम मिलने और लगातार प्रताड़ित करने पर ससुराली जनों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।सास ससुर नन्द समेत पति द्वारा लगातार शादी के बाद से प्रताड़ित किए जाने का आरोप। नरैनी कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी रश्मि पुत्री सुरेन्द्र पाठक ने गिरवा थाना में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते वर्ष 2022 में उसकी शादी महुआ गांव में हुई थी।शादी के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग कर उसे शारीरिक यातनाएं और परेशान करने लगे।साथ ही ससुराल के लोग पीड़िता को नहीं ले जा रहे थे।लगातार दहेज को लेकर आए दिन ताने मारते थे।पीड़ित रश्मि लगातार ससुरालियों के जुल्म का शिकार होती रही।पीड़िता अपने पिता को थाने ले जाकर आरोपी पति सचिन ससुर ठाकुरदीन सास गीता देवी,ननद दया देवी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित मारपीट की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## बांदा रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को किया कंबल व गरम कपडों का वितरण

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सह संरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष रिज़वान अली के नेतृत्व में, ग्राम प्रधान ग्राम चहितारा कारेलाल प्रजापति जी की उपस्थिति में,समाजसेवी श्रीमती अंजुम बानो अध्यापिका के द्वारा दान किये गए 20 कम्बल और बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए गरम कपड़े,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम चहितारा ब्लॉक बड़ोखर तहसील बाँदा जनपद बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, यातायात तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम और महिला महामंत्री रिया खान के द्वारा जागरूक किया गया,सदस्य निहाल खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त कम्बल, कपड़े आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाँदा रोटी बैंक से शाखा प्रमुख खाईपार इरफान खान, उप शाखा प्रमुख छिबहरी अलीमुद्दीन, शहाना खान समाजसेवी ग्राम चहितारा महेश, राकेश कुमार, शिवनरेश तिवारी, कौशल, परदेसी लाल आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## जाली नोटों के तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

- पुलिस ने गिरोह के दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, 1,12,500 रूपये मूल्य के जाली नोट, उपकरण बरामद



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के मार्गदर्शन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के नेतृत्व में आज थाना कोतवाली नगर एवं एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा नकली भारतीय मुद्रा के निर्माण एवं प्रचलन में संलिप्त एक संगठित अन्तरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भारी मात्रा में जाली करेंसी बरामद की गई है । गौरतलब हो कि पुलिस को मुखबिर के माध्यम से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के कनवारा चौराहे के पास महोबा रोड की ओर से नकली भारतीय मुद्रा लेकर आ रहे हैं तथा उन्हें बाजार में खपाने की फिराक में हैं । सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्काल संदिग्धों की चेकिंग शुरु की गई । चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में खड़े दो व्यक्तियों से पूछताछ की गई, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे । पुलिस बल द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों व्यक्तियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया । कड़ाई से पूछताछ करते हुए तलाशी लेने पर अभियुक्तों के कब्जे से जाली कुल 1,12,500 जिसमें 500 के 225 नकली भारतीय मुद्रा नोट बरामद किए गए, जिनकी जांच में तथ्य सामने आया कि सभी नकली नोटों पर एक ही सीरियल नंबर अंकित था, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि नोट सुनियोजित रूप से तैयार किए गए थे। अभियुक्तों की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से नकली नोट बनाने में प्रयुक्त उपकरण/सामग्री, प्रिंटर, विभिन्न रंगों की इंक बोतलें (ब्लैक, सायन, मैजेंटा), कटर, फ्रेम, टेप, ब्रश, इमल्शन, डाई, पीवीसी शीट, विशेष प्रकार का कागज एवं अन्य तकनीकी सामग्री बरामद हुई, जिससे नकली भारतीय मुद्रा तैयार की जा रही थी । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि वे असली 500 के नोटों का उपयोग कर उनकी नकल तैयार करते थे तथा सुनियोजित तरीके से इन्हें बाजार में चलाने की योजना बना रहे थे । अभियुक्तों के अन्य सहयोगियों तथा गिरोह के नेटवर्क के बारे में विस्तृत जांच की जा रही है । प्रकरण के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है । बांदा पुलिस आर्थिक अपराधों, जाली मुद्रा जैसे राष्ट्रविरोधी कृत्यों एवं संगठित गिरोहों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं । गिरफ्तार अभियुक्तों में राजाराम पुत्र अयोध्या निवासी उटियां थाना कबरई जनपद महोबा व राहुल सिहं पुत्र राजू सिंह निवासी पिडारी थाना कबरई जनपद महोबा शामिल हैं।

## दो ड्राइवरों की अनिवार्यता को लेकर प्रवर्तन टीमों ने चलाया विशेष अभियान

- हमेशा सतर्क रहें, सुरक्षित रहने को लेकर ड्राइवरों में बांटे जागरूकता पम्पलेट
- चार ओवरलोड़ वाहन सीज, 41 अन्य अभियोगों में किये चालान



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जनपद मे प्रवर्तन टीमो ने व्यावसायिक वाहनों के लिए दो ड्राइवरों की अनिवार्यता को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान प्रवर्तन टीमो ने चालको को जागरुक करते हुये लंबी दूरी और रात के समय दो ड्राइवरों की तैनाती, ड्राइविंग के दौरान फोन का उपयोग न करने एंव ओवरलोडिंग न करने को लेकर जागरुक किया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने 25 चालान करते हुये चालको को एक-दूसरे की ड्राइविंग पर ध्यान देने, थकान के लक्षण दिखते ही आराम करने, एआई-आधारित डैशकैम जैसे तकनीक का उपयोग करें जो मोबाइल देखने या लापरवाही से बचने में मदद कर सकते हैं। हमेशा सतर्क रहें, सुरक्षित रहने को लेकर जागरुक कर पम्पलेट बांटे। तथा नियमो का पालन करने का संकल्प दिलाया। तो वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने 4 ओवरलोड़ वाहनो को माती चौकी, 1 डग्गामार बस का चालान व 15 अन्य अभियोग मे चालान किये। तथा भारी वाहन ड्राइवरो को हमेशा तय गति सीमा के अंदर ही गाड़ी चलाने को लेकर जागरुक किया।

### बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर बाइक सवारों ने साइकिल में टक्कर मार दी गई, जिससे साइकिल सवार किशोरी एवं बाइक सवाल युवक घायल हो गए। घायल किशोरी को प्राथमिक उपचार के बाद डॉ राम मनोहर लोहिया और फिर वहां से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया वहीं घायल बाइक सवारों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मनीपुर गांव निवासी रामदीन लोधी की 13 वर्षीय पुत्री दिव्या क्षेत्र के केल्हनुआ गांव निवासी रिश्तेदार के घर से अपने घर आ रही थी। दोपहर लगभग एक बजे जब वह साइकिल लेकर हैदरगढ़ बछरावां मार्ग पर बाबा के पुरवा गांव के निकट पहुंची तभी बाइक से सामने से आए इसी थाना क्षेत्र के बस्ती गंज मजरे पोखरा गांव निवासी हंसराज पुत्र मुन्नीलाल 28 वर्ष एवं शिव बहादुर पुत्र मुंशी 22 वर्ष ने साइकिल में टक्कर मार दी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसआईआर के दूसरे चरण को लेकर की बैठक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



लोक निर्माण अतिथि गृह सिरौलीगौसपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसआईआर के दूसरे चरण को लेकर एक बैठक की। यह बैठक पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह के नेतृत्व में दोपहर करीब 3 बजे आयोजित की गई।कार्यकर्ताओं को नए बनने वाले मतदाताओं की बूथ-वार सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। इस सूची में मतदाताओं के मोबाइल नंबर भी शामिल होने चाहिए। इसकी मूल प्रति 7 जनवरी तक जिला कार्यालय में जमा करनी होगी।इसके अतिरिक्त, शक्ति केंद्र संयोजकों की बैठक बुलाकर उन्हें बूथ के अनुसार फॉर्म 6, 7 और 8 वितरित करने को कहा गया। यह सुनिश्चित किया जाना है कि ये फॉर्म एक-दो दिन के भीतर बूथ अध्यक्षों तक पहुंच जाएं।मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी ने सभी कार्यकर्ताओं से एसआईआर के कार्यों को जिम्मेदारी के साथ पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की यह जिम्मेदारी है कि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचन सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। बैठक में कोषाध्यक्ष दया शंकर शुक्ला, अनिल पांडे, रामविजय यादव, विनोद वर्मा, अनिल कनौजिया सहित विभिन्न शक्ति केंद्र संयोजक उपस्थित रहे।

## पच्चीस लाख के 133 मोबाइल बरामद, पुलिस ने मोबाइल मालिकों को सौंपा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए करीब 25 लाख रुपये कीमत के 133 मोबाइल फोन बरामद किये गए, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइलों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा आमजनता के मोबाइल फोन गुम होने की प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सर्विलांस सेल व समस्त थानों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सर्विलांस सेल व थाना स्तर की संयुक्त टीमों ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर एक विशेष अभियान के तहत, CEIR पोर्टल (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) का उपयोग करके तकनीकी विश्लेषण और ट्रैकिंग के माध्यम से गुमशुदा हुए 133 मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन बरामद मोबाइल फोनों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। चार जनवरी को पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बरामद मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए। अपने खोए हुए फोन वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता प्रकट करते हुए बाराबंकी पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। बाराबंकी पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे अपने खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की शिकायत तुरंत अपने निकटतम पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं या सीधे CEIR पोर्टल पर ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज करें, यह पोर्टल खोए हुए मोबाइल फोन को शीघ्रता से ट्रैक करने, ब्लॉक करने और बरामद करने में मदद करता है।